दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — सुराग और किडनैपरों से चंद कदम दूर...
4 रविवारीय — क्या आप भी उम्र से पहले बच्चों को भेज...
9 मनोरंजन/व्यापार — सारा से मिलाने के लिए रणवीर के अहसानमंद...
11 खेल — सानिया की कोर्ट पर शानदार वापसी...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, रविवार 19 जनवरी 2020, माघ कृष्ण पक्ष-दशमी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-05 अंक-278 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

ये भी खूब रही। मध्यप्रदेश में उपसचिव पद पर पदस्थ एक आला अफसर नियाज खान जो लेखक भी है ने पीएम मोदी को सुझाव दिया है कि भ्रष्ट अफसरों और कर्मचारियों पर एनआरसी लागू करें। उनका कहना है कि जो कोई भी भ्रष्ट है उसे भारतीय नागरिक होने का कोई अधिकार नहीं है। ऐसे भ्रष्ट लोगों को देश से बाहर निकाला जाएगा तभी भारत स्वच्छ होगा। सुझाव बहुत बढ़िया है लेकिन दिक्कत यह है कि यदि सारे भ्रष्टाचारियों को खदेड़ दिया गया तो देश में बचेगा कौन? कहते है न कि सौ में 90 बेईमान फिर भी मेरा भारत महान।

स्ट्रेचर, व्हील चेयर से ढो रहे दवा और फाइलें, कंधों के सहारे मरीज

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि सिम्स अस्पताल में मौजूद स्ट्रेचर, व्हील चेयर मरीजों के लिए नहीं, बल्कि अस्पताल की फाइलें और दवाइयों के कार्टून ढोने के लिए हैं। जबकि परिजन मरीजों को कंधों के सहारे व उन्हें उठाकर ले जाने के लिए मजबूर हैं। अस्पताल में शनिवार को यह नजारा देखने को मिला। लिहाजा यहां आने वाल मरीजों के मुंह से यही सवाल सुनने को मिलता है कि आखिर सिम्स अस्पताल में फैली ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पैर में फ्रैक्चर, उठाकर ले गए दोस्त

बिलासपुर विश्वविद्यालय के छात्र सूर्यप्रकाश (24) का गिरने से पैर फ्रैक्चर हो गया जिसे उपचार हेतु उसके दोस्त सिम्स लेकर पहुंचे। काफी खोज के बाद भी स्ट्रेचर, व्हील चेयर नहीं मिलने से हताश होकर दोस्त उसे उठा कर आर्थोपेडिक वार्ड लेकर गये।

बिलासपुर के सिम्स अस्पताल का वाकया

पुलिसकर्मी ने छात्रा को गोद में उठा लेकर गए ओपीडी तक

स्कूल में अचानक बेहोश होकर एक छात्रा गिर गई। जिसे डॉयल 112 के पुलिस कर्मी छात्र सिम्स आपात चिकित्सा में लेकर पहुंचे। वाहन खड़े कर कुछ देर स्ट्रेचर, व्हील चेयर का इंतजार किया। लेकिन अंत में उन्हें छात्रा को गोद में उठाकर ही ओपीडी तक पहुंचना पड़ा।

निर्भया: दोषी पवन नाबालिग था या नहीं? सुनवाई कल

नई दिल्ली ए.। निर्भया गैंगरेप और मर्डर केस मामले में दोषी पवन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 20 जनवरी को सुनवाई करेगा। दोषी पवन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी। पवन ने सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पीटिशन (एसएलपी) याचिका दाखिल करके कहा है कि अपराध के समस वह नाबालिग था। दिल्ली हाईकोर्ट ने दोषी पवन की नाबालिग होने की याचिका खारिज कर दी थी। दोषी के वकील एपी सिंह ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफयाचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई। गौरतलब है कि यह बात इससे पूर्व अपीलों में भी उठाई जा चुकी है, जिन्हें अदालत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राष्ट्रपति ने खारिज की दया याचिका

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने निर्भया बलात्कार और हत्या मामले के दोषी मुकेश सिंह की दया याचिका शुक्रवार को बिना किसी देरी के खारिज कर दी। मुकेश 2012 के निर्भया सामूहिक बलात्कार मामले के चार दोषियों में से एक है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रपति द्वारा याचिका खारिज करने की जानकारी दी है। मुकेश सिंह ने कुछ दिन पहले ही दया याचिका दायर की थी। एक अधिकारी ने बताया, गृह मंत्रालय ने विचार के बाद याचिका को अस्वीकार करने की दिल्ली के उपराज्यपाल की सिफारिश को ही आगे बढ़ाते हुए अपनी सिफारिश राष्ट्रपति के पास भेज दी थी।

जम्मू-कश्मीर में मोबाइल सेवा चालू 10 जिलों में 2जी इंटरनेट भी बहाल

श्रीनगर ए.। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद लागू किए गए प्रतिबंध धीरे-धीरे हटाए जा रहे हैं। प्रशासन ने अब प्रीपेड सिम काड्‌र्स पर वॉइस और एसएमएस सेवा बहाल कर दी है। साथ ही पोस्टपेड पर इंटरनेट भी बहाल कर दिया गया है। इसके अलावा 36 केंद्रीय मंत्री जम्मू-कश्मीर में विकास संबंधी कार्यों को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए दौरा करेंगे। जम्मू-कश्मीर के प्रिंसिपल सेक्रटरी रोहित कंसल ने बताया कि बारीकी से समीक्षा के बाद प्रशासन ने आदेश दिया है कि जम्मू-कश्मीर में सभी स्थानीय प्रीपेड सिम काड्‌र्स पर वॉइस और एसएमएस सेवा दोबारा शुरू कर दी जाएंगी। इसके साथ ही जम्मू के सभी 10 जिलों में पोस्टपेड पर इंटरनेट सेवा भी बहाल कर दी गई है। हालांकि, अभी बडगाम, गंडरबल, बारामुला, श्रीनगर, कुलगाम, अनंतनाग, शोपियां और पुलवामा में इंटरनेट सेवा बंद रहेगी।

केन्द्रीय मंत्रियों का जम्मू-कश्मीर दौरा शुरू

नई दिल्ली (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को समाप्त करने तथा राज्य के विभाजन के बाद सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और विकास योजनाओं की निचले स्तर तक जानकारी देने के लिए केन्द्रीय मंत्रियों के राज्य के अलग हिस्सों का दौरा शनिवार से शुरू हो गया। 36 केंद्रीय मंत्री 18 से 24 जनवरी के बीच जम्मू में 50 से अधिक और कश्मीर में आठ-नौ स्थानों पर जायेंगे और आम लोगों से सीधी बातचीत कर स्थिति का जायजा लेंगे। पहले दिन शनिवार को संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी चौबे और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह जम्मू क्षेत्र का दौरा करने गये लेकिन खराब मौसम की वजह से मंत्री समूह को ले जाने वाला विमान जम्मू में नहीं उतर सका और उसे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खास खबर

सीएए असंवैधानिक, इसे खत्म किया जाना चाहिए : चिदंबरम

कोलकाता, (वार्ता)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने शनिवार को कहा कि नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) असंवैधानिक है और इसे खत्म कर देना चाहिए। उन्होंने साथ ही कहा कि राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) एक ही जैसे हैं। श्री चिदंबरम यहां सीएए के खिलाफ पार्टी के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि सीएए असंवैधानिक और यह भेदभावपूर्ण कानून है तथा इसे तुरंत खत्म कर देना चाहिए। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि एनपीआर और एनआरसी भी एक ही चीज है और यह भी भेदभावपूर्ण है। कांग्रेस इसका समर्थन नहीं करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यसमिति की हाल में दिल्ली में बैठक हुई थी जिसमें प्रस्ताव लाकर सीएए और एनआरसी का विरोध करने का फैसला किया।

साध्वी प्रज्ञा को संदिग्ध लिफाफे भेजने वाला डॉक्टर गिरफ्तार

भोपाल ए.। भोपाल से सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को संदिग्ध लिफाफे भेजने वाले शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी महाराष्ट्र के नांदेड़ का निवासी है, जिसे वहीं से गिरफ्तार कर लिया गया। सांसद प्रज्ञा ने संदिग्ध लिफाफे में जहरीले रसायन पदार्थ होने की आशंका जताई थी। खबरों के मुताबिक आरोपी को महाराष्ट्र के नांदेड़ से मध्य प्रदेश के भोपाल लाया जा रहा है, जहां उससे पूछताछ की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, आरोपी पेशे से डॉक्टर है और वह पिछले कुछ समय से पुलिस की रडार पर चल रहा था।

माफी के सुझाव पर निर्भया के पिता भी भड़के

सोनिया जितना हमारा 'बड़ा दिल' नहीं

निर्भया गैंगरेप के दोषियों को माफी देने का सुझाव देकर वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह चौतरफा घिर गई हैं। निर्भया की मां के बाद अब उनके पिता ने भी इंदिरा पर हमला बोला है। पिता ने कहा कि उनके परिवार का इतना 'बड़ा दिल' नहीं है जितना कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का है। उन्होंने जयसिंह से माफी मांगने के लिए भी कहा, जो फांसी की सजा के खिलाफअपने रुख के लिए जानी जाती हैं।

आपको बता दें कि जयसिंह ने शुक्रवार को एक ट्वीट कर कहा था कि वह निर्भया की मां के दर्द से पूरी तरह अवगत हैं लेकिन उन्हें सोनिया गांधी के उदाहरण का अनुसरण करना चाहिए जिन्होंने नलिनी को माफ कर दिया था और कहा था कि वह उसके लिए मौत की सजा नहीं चाहतीं। नलिनी श्रीहरन को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में मौत की सजा सुनाई गई थी।

उन्हें शर्मिंदा होना चाहिए

पिता ने कहा, 'वह (इंदिरा जयसिंह) खुद औरत हैं। उन्हें अपने बयानों के लिए शर्मिंदा होना चाहिए और निर्भया की मां से माफी मांगनी चाहिए।' उन्होंने कहा, 'हम सात वर्षों से इस मामले को लड़ रहे हैं। हम आम आदमी हैं न कि नेता। हमारा दिल सोनिया गांधी जी जितना बड़ा नहीं है।' उन्होंने कहा, 'इस तरह की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छेड़खानी के आरोपियों ने पीड़िता की मां को पीटकर मार डाला

कानपुर ए.। उत्तर प्रदेश के कानपुर में छेड़खानी की शिकार हुई नाबालिग लड़की की मां और मौसी को कुछ दिन पहले आरोपियों ने बुरी तरह मारा पीटा था। इलाज के दौरान पीड़िता की मां की मौत हो गई थी। इस मामले में तीन आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका था। शनिवार सुबह हुए एक एनकाउंटर में पुलिस ने दो और आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने भाग रहे आरोपियों परवेज और आबिद के पैर में गोली मारकर उन्?हें पकड़ा। इस मामले में अब तक कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कानपुर के जाजमऊ क्षेत्र में साइकल रिपेयरिंग का काम करने वाले शख्स की बेटी से 2018 में एक टैनरी में रेप की कोशिश की गई थी।

शबाना आजमी और जावेद अख्तर की कार ट्रक से टकराई, शबाना घायल

मुंबई। बॉलिवुड की वेटरन ऐक्ट्रेस शबाना आजमी मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर सड़क दुर्घटना में घायल हो गई हैं। शबाना की कार की टक्कर ट्रक से हो गई। दुर्घटना में अभिनेत्री बुरी तरह घायल हो गईं। घटना के बाद उन्हें तुरंत पनवेल के एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। कार में शबाना आजमी के साथ पति जावेद अख?तर भी सवार थे। हालांकि, उन्?हें कोई चोट नहीं आई है। शबाना आजमी के ड्राइवर को भी चोट आई है। यह दुर्घटना उस समय हुई, जब शबाना आजमी और जावेद अख्तर पुणे से मुंबई जा रहे थे। रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक अनिल पारास्कर ने बताया कि दुर्घटना मुंबई से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सावरकर के विरोधियों को जेल भेजो : राउत

मुंबई ए.। शिवसेना नेता संजय राउत के विनायक दामोदर सावरकर का विरोध करने वालों को जेल भेजने वाले बयान पर शिवसेना डैमेज कंट्रोल मोड में आ गई है। पार्टी नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री आदित्य ठाकरे ने राउत के बयान से किनारा करते हुए कहा कि उन्होंने इसपर सफाई दे दी है और इससे गठबंधन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। राउत ने कहा था कि सावरकर को भारत रत्न देने का विरोध करने वालों को उसी जेल में भेज देना चाहिए, जहां सावरकर को अंग्रेजों ने रखा था ताकि उनके संघर्षों का एहसास हो सके। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शिवसेना-कांग्रेस एनसीपी गठबंधन मजबूत : आदित्य

आदित्य ठाकरे ने कहा, 'राउत ने जिस संदर्भ में बयान दिया है, उन्होंने वह साफकर दिया है। शिवसेना-कांग्रेस-एनसीपी अलायंस मजबूत है और हमलोग राज्य के विकास के लिए साथ आए हैं। हमलोगों के बीच कुछ मुद्दों पर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन यही तो लोकतंत्र है। इतिहास के बावजूद हमलोगों को मौजूदा मसलों पर बातचीत करने की जरूरत है।

जेल जाने से पता चलेगा संघर्ष

राउत ने कहा है कि सावरकर के योगदान के बारे में किसी को तब ही पता चल सकता है जब उसे अंडमान-निकोबार की उसी जेल में डाल दिया जाए, जहां सावरकर को रखा गया था। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सावरकर को लेकर दिए बयान के बाद से ही दोनों पार्टियों के बीच टकराव जारी है। कुछ दिन पहले राउत ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को लेकर विवादित बयान दे दिया था।

राहुल गांधी ने की वायनाड में स्पाइस पार्क बनाने की मांग



नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने केरल के अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड में स्पाइस पार्क और मेगा फूड पार्क स्थापित करने पर जोर दिया है। श्री गांधी ने स्पाइस पार्क की स्थापना के लिए केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को एक पत्र लिखकर उनसे इस संबंध में एक प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि वायनाड क्षेत्र में मसाले विशेषकर हल्दी और काली मिर्च की खेती होती है। आधारभूत सुविधाओं के आभाव और प्रसंस्करण ■ शेष पृष्ठ 8 पर

'130 करोड़ भारतीय हिंदू' पर कायम संघ प्रमुख भागवत ने कहा

सरकार का रिमोट संघ के पास नहीं

मेरठ ए.। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत 130 करोड़ भारतीयों को हिंदू कहने वाले अपने बयान पर कायम हैं। भागवत मुरादाबाद में अपने चार दिवसीय प्रवास के दौरान मकर संक्रांति उत्सव में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष के इस आरोप को सिरे से खारिज कर दिया कि सरकार का रिमोट संघ के पास है। भागवत ने कहा कि सरकार से प्रेम और विश्वास का रिश्ता है। इस दौरान सरसंघचालक ने कहा कि आरएसएस का राजनीति से कोई संबंध नहीं है और संगठन 130 करोड़ भारतीयों के लिए काम करता है।

संघ प्रमुख ने आरएसएस के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा, 'देश में 130 करोड़ जनसंख्या है। ये सभी भारतीय हिंदू हैं। उनके सभी के पूर्वज एक हैं। समाज में बदलाव के लिए अच्छा काम करने की सलाह स्वयंसेवकों को दी। अच्छा काम किया तो धन्यवाद और सम्मान मिलेगा। इसलिए अच्छा काम करो। हर वर्ग को अपनाने की कोशिश करो। उनको दिल से जोड़ो। जो लोग समाज को तोड़ने और बरगलाने की बात कर रहे हैं उनके मंसूबे पूरे नहीं होने चाहिए।

भागवत ने राजनीति से संघ के रिश्ते को खारिज करते हुए कहा, 'चुनाव का हमारे लिए कोई मतलब नहीं है। हम पिछले 60 साल से देश की संस्कृति को बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं। सरकार का रिमोट संघ के पास नहीं है।

गरमा-गरम

जन्मभूमि विवाद — महाराष्ट्र के परभणी जिले में स्थित पाथरी को साईं बाबा की जन्मस्थली बताए जाने से शिर्डी समेत अन्य गांवों के लोग नाराज

शिर्डी में आज से अनिश्चितकालीन बंद का ऐलान

यास्मिन शेख

शिर्डी (अहमदनगर)। महाराष्ट्र में साईं बाबा जन्मभूमि विवाद अब बढ़ते ही जा रहा है। शिर्डीवासियों ने रविवार से शिर्डी में अनिश्चितकालीन बंद का ऐलान किया है। दरअसल मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा परभणी जिले में स्थित पाथरी को साईं बाबा की जन्मस्थली के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा से शिर्डीवासी नाराज हैं। ठाकरे ने विकास कार्य के लिए 100 करोड़ की राशि भी मंजूर की है।

शिर्डीवासियों का कहना है कि उन्हें पाथरी विकास पर आपत्ति नहीं है, बल्कि मुख्यमंत्री के पाथरी को साईं बाबा की जन्मस्थली बताने पर आपत्ति है। इसको लेकर शिर्डी वासियों ने शनिवार की शाम को बैठक की और ऐलान किया है कि मुख्यमंत्री द्वारा पाथरी को साईंबाबा की जन्मस्थली बताए जाने संबंधी बयान वापस नहीं लेने पर रविवार से शिर्डी बंद रखी जाएगी।

खुला रहेगा मंदिर, अत्यावश्यक सेवाएं भी होंगी उपलब्ध : सूत्र

बंद के दौरान शिर्डी के व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। हालांकि सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बंद के दौरान अत्यावश्यक सेवाएं व होटल शुरू रहेंगे। दर्शन के लिए मंदिर भी खुला ही रहेगा। वहीं बंद भी रविवार को ही खत्म हो जाने के आसार हैं। बैठक में शिर्डी के आसपास के गांवों के लोग भी पहुंचे और शिर्डी बंद को अपना समर्थन दिया।

विकास करें, जन्म स्थल न कहे

राज्य सरकार पाथरी के विकास के लिए 100 नहीं हजारों करोड रुपये खर्च करें, हमें इसपर कोई आपत्ति नहीं। लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा पाथरी को साईं बाबा की जन्मभूमी बताने पर हमारी आपत्ति है। साईं चरित्र में कहीं भी जन्मस्थल का उल्लेख नहीं है।

कैलाश कोते, पूर्व नगराध्यक्ष, शिर्डी

जन्मस्थली के सबूत हैं

साईंबाबा की जन्मभूमी पाथरी होने के सबूत हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद पाथरी को भेंट दे चुके हैं। मुख्यमंत्री ने पाथरी के विकास प्रारूप को मंजूर किया है, जिसे शिर्डीवासी विरोध कर रहे हैं।

बाबाजानी दुराणी, विधायक

ग्रामीणों को मंजूर नहीं पाथरी

शिर्डी व आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि साईंबाबा ने 1918 में समाधी ली। इसके बाद दाभोलकर, चांदोरकर, दीक्षित जैसे बाबा के भक्तों ने शिर्डी में विश्वस्त मंडल की स्थापना की। बाबा की समाधी लेने के दौरान पाथरी से कोई भी मौजूद नहीं था। साईं बाबा के जीवनकाल में भी पाथरी से कोई नहीं पोहचा। बाबा ने आपना पुरा जीवन शिर्डी में ही बिताया। शिर्डी ही उनके लिये सबकुछ रही।

निर्भया के दोषियों को फांसी में देरी पर भड़के जज, कहा- नियम बनाते समय दिमाग नहीं लगाया

- **जजों ने निर्भया के दोषियों को फांसी पर लटकाने में हो रही देरी पर अपनी नाराजगी जाहिर की**

नई दिल्ली(ए.)। 2018 में दिल्ली सरकार ने जेल मैन्युअल में संशोधन किया। निर्भया के चारों दोषी इस संशोधित नियम की आड़ लेकर अपनी फांसी लगातार टलवा रहे हैं। चारों को फांसी पर लटकाने की नई तारीख 1 फरवरी तय हुई है। पूरी आशंका है कि उस दिन भी इन्हें फांसी नहीं दी जा सकेगी। यही वजह है कि दिल्ली हाई कोर्ट के जजों ने खीझकर दिल्ली सरकार को खूब खरी-खोटी सुनाई।

जस्टिस मनमोहन और जस्टिस संगीता धींगड़ा सहगल की पीठ ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को कहा, 'अगर आप तब तक ऐक्शन नहीं ले सकते जब तक कि सभी दोषियों ने दया याचिका दायर नहीं कर दी हो तो आपका कानून खराब है। ऐसा लगता है कि (नियम बनाते वक्त) दिमाग का बिल्कुल इस्तेमाल नहीं किया गया। हर दया याचिका अलग-अलग आधार पर दायर की जाती है। आप आखिरी न्यायिक फैसले का इस तरह मजाक नहीं बना सकते।' कोर्ट ने दिल्ली सरकार के साथ-साथ जेल

अथॉरिटीज को भी फटकार लगाई। जजों ने इस बात पर दुख जताया कि ऐसा सिस्टम बनाया गया जो 'कैंसर से जूझ रहा है' और जो 'रणनीति के तहत' फांसी टालने के लिए दोषियों को 'कानून के दुरुपयोग करने' का मौका देता है।

तीन दोषी दे सकते हैं दया याचिका

निर्भया गैंगरेप और मर्डर केस के एक दोषी मुकेश सिंह (32) की दया याचिका राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को खारिज कर दी। हालांकि, अक्षय ठाकुर (31), पवन गुप्ता (25) और विनय शर्मा (26) के पास दया याचिका दायर करने का विकल्प बचा हुआ है। ऐसे में पटियाला हाउस कोर्ट से जारी 1 फरवरी का नया डेथ वॉरंट भी आशंका के बादल मंडरा रहे हैं।

आप सरकार का कोर्ट में बयान

आप सरकार ने बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट से कहा था कि पटियाला हाउस कोर्ट से जारी पहले डेथ वॉरंट के मुताबिक 22 जनवरी को दोषियों को फांसी पर नहीं लटकया जा सकता है क्योंकि दिल्ली प्रिजन मैन्युअल कहता है कि दया याचिका खारिज होने के 14 दिन बाद ही फांसी दी जा सकती है। दिल्ली सरकार ने आशंका भी जताई थी कि दोषी न्यायिक प्रक्रिया को टालने के लिए एक-एक कर राष्ट्रपति के पास दया याचिका दायर कर सकते हैं। अगर सबकी दया याचिका खारिज भी हो जाती है तो भी उन्हें चार हर बार 14-14 दिन का अतिरिक्त वक्त मिल जाएगा। निर्भया के माता-पिता ने भी इसी तरह की आशंका जताई। उन्होंने कहा, 'इस देश में महिलाओं के लिए न्याय पाना बेहद कठिन जान पड़ता है।'

क्या कहता है संशोधित जेल मैन्युअल

दरअसल, जेल मैन्युअल का रूल 854 कहता है कि एक केस में एक से ज्यादा दोषियों को फांसी की सजा सुनाई गई हो तो तब तक उनमें से किसी को फांसी पर नहीं चढ़ाया जा सकता है, जब तक कि हरेक दोषी की अपील सुप्रीम कोर्ट से खारिज न हो जाए। यही नियम दिल्ली की जेलों में बंद सजायाफ्ता मुजरिमों पर लागू होता है। इसमें कहा गया है कि अगर एक केस में एक से ज्यादा दोषियों को फांसी की सजा सुनाई गई हो और उनमें सिर्फ एक दया याचिका दायर करता है तो उसकी याचिका पर फैसला आने तक सभी दोषियों की फांसी टाल दी जाएगी।

निर्भया की मां का आप सरकार पर लेटलतीफी का आरोप

निर्भया की मां ने भी दिल्ली सरकार पर लेटलतीफी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा 'जब 2012 में घटना हुई तो इन्हीं लोगों ने हाथ में तिरंगा लिया, काली पट्टी बांधी और महिलाओं की सुरक्षा के लिए खूब रैलियां की और खूब नारे लगाए, लेकिन आज यही लोग उस बच्ची की मौत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

महिला को चारपाई में बांध जलाया, पुलिस नहीं कर पा रही पहचान

बिजनौर। उत्तर प्रदेश के बिजनौर से इंसानियत को भी शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। बिजनौर के गजरौला शिव इलाके में आम के बाग में एक महिला का चारपाई समेत जला हुआ शव मिलने

से सनसनी फैल गई है। आशंका जताई जा रही है कि महिला के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या की गई और फिर उसके शव को जला दिया गया।

जानकारी के मुताबिक, गौतमबुद्ध नगर के रहने वाले विशंभर का आम का बाग है। इस बाग का ठेकेदार गजंफर अली शुक्रवार की शाम जब बाग में पहुंचा तो उसने देखा कि वहां पर एक चारपाई पर बंधा महिला का जला हुआ शव पड़ा हुआ है। अली ने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के कंकाल को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। बिजनौर शहर कोतवाली के एसएचओ आरसी शर्मा ने एनबीटी ऑनलाइन से बातचीत में बताया कि महिला की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा, 'अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि महिला के साथ रेप हुआ था। मौके पर पाए गए सबूतों के आधार पर हम मामले की जांच कर रहे हैं।'

आरएसएस वर्कर पर हमला: बेंगलुरु पुलिस का दावा, 'एसडीपीआई' के लोगों ने रची थी बड़ी साजिश

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ता की हत्या के मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया है कि गिरफ्तार किए गए सभी लोग सोशल डेमौक्रैटिक पार्टी ऑफइंडिया (एसडीपीआई) के सदस्य हैं। बता दें कि आरएसएस कार्यकर्ता वरुण बोपाला (34) नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के समर्थन में आयोजित रैली में शामिल हुए थे। 22 दिसंबर को टाउन हॉल में आयोजित इस रैली से निकलने के बाद वरुण के ऊपर कई बार हमले किए गए, जिसमें वह बाल-बाल बच गए। उधर, एसडीपीआई ने इस बात का खंडन किया है कि पकड़े गए लोग उसके संगठन के सदस्य थे। इस बीच बेंगलुरु के पुलिस कमिश्नर भास्कर राव ने दावा किया है कि अरेस्ट किए गए 6 लोग बड़ी साजिश रच रहे थे। ये लोग सीएए के समर्थन में आयोजित रैली में अव्यवस्था फैलाना चाहते थे और उनके निशाने पर प्रमुख हिंदू नेता थे। वे संभवतः इसलिए पीछे हट गए, क्योंकि आयोजन स्थल पर भारी पुलिसबल तैनात था। इसके बाद उन्होंने बोपाला पर हमले का फैसला किया। आरोपियों ने देखा कि बोपाला भगवा शर्ट पहनकर कार्यक्रम से अकेले निकल रहे हैं।

कार्यक्रम में मौजूद थे सांसद तेजस्वी सूर्या: राव ने यह नहीं बताया कि गिरफ्तार लोगों के निशाने पर कौन-कौन हाई प्रोफाइल लोग थे। पुलिस कमिश्नर ने भले ही यह नहीं बताया हो कि कौन लोग निशाने पर थे, लेकिन कार्यक्रम के दौरान बेंगलुरु साउथ के सांसद तेजस्वी सूर्या और युवा ब्रिगेड के संस्थापक चक्रवर्ती सुलीबेले मौजूद थे।

पुराने चेहरों पर बीजेपी ने लगाया दांव

57 में से 41 कैंडिडेट पहले भी लड़ चुके हैं चुनाव, पार्षद भी उतरे मैदान में

- **विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 2015 में लड़ चुके ज्यादातर कैंडिडेट्स को एक बार फिर से मौका दिया है**
- **57 में से 41 कैंडिडेट्स ऐसे हैं, जो पिछले चुनावों में भी चुनावी समर में उतरे थे। इसके अलावा 19 उम्मीदवार ऐसे हैं, जो पार्षद हैं या रहे हैं**

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली की सत्ता में 21 साल के वनवास को खत्म करने की उम्मीद में जुटी बीजेपी ने 70 में से 57 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। बीजेपी ने नगर निगम चुनाव में अपने ज्यादा पार्षदों के टिकट काटकर सत्ता में वापसी की थी। इससे उलट विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 2015 में लड़ चुके ज्यादातर कैंडिडेट्स को एक बार फिर से मौका दिया है।

टिकटों के ऐलान से पहले कहा जा रहा था कि पार्टी इस बार पीढ़ीगत बदलाव की ओर बढ़ सकती है। लेकिन 57 में से 41 कैंडिडेट्स ऐसे हैं, जो पिछले चुनावों में भी चुनावी समर में उतरे थे। इसके अलावा 19 उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन्होंने 2012 या फिर 2017 में एमसीडी के चुनाव में पार्षद उम्मीदवार के तौर पर जीत हासिल की थी।

1993 के बाद बीजेपी ने नहीं जीता चुनाव

बीजेपी के लिए यह चुनाव बेहद अहम है क्योंकि 1993 में दिल्ली विधानसभा के पुनर्गठन के बाद से ही वह जीत हासिल नहीं कर सकी है। 2013 में वह 32 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी, लेकिन कांग्रेस के बाहरी समर्थन से आम आदमी पार्टी ने सरकार बना ली थी। उस वक्त बीजेपी मजबूत ताकत बनकर उभरी थी, लेकिन फिर 2015 में इलेक्शन हुआ तो स्थिति पूरी तरह बदली नजर आई और 'आप' ने 70 में से 67 सीटें हासिल कीं। वहीं बीजेपी महज 3 सीट पर ही सिमट गई, जबकि कांग्रेस को कोई सीट नहीं मिली।

इसके अलावा 16 उम्मीदवार ऐसे हैं, जो 2013 में बीजेपी के टिकट पर विधानसभा पहुंच चुके हैं। 2013 में चुनाव में उतरे 29 और 2015 के 30 कैंडिडेट्स को भगवा दल ने मौका दिया है। इन उम्मीदवारों में से 11 की उम्र 60 साल से ज्यादा है और सबसे बुजुर्ग 74 वर्षीय एससी वत्स हैं। हालांकि अब तक बीजेपी की ओर से सीएम अरविंद केजरीवाल की नई दिल्ली सीट पर कैंडिडेट का चयन नहीं किया जा सका है।

दिल्ली की बदलती डेमोग्रफी का भी रखा ध्यान

बीजेपी की लिस्ट में 2015 में विधायक चुने गए तीनों नेताओं को जगह मिली है। इसके अलावा पूर्वांचल के रहने वाले 7 लोगों और उत्तराखंड के रहने वाले 2 नेताओं को भी टिकट मिला है। माना जा रहा है कि दिल्ली में पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार की बड़ी आबादी को साधने के लिए इन लोगों को टिकट दिया गया है।

अरविंद के मुकाबले में कैंडिडेट की तलाश जारी

बीजेपी के सूत्रों का कहना है कि नई दिल्ली सीट पर अरविंद केजरीवाल को चुनौती देने वाले कैंडिडेट की तलाश अभी पूरी नहीं हुई है। अभी जिन 13 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान नहीं हुआ है, उनमें से 4 अकाली दल के खाते में जा सकती हैं। पार्टी ने 7 मौजूदा और 12 पूर्व पार्षदों को भी टिकट दिए हैं। इसके अलावा 4 नेता ऐसे हैं, जो मेयर भी रह चुके हैं।

बेहमई कांडः इंसाफ की आस में पथरा गईं आंखें

- **बेहमई में 1981 में दस्यु सुंदरी फूलन देवी और उसके गैंग के डकैतों ने 20 लोगों की कर दी थी हत्या**

कानपुर(ए.)। जब-जब कोई बेहमई का नाम लेगा तो दस्यु सुंदरी फूलन देवी को भी याद किया जाएगा। श्रीराम, लालाराम जैसे दुर्दांत डकैतों से गैंगरेप और अत्याचार का बदला लेने के लिए 1981 में फूलन और उसके गैंग के डकैतों ने यहां 20 लोगों की हत्या कर दी थी। आत्मसमर्पण कर जेल जाने और रिहा होने के बाद फूलन संसद तक पहुंची। फूलन तो अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन 39 साल बाद अदालत फैसला सुनाने जा रही है।

लाशों के नीचे दबे थे वकील सिंह

लाठी लेकर चलने वाले बुजुर्ग वकील सिंह के शरीर में अब पहले जैसा दम नहीं है। वह गांव के वह चुनिंदा ऐसे लोगों में हैं, जिन्होंने नरसंहार को अपनी आंखों से देखा। वकील बताते हैं, 14 फरवरी 1981 की शाम 4 बजे गांव आए बदमाशों में सबसे आगे फूलन देवी थी। गांव लूटने के बाद पहली गोली मान सिंह ने चलाई थी। डकैतों ने हमें भी गोली मारी। हमें कई छर्रे और गोली लगी, लेकिन हम लाशों के नीचे पड़े रहे। दो-ढाई घंटे बाद लोगों ने बाहर निकालकर अस्पताल भेजा। ठीक से न बोल पाने वाले वकील को हर डकैत का नाम याद है। केस में फरार डकैतों के नाम भी वह दोहराते हैं।

राहुल गांधी को चुनकर केरल की जनता ने 'विनाशकारी काम' किया, नरेंद्र मोदी परिश्रमीः रामचंद्र गुहा

- **उन्होंने कहा कि अगर केरल के लोग दोबारा राहुल गांधी को चुनते हैं तो इससे फिर नरेंद्र मोदी को बढ़त मिलेगी**

कोझिकोड(ए.)। चर्चित इतिहासकार रामचंद्र गुहा ने कहा है कि मेहनती और अपनी मेहनत से आगे बढ़ने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने 'पांचवीं पीढ़ी के शासक' राहुल गांधी का भारतीय राजनीति में कोई चांस नहीं है। गुहा ने कहा कि केरल की जनता ने राहुल गांधी को संसद के लिए चुनकर विनाशकारी काम किया है। उन्होंने कहा कि अगर केरल के लोग वर्ष 2024 में दोबारा राहुल गांधी को चुनते हैं तो इससे फिर नरेंद्र मोदी को बढ़त मिलेगी।

कोझिकोड में आयोजित केरल साहित्य महोत्सव में रामचंद्र गुहा ने कहा, 'आप (मलयाली) लोगों ने संसद के लिए राहुल गांधी को क्यों चुना मैं निजी रूप से राहुल गांधी के खिलाफ नहीं हूं। वह बहुत शिष्ट हैं और सभ्य हैं लेकिन युवा भारत पांचवीं पीढ़ी के शासक को नहीं चाहता है। अगर आप मलयाली लोग दोबारा राहुल गांधी को वर्ष 2024 में दोबारा चुनने की गलती करते हैं तो इससे सिर्फ नरेंद्र मोदी को फायदा होगा क्योंकि नरेंद्र मोदी का एक बड़ा लाभ यह है कि वह राहुल गांधी नहीं हैं।'

पॉर्न विडियो में सबटाइटल नहीं होने पर एक शख्स ने 3 पॉर्न वेबसाइटों पर ठोका मुकदमा

न्यू यॉर्क। न्यू यॉर्क में रहने वाले एक बधिर (सुनने में असमर्थ) शख्स ने तीन पॉर्न वेबसाइटों के खिलाफ वर्ग भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया है। व्यक्ति ने अपनी अर्जी में कहा है कि सबटाइटल के बिना वह वेबसाइटों पर उपलब्ध सामग्री का पूरा-पूरा लुत्फनहीं उठा पाता है।

बीमार पुलिसकर्मी को लेकर 7 किमी बर्फ में पैदल चले जाबांज पुलिसवाले और ग्रामीण

लाहौल-स्पिति(वार्ता)। भारी बर्फबारी के दौर से गुजर रहे हिमाचल प्रदेश में ग्रामीणों और पुलिसवालों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए एक जान बचा ली। दरअसल, लाहौल-स्पिति में तैनात एक पुलिसकर्मी बीमार हो गए। उन्हें तत्काल मेडिकल सहायता की जरूरत थी लेकिन बर्फबारी की

वजह से रास्ते बंद थे। संकट की इस घड़ी में अन्य पुलिसकर्मी और स्थानीय ग्रामीण देवदूत साबित हुए और स्टेचर पर लादकर बर्फ के बीच पैदल ही पुलिसकर्मी को हॉस्पिटल तक ले गए।

बताया जा रहा है कि बीमार पुलिसकर्मी को ले जाने के लिए एक अस्थाई स्ट्रेचर बनाया गया और उस पर उनको लादकर पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग रवाना हुए। बीमार पुलिसकर्मी को एक कंबल से ढंका गया था ताकि उन्हें ठंड न लगे।

तसल्ली | निर्भया के दोषियों को फांसी से पहले पवन जल्लाद बोले, खुद को समझाना पड़ता है कि दोषियों को दे रहे हैं सजा

जल्लाद ने बताया, फांसी के पहले क्या चलता है

नई दिल्ली (ए.)। निर्भया के साथ गैंगरेप और हत्या की जघन्य वारदात के 7 साल बाद दोषियों को फांसी की सजा होने वाली है। फिलहाल दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने दोषियों को फांसी के लिए 1 फरवरी की तारीख तय की है। जेल प्रशासन ने चारों को फांसी देने के लिएमेरठ के पवन जल्लाद को चुना है। आखिर किसी को फांसी देने पर क्या महसूस होता है और कैसे कर पाते हैं यह काम। ऐसे सभी सवालों के पवन जल्लाद ने एनबीटी को दिए हैं जवाब...

निर्भया केस के दोषियों को फांसी देने के लिए आपकी क्या तैयारियां हैं?

पूरा मेरठ जेल प्रशासन इस मामले को लेकर सचेत है और मुझे पुलिस सुरक्षा भी दी गई है। इसके अलावा, पिछले दिनों मैं मेरठ जेल में फांसी देने की प्रैक्टिस भी कर चुका हूं। जब भी मुझे फांसी देने के लिए दिल्ली बुलाया जाएगा, तो मैं तुरंत तिहाड़ जेल के लिए रवाना हो जाऊंगा।

क्या आपने इससे पहले भी कभी किसी अपराधी को फांसी दी है?

मैं इससे पहले 5 लोगों को फांसी दे चुका हूं। 1988 में मैंने अपने दादा जी के साथ 5 लोगों को फांसी दी थी, जिसमें 2 अपराधियों को पटियाला में, 1 को आगरा में, 1 को जयपुर में और 1 को इलाहाबाद में फांसी दी थी। मेरे पिताजी ने भी दो लोगों को फांसी दी थी। लेकिन चार लोगों को एक साथ फांसी देने का यह पहला मामला है, जिसके लिए मुझे चुना गया है।

1988 के बाद आपने कभी फांसी नहीं दी?

इससे पहले मैं मेरठ जेल में निठारी मामले के अपराधी सुरिंदर कोली को फांसी देने वाला था। मैंने उसकी पूरी तैयारी भी कर ली थी, लेकिन आखिरी मौके पर उसकी फांसी को उम्रकैद में बदल दिया गया। बतौर जल्लाद अपराधियों

को फांसी देने का यह पेशा हमारे यहां पिछली तीन पीढ़ियों से चला आ रहा है, पहले मेरे दादा जी फांसी देते थे, फिर मेरे पिता जी और अब मैं यह काम कर रहा हूं और मेरी अगली पीढ़ी भी यह खानदानी काम संभालने को तैयार है।

आपके भाइयों ने यह काम क्यों नहीं चुना?

इस काम के लिए काफी ट्रेनिंग लेनी पड़ती है। मैंने बचपन से ही अपने दादा से फांसी देने की ट्रेनिंग ली है। यही वजह है कि पिताजी के बाद मैंने ही उनकी विरासत को आगे बढ़ाया है। अगर मेरे भाई भी यह काम करना चाहेंगे, तो जब कभी मुझे किसी अकेले इंसान को फांसी देने के लिए बुलाया जाएगा, तो मैं उन्हें ट्रेनिंग दूंगा। यह कोई आसान काम नहीं है। इसके लिए अपना दिल थामना पड़ता है, काफी ट्रेनिंग लेनी पड़ती है। फांसी देना हर किसी के बस की बात भी नहीं है।

आप किस उम्र से अपने दादाजी के साथ फांसी देने जाने लगे थे?

दादाजी के साथ मैं फांसी के तख्ते पर चढ़ने वाले कैदियों के पैर बांधा करता था। मैं अभी 54 साल का हूं। दादाजी के साथ तो मैं 22 साल की उम्र से ही फांसी देने जाने लगा था।

आजकल फांसी की सजा बहुत कम दी जाती है। इसे आप किस तरह से देखते हैं?

यह तो न्यायपालिका के ऊपर है कि किसको क्या सजा देनी है। मैं इस पर क्या कह सकता हूं। हम तो उसी के गुलाम हैं। न्यायपालिका से जो भी ऑर्डर मिलता है, हम वही काम करते हैं। अगर अदालत किसी को फांसी की सजा सुनाए, तो हमें उसे फांसी के तख्ते पर चढ़ाने में कोई गुरेज नहीं है।

फांसी का काम तो कभी-कभी आता है, इसके अलावा आप क्या काम करते हैं?

इसके अलावा मैं कपड़े का बिजनस करता हूं, क्योंकि 5 हजार रुपये में आजकल होता ही क्या है। इतने खतरनाक काम के भी सरकार हमें 5 हजार रुपये देती है। ऐसे में, हमें कोई दूसरा काम तो करना ही पड़ेगा।

फांसी देते वक्त क्या फीलिंग आती है?

फांसी देते वक्त मेरे दिमाग में सिर्फ यही रहता है कि यह हमारा काम है और हमें काम करना है। फीलिंग को देखेंगे, तो हम अपना काम ही नहीं कर पाएंगे।

बिहार विधानसभा चुनाव

सीट बंटवारे को लेकर बीजेपी जेडीयू में गुणा-भाग शुरू!

पटना(वार्ता)। इसी साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में बिहार की धरती से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के अध्यक्ष अमित शाह के यह घोषणा दोहराने के बाद कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए चुनाव लड़ेगा, सीटों को लेकर बीजेपी व जेडीयू में गुणा-भाग शुरू हो गया है। सूत्रों का दावा है कि दोनों दलों में लोकसभा चुनाव की तर्ज पर 50-50 (बराबर-बराबर) सीटों पर चुनाव लड़ने की सहमति बन सकती है। पिछले विधानसभा चुनाव में जनता दल-यूनाइटेड (जेडीयू) और बीजेपी अलग-अलग चुनाव लड़े थे, जबकि उससे पहले साल 2010 में दोनों पार्टियों ने मिलकर चुनाव लड़ा था।

सूत्रों का दावा है कि 2020 के विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे का फ़ॉर्म्युला लोकसभा चुनाव के फ़ॉर्म्युले पर आधारित हो सकता है। लोकसभा चुनाव में हुए सीट शेयरिंग फ़ॉर्म्युला विधानसभा में भी सीटों के बंटवारे का आधार बन सकता है। बीजेपी-जेडीयू के बीच लोकसभा की तर्ज पर सीटों का बंटवारा हुआ, तो इस बार 124 मौजूदा सीटों में से 52 विधानसभा क्षेत्रों में उम्मीदवारी में फेरबदल हो सकता है।

न्यूज गैलरी

प्लाटून कमांडर के खाते से 16 हजार पार, मामला दर्ज

रायपुर। प्लाटून कमांडर के खाते से दो बार में 16 हजार रुपये किसी ने निकाल लिया। घटना की रिपोर्ट सिविल लाईन थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय सिविल लाइन स्थित प्लाटून कमांडर हरिशचंद्र सिन्हा 52 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 16 जनवरी को प्रार्थी के मोबाईल पर एसएमएस के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा चारामा जिला कांकेर के खाता क्रमांक 11514919521 से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कुल 16000 रूपये का आहरण कर मेरे साथ धोखाधडी किया गया है। जिसके संबंध में लिखित शिकायत आवेदन सिविल थाने में दर्ज की गई है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपराध कायम कर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

ट्रक हटाने के विवाद में ड्राईवर की पिटाई

रायपुर। ट्रक में लोड माल का वजन कराने के दौरान ट्रक चालक की पिटाई किये जाने की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवारी बाजार बीरगांव निवासी संतराम कुर्रे 47 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शुक्रवार को ग्रेविटी 2 कंपनी के गेट के अंदर ट्रक में लोड माल का वजन कराने के दौरान माल ज्यादा हो जाने पर ट्रक हटाने की बात कह ग्रेविटी कंपनी का सुपरवाइजर जयप्रकाश पांडेय निवासी अछोली ने प्रार्थी को डंडे से पिटाई कर दी। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने सुपरवाईजर के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

जुआ खेलते 8 जुआरी गिरफ्तार, नगदी जब्त

रायपुर। नेवरा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर आठ जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 70 हजार 2 सौ 80 रुपये व ताश की 52 पत्ती जब्त किया है। ग्राम नकटी में जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने 17 जनवरी को ग्राम नकटी नर्सरी मैदान के पास कुछ व्यक्ति संध्या होने से मोमबत्ती जलाकर 52 पत्ती ताश पर रूपये पैसे के दांव लागाकर जुआ खेलते मिले जिन्हे पुलिस ने घेरा बंदी कर पकडा जिनका नाम पता पुछताछ करने पर रामचंद्र वाधवानी पिता जीवनमल तिल्दा, दिलीप कुमार वाधवानी तिल्दा, नरेश कुमार विधानी तिल्दा, किशोर कुमार पिंजवानी तिल्दा, नीरज गिडलानी तिल्दा, शिव तुरकाने वार्ड क्रमांक 13 केसदा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार, दिलीप गेलानी पिता मनोहर गेलानी तिल्दा, अशोक कुमार ज्ञानचंदानी तिल्दा को जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

सोमानी अपहरण कांड में रायपुर-बिलासपुर के लोग भी हैं मददगारों में शामिल

सुराग और किडनैपरों से चंद कदम दूर है पुलिस

कई मालदारों को किडनैप कर चुका खाटी गैंग के कब्जे में प्रवीण

गृहमंत्री बोले अपराधियों के मन में क्या यह जानना कठिन होता है

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। अरबपति उद्योगपति प्रवीण सोमानी का पुलिस को पुख्ता सुराग मिल गया है। कसर बाकि है तो गैंग के कब्जे में प्रवीण को कहां और किस हालात में रखा गया है यह पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस की पूरी जांच टीम उच्च स्तर पर हर संभावित राज्यों में कैंप लगाए बैठी है। आधा दर्जन संदिग्ध मददगारों को पुलिस ने शिकंजे में कस लिया है। बस बार-बार लोकेशन बदलने के बाद एक से दूसरे गैंग को प्रमीण को सौंपने से पुलिस किडनैपरों से महज चंद कदम ही दूर है। पुलिस को यह भी इनपुट मिला है कि किडनैपरों ने उद्योगपति के परिजनों से संपर्क साधने की कोशिश की थी। यह भी बताया जाता है कि अपहरणकर्ता उद्योगपति की रिहाई के एवज में तकरीबन 10 करोड़ रुपए की फिरौती की मांग कर चुके हैं। हालाकि इसमें कितनी सच्चाई है यह जांच का विषय है और मामले के खुलासे के बाद ही साफ होगा। परंतु यह तय है कि चंद रोज में उद्योगपति सोमानी केस का खुलासा पुलिस कर देगी।

जांच प्रभावित होगी, खुलासा नहीं कर सकता-गृहमंत्री



अब इस मामले में प्रदेश के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू का बयान भी सामने आया है। गृह मंत्री ने कहा है कि यह गंभीर विषय है। इस मामले में पुलिस क्या काम कर रही है और क्या सुराग मिले हैं, इसका खुलासा नहीं कर सकता। कारोबारियों में दहशत को लेकर गृहमंत्री का बयान है कि सुरक्षा तो सबको चाहिए और यहां करोड़ों लोग हैं, लेकिन हर एक के पीछे सुरक्षा नहीं लगाई जा सकती। अब अपराधियों के मन में क्या है, यह कोई नहीं जान सकता।

गैंग का रैकेट देशभर में फैला हुआ

सूत्रों की मानें तो किडनैपरों के जिस गैंग ने उद्योगपति का अपहरण किया है उनका देश के हर लगते हुए राज्यों में पूरा रैकेट है। मददगारों में जैसे रायपुर-बिलासपुर के लोग भी शामिल हैं। जिन्हों ने प्रवीण सोमानी की पूरी रैकी कर गिरोह को भेजी और फिर किडनैपरों ने वारदात को सुनियोजित तरीके से पूरा किया। अपहरण को व्यवसाय की तरह लेने वाले इस बिहारी गिरोह के तार पूर्व में राजधानी के एक उद्योगपति जयचंद बैद अपहरण में शामिल लोगों से भी जुड़ते हैं। उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड और दिल्ली के अलावा दक्षिण भारत में भी इनका रैकेट फैला हुआ है।

वक्त बीतने के साथ ही बढ़ने लगा था डर

पुलिस की पूरी पड़ताल की खबरें मीडिया के जरिए गैंग के मददगार रख रहे थे। जांच टीम की रवानगी, पुलिस की योजना और बरामद सबूतों की समाचार पत्रों में न्यूज आने से पुलिस से किडनैपर एक कदम आगे ही रहे। नतीजतन वक्त बीतने के साथ ही आमतौर पर अपहरण के मामले में संभावित अनहोनी का भी खतरा बढ़ गया था। जांच टीम से लेकर परिजनों में भी इसे लेकर खौफ का माहौल था। लेकिन, जल्द ही पुलिस की आधा दर्जन टीमों में शामिल एक्सपर्ट पूरी गोपनीयता रखते हुए गैंग का सुराग, मामले में शामिल मददगारों और संभावित ठिकानों तक का पता लगाने में लगभग कामयाब हो गई है। यह कहा जा सकता है कि बहुत जल्द मामले का पटाक्षेप भी होगा। पुलिस अधिकारियों की टीम गुप्त स्थान पर पूरी जांच की मॉनिटरिंग कर रही है। फिलहाल उद्योगपति प्रवीण सोमानी सुरक्षित हैं और गैंग के सरगना की ताक में पुलिस बैठी हुई है।

कांग्रेस ने भाजपा की शराबबंदी की मांग पर ऐसे किया पलटवार

पंचायत चुनाव में गांव-गांव भाजपा पहुंचा रही शराब

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। प्रदेश में लगातार अवैध शराब का जखीरा बरामद होने की खबरों के बीच कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पंचायत चुनाव में भाजपा शराब की तस्करी में लिप्त है और चुनाव में गांव गांव शराब पहुंचाने में लगी है। कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने आज शनिवार को राजीव भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस से शराबबंदी की मांग करने वाली पार्टी भाजपा और उसकी बी-टीम शराब तस्करी में लगी हुई है।

श्री त्रिवेदी ने शनिवार को राजीव भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि कांग्रेस को राज्य की जनता ने जनादेश है जो पांच वर्षों के लिए है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने चुनावी घोषणाओं में कई वादों को पूरा कर चुकी है, वहीं शराबबंदी का वादा भी पूरा करने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। भूपेश सरकार ने इस दिशा में दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कदम भी उठाए हैं। शराब बंदी के लिए समितियां भी गठित की गई है।

उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी शराब नीति बनाने के लिए काम कर रही है ताकि शराबंदी होने की स्थिति में अवैध शराब और शराब तस्करी जैसी घटनाओं से निपटा जा सके। श्री त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि पंचायत चुनावों में भाजपा और भाजपा की बी- टीम शराब का दुरूपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि इस नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा और भजपा की बी टीम शराब का जोरदार तस्करी किया है। शराब तस्करी को प्रोत्साहन देना भाजपा और भाजपा की बी टीम का काम है। उन्होंने कहा कि भाजपा और जनता कांग्रेस के लोग शराब की तस्करी पर उतर गए हैं।

बीजेपी की बी-टीम को भी लिया निशाने पर

शराबबंदी का वादा भी पूरा करने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है।

बहन से छेड़छाड़, नाराज लड़के ने की नाबालिग की हत्या

■ वारदात में शामिल सभी आरोपी नाबालिग

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। बहन के साथ छेड़छाड़ करने से नाराज लड़के ने एक नाबालिग की चाकू मारकर हत्या कर दी। हत्या की सूचना मिलते ही आस-पास के लोग बड़ी संख्या में शामिल होकर थाने का घेराव कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार संतोषीनगर बाजार चौक के पास आरोपी की बहन के साथ छेड़छाड़ को लेकर कुछ दिनों से आरोपी व मृतक के बीच मारपीट पहले भी कई बार मारपीट हुआ था। इसी बात को लेकर आज फिर मृतक व आरोपी के बीच मारपीट होने लगा इसी बीच आरोपी ने अपने साथियों के साथ मृतक से चाकू छीनकर ताबड़तोड़ चाकू से मृतक पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। वारदात में शामिल सभी आरोपी नाबालिग है व घटना के बाद फरार हो गये है।

घटना की सूचना मिलते ही टिकरापारा थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक की शिनाख्ती कर पोस्टमार्टम के भेज दिया है। वही मृतक के मोहल्लेवासी शहर के बीचो बीच हत्या जैसी वारदात होने पर पुलिस के कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुये थाने का घेराव कर दिया। लोगों का कहना है कि राजधानी में लगातार चाकूबाजी की घटनाएं सामने आ रही है। इसके बावजूद भी पुलिस की पेट्रोलिंग टीम क्षेत्र में नजर नही आती। जिसके वजह से ऐसी घटाएं सामने आ रही है।

जनता की सुविधा सर्वोपरि

■ मंत्री एवं सांसद ने यातायात की सुगमता और शहर को सुंदर बनाने तुड़वाई अपने बंगले की दीवार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा के निर्देश पर आज राजधानी में राजातालाब के वन कॉलोनी स्थित उनके बंगले की बाहरी दीवार यातायात को सुगम बनाने और शहर की सुंदरता के लिए ढहा दी गई। जनता की सुविधा को देखते हुए मंत्री तथा राज्यसभा सांसद ने अपने पुराने भवन की बाहरी दीवाल को 25 फीट तक तोड़ने हेतु जिला प्रशासन को निर्देशित किया। मंत्री श्रीमती भेंड़िया और कलेक्टर रायपुर श्री भारतीदासन की उपस्थिति में आज दीवार को तोड़ा गया। रायपुर शहर को व्यवस्थित करने इससे पहले भी मुख्य सचिव श्री आर पी मंडल, अपर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन सचिव श्रीमती अलरमेल मंगई ने भी अपने बंगले के सामने की दीवार को ढहा दिया था।

श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि आम जनता की सुविधा सर्वोपरि है। राजधानी में यातायात के बढ़ते दबाव,राजधानी की सुंदरता के विस्तार और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से उन्होंने अपने बंगले की दीवार को तोड़ने का निर्णय लिया है। अब सड़क के चौड़ा हो जाने से राहगीरों को आने जाने में सुविधा होगी। शहर को सुंदर बनाना हमारी जिम्मेदारी है,क्योंकि शहर भी अपना ही घर है। इसके साथ ही उन्होंने आम जनता के हित में अन्य लोगों से भी सहयोग करने की अपील की है,जिससे राजधानी रायपुर को सुगम और व्यवस्थित स्वरूप दिया जा सके। इस अवसर पर लोक निर्माण, समाज कल्याण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

स्वागत...

रायपुर (नवप्रदेश)। रायपुर। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में कुणाल शुक्ला ने कबीर संचार शोधपीठ में अध्यक्ष का पदभार संभाला। इस अवसर पर जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ.शाहिद अली एवं अन्य शिक्षकों ने उनका अभिनंदन किया तथा बधाइयां दी। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने श्री शुक्ला को कबीर संचार शोधपीठ में अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री शुक्ला की नियुक्ति से शोधपीठ के कार्यों को गतिशीलता मिलेगी। वे इस पीठ के तीसरे अध्यक्ष होंगे।

सत्संग | वेषभूषा से कोई संत नहीं हो जाता और केवल कथा श्रवण से कल्याण नहीं

मृत्यु के घाव से बड़ा है अपमान का घावः जया किशोरी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मृत्यु के घाव से भी बड़ा होता है अपमान का घाव, जीवन में चाहे कैसी भी परिस्थिति आ जाएं लेकिन कभी किसी का अपमान नहीं करना चाहिए। अपमानित हुए व्यक्ति के मन में हमेशा द्वेश और बदले की भावना बनी रहती है। अवसर मिलते ही वह बदला लेने से चुकता नहीं है। कथा के दौरान प्रसंगवश जीवंत झांकियों की आकर्षक प्रस्तुति भी दी जा रही है।

महाभारत में दुर्योधन की मृत्यु नहीं होने पर संक्षिप्त प्रसंग का सार बताते हुए जया किशोरी ने कहा कि महाभारत के युद्ध में पूरे कौरव मारे गए लेकिन दुर्योधन की मृत्यु नहीं हुई, उसे यह समझ में नहीं आ रहा था कि पांच पांडव ने मिलकर पूरे कौरव का नाश कैसे कर दिया। क्षण भर में सुख और दुख मिलने पर ही दुर्योधन की मृत्यु थी जिसको अश्वतथामा ने पूरा किया। द्रौपदी के पांचों पुत्रों की हत्या के बावजूद द्रौपदी को उस समय भी अपनी पीड़ा से बढ़कर अश्वतथामा की माता की चिंता थी, यदि वह मारा जाता तो उसकी क्या दशा होती। उसके सिर पर लगी मणि निकाली जिससे अपमानित होकर अश्वतथामा ने बदला लेने की ठान ली। भगवान प्रत्येक जीव को जीवन में दुख-सुख, धन-संपत्ति को एकत्र करने का मौका अवश्य देते है, यह जीव पर निर्भर है कि वह उन अवसरों का कैसे उपयोग करता है। संसारिक गृहस्थ जीवन में परिवार को चलाने के लिए धन की आवश्यकता होती है लेकिन धन सत्यता और ईमानदारी से कमाया जाना चाहिए, वही धन सुख और आनंद दे सकता है। भगवान केवल अवसर नहीं देते तो वह मृत्यु के समय में, इसलिए मनुष्य को ऐसे कार्य करने चाहिए कि अंत समय में केवल भगवान के ही दर्शन हो और उन्हीं के नाम का स्मरण रहे जैसे की भीष्म पितामह को प्राप्त हुआ।

अवधपुरी मारूति मंगलम भवन गुढियारी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में जया किशोरी जी ने वेद व्यास जी और नारद प्रसंग कथा का सार बताते हुए कहा कि केवल वेशभूषा या कपड़ों से कोई संत नहीं हो जाता, संत की पहचान करना आना चाहिए। संत वह होता है जो अपने सुख और दुख के बारे में हमेशा समभाव में रहता है और दूसरों के कल्याण और उसके सुख और दुख के बारे में सोचता है। ज्ञानी पुरुष हमेशा चिंतन करते रहते है और उन्हें हमेशा दूसरों के कल्याण के बारे में चिंता लगी रहती है। वेद व्यास जी इसलिए चिंतित थे कि कलयुग में मनुष्य को कैसे दुखों से छुटकारा मिलेगा। भगवत गीता में ज्ञान की बातें लिखी थी और कलयुग में ज्ञान की बातें सुनना कोई पसंद नहीं करेगा, ऐसे में एक ही उपाय है कि उसमें भगवान की भक्ति की लीलाओं का रस आ जाए क्योंकि भक्ति मार्ग से ही कलयुग में लोगों को भगवान से जोड़ा जा सकता है। आत्मदेव कथा प्रसंग पर जया किशोरी जी ने कहा कि मनुष्य को कभी दूसरों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए क्योंकि जो दूसरों पर निर्भर होता है उसका कभी भी कार्य पूरा नहीं हो पाता। जिसके जीवन में कोई न कोई कमी रह जाती है वही दूसरों पर निर्भर होता है। उन्होंने शिक्षा पर कहा कि शिक्षा का स्वरूप तो वैसा ही है केवल तरीके और पद्धति बदल गई है।

दुर्ग-नवतनवा एवं दुर्ग-अजमेर एक्स. में एलएचबी कोच की सुविधा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। रेलवे द्वारा एक्सप्रेस ट्रेनों की अलग-अलग श्रेणियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखकर यात्रियों के लिये समय-समय पर अतिरिक्त कोचों की व्यवस्था एवं कोचो के प्रकार में संशोधन किया जाता है। इसी कड़ी में गाड़ी 18205-18206 दुर्ग-नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस वाया फैजाबाद एवं 18207-18208 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस गाड़ियों में एलएचबी कोच की सुविधा प्रदान की जा रही है।

इन गाड़ियों में पारंपरिक कोचों के स्थान पर एलएचबी कोच लगाए गए हैं। यह एलएचबी कोच पारंपरिक कोचों की अपेक्षा अधिक सुरक्षितए काफी आरामदायक एवं अधिक सीटों की क्षमता वाले होते हैं। चूंकि एलएचबी कोचों में साधारण कोचों की अपेक्षा अधिक बर्थ रहते हैए इसलिए इन गाड़ियों में एक स्लीपर कोच कम रहते है।

जिन यात्रियों ने इन गाड़ियों में आरक्षण कराया है उनकी आरक्षण सीटों को दूसरे कोचों में रिअलोट किये जाने की सम्भावना है। इसकी सूचना यात्रियों को चार्ट बनते समय उनके द्वारा आरक्षण कराते समय दिए गए मोबाईल नंबर पर उपलब्ध कराई जा रही है। चार्ट बनने के बाद यात्रीगण भारतीय रेलवे की पीएनआर इंक्वारी के माध्यम से भी अपना रिअलोटमेंट बर्थ जान सकते है। साथ ही ट्रेन में उपस्थित टीटीई के एवं स्टेशन पर टीसी कार्यालय में भी इसकी जानकारी उपलब्ध रहती है। यात्रियों से अनुरोध है कि वह बुकिंग कराते समय सही मोबाईल नम्बर दें ताकि उन्हे परिवर्तित बर्थ का एसएमएस भेजा जा सके। उनके पास प्राप्त मैसेज के आधार पर अपने परिवर्तित सीट पर बैठकर अपनी यात्रा का आनंद लें।

एलएचबी कोच की विशेषताऐं

- एलएचबी कोच की प्रमुख विशेषताएं एलएचबी कोच लिंक हॉफमैन बुश कंपनी का डिजाइन है पुरानी पारंपरिक कोच आईसीएफकोच है ।
- एलएचबी कोच दुर्घटना के समय पलटते नहीं है एवं एक दुसरे पर चढते नहीं है इस कारण यह यात्रियों की संरक्षा की दृष्टि से अति मत्वपूर्ण है जिससे दुर्घटना के समय जान माल की हानि कम होती है।
- एलएचबी कोच की अधिकतम सीमा 160 किमी प्रति घंटा से 180 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है।
- एलएचबी कोच का सस्पेंशन सिस्टम काफी आरामदायक है जिससे यात्रा करने वाले यात्रियों को बहुत कम झटके महसूस होते है।
- एलएचबी कोचों की ब्रेकिंग प्रणाली एक्सेल माउंटेन डिस्क ब्रेक पर आधारित होती है जिससे पहियों का घर्षण कम होता है।
- एलएचबी कोच आपकी बॉडी में कम अपोजिट मटेरियल का उपयोग है जिससे यह वजन में हल्के होते हैं एलएचबी कोचों में बायो टायलेट उपयोग किया गया है, इनका लेवोट्री मॉड्यूल भी परिवर्तित है काफी आरामदायक है।

क्या आप भी उम्र से पहले बच्चों को भेज रहे हैं स्कूल?

इंडियन पैरंट्स को इन दिनों बच्चों को स्कूल भेजने की बड़ी जल्दी रहती है और शायद यही वजह है कि महज 4 साल की उम्र के बच्चे क्लास 1 में पहुंच जाते हैं जबकी 1 में पढ़ने वाले बच्चे की न्यूनतम उम्र 6 साल होनी चाहिए। क्या आप भी कर रहे हैं पैरंटिंग से जुड़ी ये गलती?

इन दिनों हमारे देश में प्ले स्कूल और प्रेपरेटरी स्कूल का चलन इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि पैरंट्स भी इन सबके झांसे में आकर बच्चे को उम्र से पहले स्कूल भेजना शुरू कर देते हैं और यही उनकी पैरेंटिंग से जुड़ी सबसे बड़ी गलती होती है। आजकल बच्चा 2 साल का हुआ नहीं कि उसे प्ले स्कूल भेज देते हैं। 3 साल की उम्र में नर्सरी, 4 में केजी और 5 में क्लास 1। कई बार तो महज 4 साल की उम्र का बच्चा भी क्लास 1 में पहुंच जाता है।

दरअसल, राइट टू एजुकेशन ऐक्ट 2009 के मुताबिक क्लास 1 यानी पहली कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे की उम्र किसी भी कीमत पर 6 साल से कम नहीं होनी चाहिए। लेकिन इंडियन पैरेंट्स में अपने बच्चों को स्कूल भेजने की ऐसी होड़ मची रहती है कि कई बार महज 4 साल का बच्चा भी क्लास 1 में पहुंच जाता है। ये प्रैक्टिस सिर्फशहरों में ही देखने को नहीं मिल रही बल्कि गांवों में भी ऐसा हो रहा है। ऐनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (ASER) 2019 की मानें तो ग्रामीण इलाकों में पढ़ने वाले हर 5 में से 1 बच्चा, 6 साल की उम्र से पहले ही क्लास 1 में पहुंच जाता है।

उम्र कम हो तो बच्चे की ज्ञान संबंधी स्किल्स होती हैं प्रभावित

रिपोर्ट्स की मानें तो अगर बच्चे की उम्र अधिक है तो चीजों को सीखने और समझने की उसकी संज्ञानात्मक स्किल्स बेहतर होती है उन बच्चों की तुलना में जो कम उम्र में ही क्लास 1 में पहुंच जाते हैं। खासकर अक्षरों और नंबरों को पहचानने, पढ़ने और याद रखने की क्षमता। रिपोर्ट में यह बात भी बतायी गई है कि जब बहुत कम उम्र के बच्चों को फॉर्मल स्कूल में इनरॉल करा दिया जाता है तो ये भी एक बहुत बड़ी वजह बन जाती है कि वे अपनी पूरी स्कूल लाइफमें अकैडमिक्स के मामले में दूसरे बच्चों से पीछे रह जाते हैं।

यूके में 5 और यूएस में 6 है फॉर्मल स्कूल एज

बाकी दुनिया के देशों की बात करें तो यूके में फॉर्मल स्कूलिंग शुरू करने की न्यूनतम उम्र 5 साल है जबकी यूएस यानी अमेरिका में 6 साल। आपको बता दें कि फॉर्मल स्कूलिंग के तहत ही प्लेस्कूल और किंडरगार्डन में बताए गए साल भी काउंट होते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो यूके और यूएस दोनों जगहों पर बच्चों को किंडरगार्डन में ऐडमिशन कराने के लिए भी 5 या 6 साल का होना जरूरी है। स्टैनफॉर्ड यूनिवर्सिटी की एक स्टडी की मानें तो अगर बच्चों को थोड़े अधिक उम्र में स्कूल में इनरॉल कराया जाता है तो इससे उनकी अकैडमिक अचीवमेंट बेहतर होती है और क्राइम तरफ रुचि भी घटती है।

क्या आप भी उम्र से पहले भेज रहे बच्चे को स्कूल?

ASER की रिपोर्ट इस बात को भी हाइलाइट करती है कि कम उम्र में बच्चों को स्कूल भेजने का खामियाजा ये है कि फिलहाल क्लास 1 में पढ़ने वाले 41 प्रतिशत बच्चे सिर्फनंबर 9 तक ही पहचान पाते हैं। जबकी NCERT की मानें तो क्लास 1 के बच्चों को 99 नंबर तक पहचानना चाहिए। अब आप ही सोचिए कि आप बच्चे को कम उम्र में स्कूल भेजकर उसका भला कर रहे हैं या बुरा?

सिलेब्रिटीज के बीच नया क्रेज वॉटर बर्थ को दे रहे तरजीह

खबरों के मुताबिक, कल्कि का जन्म भी वॉटर बर्थ की प्रक्रिया के माध्यम से हुआ था और वह इसी तरह से अपने बच्चे को जन्म देना चाहती हैं। वह चाहती हैं कि उनका बच्चा नेचरल तरीके से इस दुनिया में आए।

अक्षय कुमार की फिल्म देसी बॉयज में काम कर चुकी ब्राजिलियन ऐक्ट्रेस और मॉडल ब्रूना अब्दुल्लाह ने अगस्त 2019 में वॉटर बर्थ के जरिए बच्चे को जन्म दिया। इस बात को उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर भी शेयर किया था। अब बॉलिवुड एक्ट्रेस कल्कि कोचलिन भी मां बनने वाली हैं और वो भी वॉटर बर्थ तकनीक के जरिए अपने बच्चे को जन्म देना चाहती हैं। वॉटर बर्थ तकनीक लोगों को क्यों आ रही है रास, जानिए आप भी...

नेचरल है यह तकनीक

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कल्कि कोचलिन जल्द ही मां बनने वाली है, जिसकी खबर उन्होंने खुद एक इंटरव्यू द्वारा दी थी। कल्कि ने खुद इस बात का खुलासा किया है कि वो गोवा में वॉटर बर्थ तकनीक के जरिए अपने बच्चे को जन्म देना चाहती हैं। उनका मानना है कि यह तकनीक नेचरल है और वह अपने बच्चे को पैदा करने के लिए नेचरल चीजों पर ही विश्वास करती हैं। ब्राजीलियन एक्ट्रेस ब्रूना अब्दुल्लाह ने भी अपने बच्चे को वॉटर बर्थ तकनीक द्वारा ही जन्म दिया था। उस समय उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा था कि वह हमेशा से बच्चे को जन्म देने के लिए ऐसा माहौल चाहती थीं, जहां उसे कम से कम दर्द हो। वह नहीं चाहती थीं कि उनको दी जाने वाली दवाओं का असर बच्चे पर हो।

दर्द होता है 50 फीसदी कम

वॉटर बर्थ तकनीक में लेबर पेन के दौरान प्रेग्नेंट लेडी को पानी से भरे पूल या टब में बैठा दिया जाता है और वहीं डिलीवरी करवाई जाती है। ग्यानेकॉलजिस्ट अनुजा भुटानी बताती हैं कि पानी के भीतर होने के कारण महिला की बॉडी में एंड्रोफिन हार्मोन ज्यादा मात्रा में रिलीज होता है, जिससे दर्द कम होता है। वह बताते हैं कि अगर गर्म पानी का इस्तेमाल किया जाए, तो इसमें दर्द इतना कम हो जाता है कि महिला को पेन किलर देने की जरूरत 50 फीसदी कम हो जाती है।

मां और बच्चा रहते हैं इन्फेक्शन फ्री

वॉटर बर्थ तकनीक में मां और बच्चे को इन्फेक्शन होने का खतरा 80 फीसदी कम हो जाता है। इसमें ऐसी तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे न तो मां को और न ही बच्चे को इन्फेक्शन हो सकता है। यही नहीं, महिला इस दौरान पानी में रहती है, जिससे टेंशन, एंग्जायटी भी नहीं होती और खास बात ये कि ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहता है।

टिश्यू हो जाते हैं सॉफ्ट

वॉटर बर्थ डिलिवरी के लिए एक गुनगुने पानी का बाथिंग पूल बनाया जाता है, जिसमें तकरीबन 300 लीटर से लेकर 500 लीटर तक पानी भरा जाता है। इस पूल का टेंपरेचर एक जैसा रखने के लिए इस पर कई वॉटर प्रूफ उपकरण लगा दिए जाते हैं। खासतौर से इन्फेक्शन को रोकने के लिए। यह पूल तकरीबन ढाई से तीन फीट का हो सकता है। यह महिला के शरीर के अनुसार एडजस्ट हो सकता है। लेबर पेन शुरू होने के तीन से चार घंटे के बाद महिला को इसमें ले जाया जाता है। डॉक्टर्स के मुताबिक, नॉर्मल डिलिवरी से कम समय में इस प्रॉसेस से बच्चा पैदा हो जाता है। अगर तरीका सही तरह से फॉलो किया जाए, तो बच्चा पैदा करने के लिए वॉटर बर्थ डिलिवरी एक सही ऑप्शन है।

फिट रहने का आसान तरीका

महिलाओं में फैट कम कर डायबीटीज कंट्रोल करता है विटमिन-डी

भारत के संबंध में माना जाता रहा है कि यहां पर्याप्त मात्रा में और लगभग पूरे साल धूप आती है, ऐसे में भारतीयों में पर्याप्त मात्रा में विटमिन-डी होता है। लेकिन इस बारे में हुई रिसर्चर्स कुछ और ही हाल बयां करती हैं।

भारतीय महिलाओं की बड़ी समस्या के रूप में उभरा है बढ़ता हुआ मोटापा और शुगर की समस्या। लेकिन इन दोनों ही परेशानियों से बचने का तरीका हाल ही एम्स और डायबीटीज फाउंडेशन ऑफइंडिया द्वारा सुझाया गया है। एम्स और डीएफआई के द्वारा संयुक्त रूप से की गई रिसर्च में सामने आया है कि अगर प्री-डायबिटिक महिलाएं विटमिन-डी का सही मात्रा में सेवन करें तो वे अपने मोटापे और शुगर दोनों को कंट्रोल में रख सकती हैं। अगर हर रोज सही समय पर धूप में रहा जाए, तब भी ये दिक्कतें दूर रहती हैं।

रिसर्चर्स ने अपने इस शोध में 20 से 60 साल की उम्र की महिलाओं को शामिल किया, जो प्री-डायबिटिक थीं। इन महिलाओं का वजन भी सामान्य से अधिक था। शोधकर्ताओं ने पाया कि रिसर्च के दौरान जिन डायबिटिक महिलाओं को रेग्युलर ट्रीटमेंट के साथ विटमिन-डी के सप्लिमेंट्स भी दिए गए, उनमें ब्लड शुगर और ग्लूकोज की मात्रा नियंत्रित होती चली गई। जबकि जिन महिलाओं को विटमिन-डी नहीं दिया गया, उनका प्लेसबो सैंपल साफतौर पर उनमें डायबीटीज के बढ़ते स्तर को दिखा रहा था। खास बात यह है कि विटमिन-डी के सप्लिमेंट्स से ना केवल इन महिलाओं का ग्लूकोज लेवल सामान्य के आस-पास आ गया बल्कि इनके बॉडी फैट में भी काफकमी आ गई।

विटमिन-डी की डिफिसिऐंसी एक कॉमन पब्लिक हेल्थ ईश्यू है। यानी केवल भारत में ही नहीं बल्कि दुनियाभर में विटमिन-डी की कमी के चलते कई तरह की परेशानिया पब्लिक हेल्थ ईश्यू के रूप में उभर रही हैं। भारत के संबंध में माना जाता रहा है कि यहां पर्याप्त मात्रा में और लगभग पूरे साल धूप आती है, ऐसे में भारतीयों में पर्याप्त मात्रा में विटमिन-डी होता है। लेकिन इस बारे में हुई रिसर्चर्स कुछ और ही हाल बयां करती हैं।

इस स्टडी के ऑर्थर और फोर्टिस हॉस्पिटल के चेयरमेन डॉक्टर अनूप मिश्रा के अनुसार, अलग-अलग स्टडी में सामने आया है कि भारतीयों में विटमिन-डी की कमी व्यापक स्तर पर है और इसकी बड़ी वजह है पेट का बढ़ा हुआ फैट। भारतीय महिलाओं में विटमिन-डी की कमी की एक बड़ी वजह यह भी है कि ज्यादातर महिलाएं घर संभालने का काम करती हैं और उनका पहनावा भी ऐसा है कि उनकी पूरी बॉडी कपड़ों से ढकी रहती है। इस कारण उन्हें सनएक्सपोज़र नहीं मिला पाता और शरीर को पर्याप्त मात्रा में धूप नहीं मिल पाने के कारण उनके शरीर में विटमिन-डी की कमी होने लगती है।

बीवी या गर्लफ्रेंड की उम्र 30 साल होने पर जरूर करें ये काम

फिट और खूबसूरत बॉडी हम सभी चाहते हैं। लेकिन उस बॉडी की सेहत को बनाए रखने के लिए जब मेडिकल चेकअप्स की बात आती है तो हम पूरी तरह लापरवाह हो जाते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। महिलाओं को 30 की उम्र के बाद खुद को कहीं अधिक प्यार करना चाहिए। क्योंकि यह उम्र महिलाओं की जिंदगी का सबसे खूबसूरत पड़ाव मानी जाती है।

आज के समय में 30 की उम्र के बाद महिलाओं का मेडिकल चेकअप के लिए डॉक्टर के पास जाना सब कामों में सबसे आखिरी काम हो सकता है। लेकिन नियमित जांच से आपकी सेहत और बाद में आपकी जान भी बच सकती है। यहां हम आपको 5 ऐसे मेडिकल टेस्ट के बारे में बता रहे हैं, जो महिलाओं को 30 की उम्र के बाद एक निश्चित समय पर जरूर करवाने चाहिए। अगर आपकी पत्नी या गर्लफ्रेंड इसे लेकर सीरियस नहीं है तो उन्हें सेहतमंद रखने की जिम्मेदारी आपकी बनती है...

पैम स्मियर टेस्ट

यह टेस्ट उन सभी महिलाओं को करवाना जरूरी है, जिनकी उम्र 30 साल या उससे ज्यादा है। गाइनी एक्सपर्ट अदिति शर्मा कहती हैं, यह टेस्ट उन महिलाओं के लिए भी जरूरी है, जो सेक्शुअली ऐक्टिव हैं। डॉक्टर की अडवाइस से इसे 1 से तीन साल में रिपीट करवाते रहना चाहिए। अगर सेल्स में किसी तरह के बदलाव पाए जाते हैं, तो यह टेस्ट इससे भी कम समय में रिपीट करवाना पड़ सकता है। दरअसल, कई बार यह प्रॉब्लम तब पता चलती है, जब बहुत देर हो चुकी होती है। पैप स्मियर टेस्ट से यूटरस कैंसर का समय रहते पता किया जा सकता है। यही नहीं, इस टेस्ट से यूटरस की हेल्थ स्टेज भी पता चल जाती है। आपको बता दें कि दुनिया भर में पिछले चार से पांच साल के अंदर यूटरस का कैंसर छह से सात फीसदी बढ़ा है।

मॉर्निंग स्ट्रेस हो जाएगा छूमंतर अपनाकर देखें ये आसान टिप्स

सुबह उठते ही अपने बच्चे के लिए टिफिन बनाना, उन्हें तैयार करना और समय पर स्कूल बस ?में बिठाना, हज्बंड के लिए लंच पैक करना, इसके बाद फिर फैमिली का ब्रेकफास्ट, घर की सफाई और अगर जॉब करती हैं तो ऑफिस के लिए भागदौड़ यह आपको टेंशन में लाने और स्ट्रेस देने के लिए काफी है। लेकिन सुबह के इस तनाव से कैसे बच सकते हैं, इसके लिए ध्यान रखें कुछ बातों का... रात को ही कर लें थोड़ी बहुत तैयारीतनाव से बचने के लिए सुबह के लिए थोड़ी बहुत तैयारी रात को ही कर लें। बच्चे को स्कूल के लिए समय पर उठा लें, ताकि हड़बड़ी से बच पाएं और तसल्ली से टिफिन बनाकर उसे बस तक छोड़ सकें।

एक दिन रखें अपनी छुट्टी का

आपको रेस्ट करना भी बेहद जरूरी है। ऐसा नहीं होना चाहिए कि आप दिन रात खटती रहें। क्योंकि अगर आप तनाव में काम निपटाती रहेंगी, तो काम खराब होने के चांस ज्यादा रहेंगे। ऐसे कामों से अपने दिन की योजना न बनाएं, जिन्हें आप एक साथ नहीं संभाल सकतीं। महीने में कुछ दिन ऐसे तय करें, जब आप खाना नहीं बनाएंगी या फिर रोजमर्रा के काम नहीं करेंगी। यानी कि एक दिन आपकी छुट्टी का हो। कामों को उतना ही बढ़ाएं, जितना जरूरी है। तनाव महसूस करने पर योग करें या फिर अच्छा संगीत सुनें।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ऐसा नहीं कि कुछ भी अपने माइण्ड में

ऐसा नहीं कि कुछ भी अपने माइण्ड में नहीं है। सच तो यह है कि अपनी पोस्ट डिमांड में नहीं है।। पढ़ते हैं मुस्कुराते हैं लोग पसंद भी करते हैं। आचार संहिता के चलते फसना कांड में नहीं है।।

राजकुमार शर्मा

झोले में मुकद्दर लेकर मत चलिए भरे

झोले में मुकद्दर लेकर मत चलिए भरे हैं खरीदार दो कौड़ी में बिक जायेंगे। लिए मुट्ठी में खनक अठन्नी चवन्नी का हाथ मलते रह जायेंगे। फ़क़ीर नहीं है आप खुदा तो खुदा खुद को ना ढूंड पाएंगे। सौ तालों में रखिये मुकद्दर नहीं तो भरे बाजार बिक जायेंगे।

राकेश मिश्रा

खास पाती | कभी कभी मैं निपट अकेली पड़

कभी कभी मैं निपट अकेली पड़ जाती हूँ रिश्तों का ये जंगल जितना घना दिखाई देता है वो उतना घना नहीं है शायद हर रिश्ते को कुछ न कुछ तो बदल चाहिए बिना बदल के जो रिश्ता है वो ही तो असली है लेकिन उसका मिलना पारस के मिलने जैसा ही मुश्किल ठहरा फिर भी मैं उम्मीद लगाए बैठी हूँ कि इक दिन वो पारस खुद मेरी झोली में गिर ही जाएगा क्योंकि मेरा खुद से रिश्ता बिना बदल है ....!

अंजना सिंह सेंगर

कुछ मन ऐसे भी होते हैं इस दुनिया

कुछ मन ऐसे भी होते हैं इस दुनिया में जो औरों के मन को समझने की हर संभव प्रयास करते हैं और उसी अनुसार बर्ताव करते हैं ताकि उस मन को कष्ट न हो....ऐसे मन जानते हैं अपने आप में घुटते रहने की तकलीफकिसी के द्वारा न समझे जाने का दर्द... इनकी आँखों में समाया होता है इक इंतजार....एक ऐसे मन का जो उसे समझे उसका साथ दे...।

निभा चौधरी

जब आपने खुद ही बनाई होती है

जब आपने खुद ही बनाई होती है दुनिया अपनी तो रहेंगे ही कुछ दुश्मन राह में अक्सर मिल ही जाएगी कुछ उलझन गली-चौराहे पर कसैले अनुभवों के पलछिन भी सामने आएँगे, शून्य से दिखते दुर्दिन भी नज़र मिलाएँगे पर राह का हर अमावस पीछे हट जाएगा गर साथ हो एक मित्र ज़िद्दी जुगनू की तरह!! **कल्याणी कबीर**

सहर से शाम तक जब तुम मेरे ही

सहर से शाम तक जब तुम मेरे ही पास रहते थे गुलों से महके महके तब मेरे अहसास रहते थे जिसे चाहूँ करूँ पूरा, जिसे चाहूँ मिटा दूँ मैं.. हज़ारों ख़ूवाब मेरी आँख में बन दास रहते थे सहर से शाम तक जब तुम मेरे ही पास रहते थे ?? **ममता लड़ीवाल**

ज़हर जिंदगी का हँस हँसकर यूँ

ज़हर जिंदगी का हँस हँसकर यूँ पीती जा रही जिंदगी। जिंदा हूँ यही कह कहकर बस जीती जा रही जिंदगी। रात के अंधेरों में भी अब तो दिन का हौसला चाहिए, इंतजार के काँधे पर देखो फिसलती जा रही जिंदगी। **किरण मिश्रा**

वो जो अल्हड़ सी चहकती है संजीदगी

वो जो अल्हड़ सी चहकती है संजीदगी बहुत छुपाकर रखती है। होठों पर हंसी , बातों में चुहल आंखें सबसे बचाकर रखती है। ऐसा नहीं कि दरिया नहीं है आंखों में आब हंसी में दबाकर रखती है। हाल ए दिल पुछती है लेकिन अपने दरों दीवार से दर्पण हटाकर रखती है। यकीं बहुत है मुहब्बत पर उसको बस आग से दामन बचाकर रखती है। **अमित अम्बष्ट**

जब से सुना हु मै तो त्याग प्रभु

जब से सुना हु मै तो त्याग प्रभु रामजी का तब से ही? राम जी का भक्त हो? गया हु मै रुंड बिन? मुंड के लड़े है मेरे देश मे तो मुंड से प्रवाहित वो रक्त हो गया हु मै जब से पढ़ा है इतिहास वो विनाश का तो तब से ही काफी ज्यादा सख्त हो गया हु मै बात कोई सत्य किंतु नापसंद हो? जो

लघु कथा- चतुराई

एक ग़रीब आदमी था। एक दिन वह राजा के पास गया और बोला- 'महाराज, मैं आपसे कर्ज़ मांगने आया हूं। कृपा कर आप मुझे पांच हजार रुपये दें। मैं पांच वर्ष के अंदर आपके रुपये वापस कर दूंगा।' राजा ने उसकी बात पर विश्वास कर उसे पांच हजार रुपये दे दिए। पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी जब उस व्यक्ति ने राजा के पांच हजार रुपये नहीं लौटाये तब राजा को मजबूरन उसके घर जाना पड़ा। लेकिन वहां वह व्यक्ति नहीं मिला। जब भी राजा वहां जाता बहाना बना कर उसे वापस भेज दिया जाता। एक दिन फिर राजा उस व्यक्ति के घर गया। वहां और कोई तो नहीं दिखा, एक छोटी लड़की बैठी थी। राजा ने उसी से पूछा- 'तुम्हारे पिता जी कहा हैं ?' लड़की बोली- 'पिताजी स्वर्ग का पानी रोकने गये हैं।' राजा ने फिर पूछा- 'तुम्हारा भाई कहां है ?' लड़की बोली- 'बिना झगड़ा के झगड़ा करने गये हैं।' राजा के समझ में एक भी बात नहीं आ रही थी। इसलिए वह फिर पूछता है- 'तुम्हारी माँ कहां है ?' लड़की बोली- 'मां एक से दो करने गई है।' राजा उसके इन ऊल-जुलूल जवाब से खीझ गया। वह गुस्से में पूछता है- 'और तुम यहां बैठी क्या कर रही हो?' लड़की हंसकर बोली- 'मैं घर बैठी संसार देख रही हूं।'राजा समझ गया कि लड़की उसकी किसी भी बात का सीधा जवाब नहीं देगी। इसलिए उसे अब इससे इन बातों का मतलब जानने के लिए प्यार से बतियाना पड़ेगा। राजा ने चेहरे पर प्यार से मुस्कान लाकर पूछा- 'बेटी, तुमने जो अभी-अभी मेरे सवालों के जवाब दिये, उनका मतलब क्या है ? मैं तुम्हारी एक भी बात का मतलब नहीं समझ सका।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत और विश्व इतिहास में 19 जनवरी की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैंः- 1597 - मेवाड़ के राजपूत महाराणा प्रताप सिंह का निधन। 1668 - किंग लुईस चौदहवां तथा सम्राट लियोपेल्ड प्रथम ने स्पेन के बंटवारे को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किये। 1839 - ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने यमन के शहर अदन को जीत लिया। 1910 - जर्मनी तथा बोलिविया के वाणिज्यिक तथा दोस्ताना समझौता समाप्त। 1920 - अलेक्जेंडर मिलरैंड ने फ्रांस में सरकार का गठन किया। 1921 - मध्य अमेरिकी देशों कोस्टारिका, ग्वाटेमाला, होंडूरास तथा अल सल्वाडोर ने समझौते पर हस्ताक्षर किये। 1927 - ब्रिटेन सरकार ने अपनी सेना चीन भेजने का निर्णय लिया। 1938 - जनरल मोटर्स ने डीजल इंजन का बड़े स्तर पर उत्पादन शुरू किया।



खरीदी केंद्रों में धान का पहाड़, उठाव में देरी

■ अभी मिलर ही उठा रहे, संग्रहण केंद्रों के लिए जारी नहीं हो रहा आदेश

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर नित नए नियम से किसान तो परेशान है ही अब खरीदी केंद वाले भी धान के धीमी उठाव से परेशान हो रहे है । अभी सिर्फमिलरों को ही खरीदी केंद्रों से धान परिवहन करने का आदेश मिल रहा है एक माह तक ओपन केंद्रों के लिए धान उठाने का आदेश जारी ही नही हुआ । अभी दो दिन पहले ही सिर्फ 2ओपन केंद्रों को धान परिवहन के लिए आदेश जारी हुआ है । समय पर उठाव नही होने से खरीदी केंद्रों में धान का पहाड़ लगते जा रहा है । मिलर वाले भी स्वर्णा धान नही उठा रहे है ।

इस बार धान खरीदी के नियमो में लगातार बदलाव से किसानों को अच्छी खासी परेशानी हो रही थी । भुगतान की स्थिति भी ठीक नही है । अधिकांश खरीदी केंद्रों के किसानों को सप्ताह भर से ज्यादा हो गया उनके खाते में राशि जमा नही हो पाई है । बैंक सूत्रों का कहना है कि खरीदी केंद्रों से जिन किसानों का विवरण आता है उसे रायपुर भेजा जाता है । वह सूची प्रतिदिन रायपुर से दिल्ली भेजा जाता है । वहां से पूरी तरह छानबीन के बाद जब सूची वापिस आतीहै तभी किसानों के खाते में राशि जमा की जाती है । इसी वजह से भुगतान में देरी हो रही है।

खरीदी केंद्रों में समय समय पर निरीक्षण के लिए नोडल अधिकारी बनाये गए है। जिसमे तमाम विभाग के अधिकारयियो की ड्यूटी लगाई गई है। जो उनके विभाग के अलावा अतिरिक्त कार्य कर रहे है। अधिकांश नोडल अधिकारी खरीदी केंद्रों में जाकर सिर्फ विवरण ले रहे है, किसानों की समस्या और खरीदी केंद्रों में हो रही परेशानी से उन्हें कोई मतलब नही रहता जबकि खरीदी में आ रही दिक्कतों और किसानों की परेशानी से उन्हें जिला प्रशासन के सम्बंधित अधिकारियो को तत्काल अवगत कराकर उसका निराकरण भी करवाना चाहिए। पिछले हफ्ते बारिश के कारण कई खरीदी केंद्रो में रखे धान भींग गये। जिससे हजारों क्विंटल धान खराब होने की स्थिति में है । अधिकांश केंद्रों में चबूतरा नही बना बनवाने और जमीन में ही धान की बोरियां रखने की वजह से बारिश का पानी धान की बोरियों में चला गया अब बारिश में भीगे धान को लेकर विवाद होगा।

युवा उत्सव में युवाओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा, जीते कई पुरस्कार

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । राज्य स्तरीय युवा उत्सव में बिलासपुर जिले के युवाओं ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया और कई पुरस्कार जीते। जिले के युवाओं ने दस विधाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

राजधानी रायपुर में 12 से 14 जनवरी तक आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के युवाओं को भाग लेने का मौका मिला। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को तो पहली बार कोई ऐसा मंच मिला, जहां वे अपने अंदर छुपी प्रतिभा को सामने ला सके। 40 वर्ष से अधिक युवाओं ने भी विविध प्रतियोगिताओं में अपना जौहर दिखाया।

राज्य स्तरीय युवा उत्सव में जिले के युवाओं ने 24 विधाओं में हिस्सा लिया। जिसमें शास्त्री गायन कर्नाटक शैली में बिल्हा विकासखंड की कुमारी व्ही.सी.आर.एल.वैष्णवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी विकासखंड के यशराज ने गिटार वादन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फुगड़ी प्रतियोगिता में 15 से 40 आयु वर्ग में कुमारी उर्मिला पटेल विकासखंड मस्तूरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तबला वादन में विकासखंड मस्तूरी के कमलेश कुमार चंद्राकर ने तृतीय स्थान, कत्थक में तिफ्रा बिलासपुर की छात्रा कुमारी जान्हवी खरे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोकनृत्य में मस्तूरी विकासखंड के संत संगम पंथी दल और राऊत नाचा में डॉ.सी.वी.रमन विश्वविद्यालय कोटा के दलों ने अपने जोशीले नृत्य से निर्णायकों के साथ-साथ दर्शकों का भी मन मोह लिया। दोनों दलों को अपने-अपने वर्ग में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। पुरूषों की कबड्डी प्रतियोगिता में विकासखंड मस्तूरी का दल द्वितीय स्थान पर रहा। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल भौंरा में 40 वर्ष से अधिक के युवा माहिर निकले। महिला और पुरूष दोनों वर्ग में जिले के प्रतिभागियों ने पुरस्कार जीते। महिला वर्ग में कुमारी दुर्गा यादव और पुरूष वर्ग में श्री अजय कुमार तिवारी ने सधे हुये हाथों से भौंरा चलाकर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। दोनों प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कलेक्टर डॉ.संजय अलंग ने विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और उनका उत्साहवर्धन किया।

रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवकों से लाखों की ठगी

पीड़ित युवकों ने सिविल कोर्ट कर्मचारी पर फर्जीवाड़ा का लगाया आरोप

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा देकर कई बेरोजगार युवकों से लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आज तोरवा थाने पहुंचकर दो पीड़ित युवकों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई।

बिलाईगढ़ सिविल कोर्ट में बतौर डाटा एंट्री ऑपरेटर काम करने वाले विजेंद्र सिंह ठाकुर ने इन युवकों को झांसा दिया था कि वह अपने कोर्ट की महिला मजिस्ट्रेट का बेहद करीबी है और उन्हीं के नाम का इस्तेमाल करते हुए उसने युवकों को रेलवे में आसानी से नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। इसके एवज में उसने सभी से साडे 9 लाख रुपये की मांग की थी। रेलवे में स्थाई नौकरी के झांसे में आकर कई युवकों ने विजेंद्र सिंह ठाकुर को साडे 9 लाख रुपए अलग-अलग किस्तों में दे दिए, लेकिन उसने किसी की भी नौकरी नहीं लगाई और ना ही रकम वापस लौटाई। बिलासपुर नूतन चौक में रहने वाला सनी प्रजापति भी उसका शिकार बना। इसी तरह तखतपुर मुरू गांव का रहने वाले हेमंत पटेल से भी विजेंद्र सिंह ठाकुर ने साढ़े नौ लाख रुपए ऐठ लिए। धमतरी के दुर्गा पटेल जैसे और भी कई युवकों से विजेंद्र सिंह ठाकुर ने अलग-अलग तिथियों पर लाखों रुपए लिए हैं। यह रकम करोड़ों में पहुंचने की बात कही जा रही है। इस मामले में तोरवा पुलिस ने हेमंत पटेल और सनी प्रजापति की शिकायत पर मामले को जांच में ले लिया है। उम्मीद की जा रही है कि विजेंद्र सिंह ठाकुर एक मोहरा हो सकता है । कोई पूरा रैकेट रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर इस तरह का गोरखधंधा कर रहा है। पुलिस अगर ईमानदारी से जांच करें तो कई सफेदपोश चेहरे भी बेनकाब हो सकते हैं। उम्मीद की जा रही है कि विजेंद्र सिंह ठाकुर ने दर्जनभर से अधिक बेरोजगार युवकों के साथ फर्जीवाड़ा किया है जिसका खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा।

बदनामी से बचने बेटी के अपहरण की झूठी कहानी गढ़ी

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। कुसमुंडा थाना क्षेत्र के एक गांव में यह मामला सामने आया है। यहां निवासरत किसान परिवार की 22 वर्षीय युवती शुक्रवार की रात घर से भाग गई। माता-पिता को इसकी भनक रात में ही लग गई और उन्होंने बदनामी से बचने बेटी के अपहरण की झूठी कहानी गढ़ ली। अपहरण की अफवाह को सच बताने उन्होंने इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से मकान के पिछले हिस्से की दीवार पर सेंधमारी भी की थी। शिकायत लेकर वे कुसमुंडा थाना पहुंचे। पुलिस की सक्रियता से युवती सकुशल मिल गई जिसने प्रेमी के साथ भागने की सच्चाई बताई और दीवार में सेंधमारी करने से इनकार कर दिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर मां-बाप का सच सामने आ गया। जांच पड़ताल के बाद खुलासा हुआ कि बेटी के घर से भाग जाने की बदनामी से बचने माता-पिता ने झूठी कहानी गढ़ी थी। इस घटना के बाद जहां क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा वहीं पुलिस भी सख्ते में आ गई थी। मामला घर में सेंधमारी कर युवती के अपहरण का था लिहाजा पुलिस ने उसे ढूंढने पूरी ताकत झोंक दी थी।

मलबा घर के अंदर मिला

युवती के माता-पिता ने दीवार पर छेद घर के अंदर से ही किया जिसकी वजह से मिट्टी घर के अंदर ही मिली। मौके पर पहुंची पुलिस की नजर उस पर पड़ी और माजरा समझने में देर नहीं लगी। पुलिस को पता चल गया था कि घर के भीतर से ही दीवार में छेद किया गया है। लिहाजा माता-पिता पर सख्ती बरती गई जिससे उन्होंने सच कबूल कर लिया। कुसमुंडा पुलिस के अनुसार पुलिस को गुमराह करने वाले माता-पिता के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

गेवरा बस्ती में मिली युवती

परिजनों ने युवती को नाबालिग होना बताया था जबकि घर में अंकसूची की जांच करने पर वह 22 साल की निकली। इसके साथ ही पुलिस ने गेवरा बस्ती में अपने एक परिचित के यहां ठहरी युवती को भी बरामद कर लिया। उसने बताया कि बिलासपुर में रहने वाले एक युवक से वह प्यार करती है और उससे शादी करना चाहती है जिसके साथ जाने के लिए ही वह घर से निकली थी। उसने दीवार में सेंधमारी से भी इनकार किया था।

पल्स पोलियो अभियान 19 जनवरी को

बिलासपुर । विश्व पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस का आयोजन 19 जनवरी 2020 को किया गया है। इस दिन बिलासपुर जिले के सभी विकासखंडों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। इसके लिये 1948 टीकाकरण केन्द्र बनाये गये हैं। जहां प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक बच्चों को दवा का सेवन कराया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बिलासपुर ने बताया कि राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 19 जनवरी 2020 को केवल एक ही चरण में संचालित होगा। इसके लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्ययोजना तैयार की जा चुकी है। जिले की आबादी लगभग 24 लाख 63 हजार 633 है, जिसमें 0 से 5 वर्ष तक के लगभग 3 लाख 16 हजार 585 लक्षित बच्चे है। इन बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने के लिये पूरे जिले में 1948 बूथ बनाये गये हैं एवं 3 लाख 58 हजार 98 घरों में भी 20 एवं 21 जनवरी 2020 को कार्यकर्ता घर-घर भ्रमण कर छूटे हुये बच्चों को व दुर्गम पहुंच विहीन क्षेत्रों में जाकर पोलियो दवा पिलाएंगे। रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड में भी मोबाईल टीम तैनात रहेगी जो आने-जाने वाले यात्रियों के बच्चों को दवा पिलाएंगे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद हेतु आवेदन 03 फरवरी तक

बिलासपुर । एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी क्षेत्र में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका पदों पर नियुक्ति के लिये 3 फरवरी तक आमंत्रित किया गया है। बिलासपुर शहर के वार्ड क्रमांक 25, 36 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के दो पद एवं वार्ड क्रमांक 17, 31, 62, 18, 40, 69 एवं 55 में सहायिका के पदों के लिये आवेदन आमंत्रित किया गया है। रिक्त पदों की विस्तृत जानकारी तथा निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दिया गया है। इच्छुक आवेदनकर्ता 20 जनवरी से 3 फरवरी 2020 तक प्रातः 10.30 बजे से 5.30 बजे तक बंद लिफाफा में अथवा पंजीबद्ध डाक से आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

पल्स पोलियो अभियान हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

बिलासपुर । जिले के सभी विकासखंड एवं शहरी क्षेत्र में शून्य से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिये राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 19 जनवरी को आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर जिला टीकाकरण शाखा कक्ष में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07752-493809 है एवं ई-मेल diobsp@gmail.com है। इसके लिये दो पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें 19 से 21 जनवरी 2020 तक प्रथम पाली में प्रातः 8 से दोपहर 2 बजे तक श्री सौरभ शर्मा सचिवीय सहायक तथा संतोष यादव भृत्य तथा द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक दिनेश कुमार सिंगरौल सचिवीय सहायक (Immu.) तथा राजेश साहू भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है।

प्लेसमेंट कैम्प में 114 आवेदक चयनित

बिलासपुर । मॉडल कैरियर सेंटर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोनी बिलासपुर द्वारा 16 जनवरी 2020 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 12 नियोजक (कम्पनी) उपस्थित हुए। प्लेसमेंट कैम्प में 550 पदों के विरूद्ध 272 आवेदक साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुए। जिसमें 114 आवेदक अंतिम रूप से चयनित हुए।

गौरेला पेंड्रा मरवाही के ओएसडी पुलिस बनाए गए सूरज सिंह

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । आईजी प्रदीप गुप्ता और एसपी प्रशांत अग्रवाल के द्वारा एसपी का बैज लगाकर उनका स्वागत किया गया जिसके साथ ही उनको नए जिले के ओएसडी का दायित्व सौंपा गया।

उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त करने के बाद नए ओएसडी सूरज सिंह ने गौरेला पेंड्रा मरवाही के व्यवस्थापन के लिए गठित कमेटी की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही साथ नए जिले का प्रभार लेते हुए वह नए जिले के क्षेत्रीय भ्रमण पर रवाना हो गए हैं। छत्तीसगढ़ के 28 वें जिले के पुलिस विभाग के ओएसडी सूरज सिंह इसके पूर्व दंतेवाड़ा में 1 साल तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का दायित्व संभाल चुके हैं और नक्सल प्रभावित क्षेत्र में नक्सल उन्मूलन के लिए अभियान चलाते हुए उल्लेखनीय योगदान दिया। जबकि इसके पहले कल उन्होंने बिलासपुर पहुंचकर आईजी कार्यालय में अपनी आमद दर्ज कराई। आज बैज लगाए जाने के बाद ही उन्होंने नए जिले के ओएसडी के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। नए जिले के अस्तित्व में आते ही सूरज सिंह ने जिले के पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभाल लेंगे।

खदान में डीजल चोरी, कर्मी को निलंबित करने प्रक्रिया शुरू

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। एसईसीएल दीपका क्षेत्र की कोयला खदान में डीजल चोरी करते पकड़े गए तीन आरोपियों को जेल का रास्ता दिखा दिया गया है। इनमें एक एसईसीएल कर्मी शामिल है। उसे निलंबित किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही निलंबन आदेश प्रबंधन का कार्मिक विभाग जारी करेगा। दीपका क्षेत्र मुख्यालय के कार्मिक मुख्यालय से जानकारी मिली है कि डीजल चोरी के प्रकरण में एक कर्मचारी की भूमिका के संबंध में उसे प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। उक्तानुसार संबंधित को कंपनी की सेवा शर्तों के अंतर्गत निलंबित किए जाने के लिए प्रक्रिया जारी है। इसके अनुसार उस पर शिकंजा कसा जाएगा। जगदीश गभेल नामक कर्मचारी एसईसीएल दीपका में फीटर के तौर पर कार्यरत है, जिसके खिलाफ दीपका थाना ने मामला दर्ज किया है। दो दिन पहले दीपका खदान में रात्रि गश्त के दौरान सीआईएसएफ की टीम ने यहां इस कर्मचारी के साथ दो और लोगों को पकड़ा था। ये एक वाहन से डीजल चोरी कर रहे थे, जो खदान क्षेत्र में खड़ा हुआ था। सीआईएसएफ ने आरोपियों को स्थानीय पुलिस के सुपूर्द किया और इस बारे में प्राथमिकी भी दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण में कार्रवाई करते हुए आरोपियों को कटघोरा कोर्ट में पेश किया, जहां से वे जेल भेज दिए गए । कर्मचारियों के ऐसे मामलों में विभागीय नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जानी प्रावधानित है। दीपका क्षेत्र के कार्मिक विभाग ने पुष्टि की है कि संबंधित कर्मी की चोरी में भूमिका की रिपोर्ट मिलने के साथ अब आगे की कार्रवाई करने के लिए प्रक्रिया की जा रही है। उच्चाधिकारियों को उसकी जानकारी दे दी गई है। कई तरह से पड़ता है असर निलंबन और इस तरह की अन्य अनुशासनात्मक कार्रवाई का असर शासकीय के साथ कार्पोरेट सेक्टर में काम करने वाले कर्मियों की सेवाओं पर पड़ता है।

डिजिटल से अनभिज्ञ लोग जुड़ रहे हैं कम्प्यूटर और नेट से

मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम बना जरिया

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम में नगरीय क्षेत्रों के 14 से 60 वर्ष आयु वर्ग के डिजिटल असाक्षरों को उनकी सुविधानुसार प्रतिदिन 2 घंटे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम से लोगों में शिक्षा के साथ-साथ कम्प्यूटर और इंटरनेट की दुनिया से उन्हे जोड़ने का सपना साकार होने लगा है।

इस कार्यक्रम से विशेषकर महिलाओं के हौसलों और उनके उम्मीदों को नई उड़ान मिल रही है। बिलासपुर जिले के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में सरकंडा तथा नगर पंचायत बिल्हा में अब तक आठ-आठ बैच पुरे हो चुके हैं, पूरे बैच मिला के दोनों केंद्रों में अब तक कुल 416 शिक्षार्थी पंजीकृत हुए थे जिसमें से 397 प्रशिक्षाणार्थियों ने आनलाईन वाह्य मूल्यांकन के जरिये सफलता अर्जित की है।

छत्तीसगढ़ शासन का नवाचारी कार्यक्रम गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़ थीम के अंतर्गत मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए संचालक राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण एस प्रकाश (आई ए एस) ने ई- साक्षरता केन्द्र बंधवा पारा सरकंडा बिलासपुर का निरीक्षण किया। शिक्षार्थियों को सशक्त, डिजिटल रूप (इंटरनेट) में आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया।

जिला परियोजना अधिकारी जीतेन्द्र पाटले ने बताया कि शिक्षार्थियों के लिये ई साक्षरता केंद्र को आकर्षक एवं सुसज्जित बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में अपनी तरह का यह एक विशेष कार्यक्रम है जिसमें 30 दिन के पाठ्यक्रम में कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी के साथ वित्तीय साक्षरता कानूनी साक्षरता चुनावी साक्षरता श्रेष्ठ पालकत्व ऑनलाइन भुगतान आत्मरक्षा सहित सोशल मीडिया इत्यादि का भी ज्ञान कराया जाता है।

छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां ई-साक्षरता केंद्रों के माध्यम से शहरी क्षेत्रों के झुग्गी आवासों में निवासरत महिला समूहों को निःशुल्क व गुणवत्ता पूर्वक परिणाममूलक कम्यूटर एवं मोबाईल प्रशिक्षण 14 से 60 वर्ष के आयु समूह के लोगों को दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत एक माह के अध्ययन काल में व्यक्ति को ई-साक्षर बनाने के साथ डिजिटल डिवाइस जैसे कम्यूटर, टैबलेट, मोबाईल, का उपयोग कर सके और ई-मेल प्राप्त कर उन्हे भेज भी सके इसकी भी जानकारी दी जा रही हैं साथ ही सूचना के लिए इंटरनेट का उपयोग भी कर सके इसके लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्तमान में बिलासपुर सरकंडा के बजरंग चैक बंधवापारा के सामुदायिक भवन में तथा बिल्हा के जनपद प्राथमिक शाला में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के पाठ्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत दोनों केंद्रों में निर्मित कम्प्यूटर लैब एवं टैबलेट के माध्यम से डिजिटल असाक्षर शिक्षार्थी नियमित रूप से कम्प्यूटर और इंटरनेट की बेसिक जानकारियो को भी सीख रहे है। इस प्रशिक्षण में प्रतिदिन बेरोजगार युवक, युवतियां गृहणी, कामकाजी महिलाएं सास बहू ननंद देवरानी जेठानी सभी कम्प्युटर सीखते हुए अपना भविष्य निखार रहे हैं।

ई-साक्षर बनने में लड़कों की तुलना में लड़कियों ने ज्यादा रूची दिखाई है। एक माह तक प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद शिक्षार्थियों को छोटे-छोटे काम के लिए कम्प्यूटर दुकान का चक्कर लगाने से मुक्ति मिल रही है। प्रशिक्षण के बाद अब वे डिजीटल साक्षर होकर कैश लेस लेनदेन, ई-भुगतान, डिजीटल लॉकर का उपयोग आसानी से कर सकेंगे। इसके अलावा दस्तावेजों की ई-शेयरिंग करने में भी वे सक्षम हो जाएंगे। वहीं इंटरनेट की सहायता से ऑनलाइन सेवा के द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी मोबाइल व कम्प्यूटर पर प्राप्त कर सकेंगे।

न्यूज गैलरी

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने नपाध्यक्ष से की भेंट

महासमुंद। नगरपालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर का महासमुंद शहर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने अभिनंदन किया। सौजन्य भेंट करने शुक्रवार को कार्यकर्ता-सहायिकाएं नगरपालिका पहुंची थी। भेंट-मुलाकात के बाद पालिकाध्यक्ष ने आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्था, सुविधा, संसाधन की जानकारी ली और समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान सभापति राजेंद्र चंद्राकर, जुझारू आंगनबाड़ी संगठन की प्रदेश उपाध्यक्ष सुधा रात्रे, जिलाध्यक्ष सुलेखा शर्मा, जिला सचिव शबीना मेमन, अहिल्या मरकाम, रागिनी चंद्राकर, रूपा भारती, अंजू चंद्राकर, मंजू ठाकुर, कुसुम नामदेव, ललिता नंदे, हाजरा निशाखान, लल्ली आर्य आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पंप और केबल चोरी

महासमुंद। डीघेपुर में अज्ञात ने खेत से सबमर्सिबल पंप पार कर दी। किसान जोगीराम ध्रुव (40) ने गांव के नाला के पास खेत में बोर पंप लगाया था। 9-10 जनवरी की रात अज्ञात ने पंप और केबल वायर चुरा ली। किसान की शिकायत पर पिथौरा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफधारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

पुराने विवाद पर प्राणघातक हमला

महासमुंद। पुराने विवाद पर युवक ने अधेड़ पर प्राणघातक हमला कर दिया। उन्हें बागबाहरा सरकारी अस्पताल से प्राथमिक उपचार बाद रायपुर रिफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक गुरूवार अपरान्ह डेढ़ बजे बागबाहरा के वार्ड 3 निवासी मदन देवांगन और वार्ड 11 निवासी लोकेश साहू उर्फपप्पू के बीच पुराने विवाद को लेकर मारपीट हुई। लोकेश ने जान से मारने की नियत से मदन पर डंडा से प्रहार कर दिया। जिससे मदन के दाहिने हाथ, पैर व शरीर में चोटें आई। परिजन उन्हे उपचार के लिए बागबाहरा सरकारी अस्पताल ले कर पहुंचे, जहां गंभीर अवस्था में उन्हे रायपुर रिफर कर दिया। पुलिस ने लोकेश साहू पिता परमानंद के खिलाफधारा 294, 323, 307 के तहत अपराध दर्ज किया है।

भाईयों में मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। मवेशी द्वारा खाना को नुकसान पहुंचाने पर दो भाईयों में मारपीट हो गई। बसना थाना क्षेत्र के चनौरडीह निवासी राजिम जगत के अनुसार उनके भाई शत्रुघन जगत ने घर में मवेशी पालन किया है, कुछ मवेशियों को खुला छोड़ देने से आएदिन उनके खाना को नुकसान पहुंचाते हैं। गुरूवार को उनकी पत्नी ने खाना बना कर रसोई में रखा था, जिसे मवेशियों ने नुकसान पहुंचाया। इस पर उन्होने शत्रुघन को मवेशियों को संभालकर रखने समझाइश दी। इससे नाराज शत्रुघन ने मवेशी हकालने के डंडा से उनकी पिटाई की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शत्रुघन के खिलाफधारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

युवक से तीन लीटर शराब बरामद

महासमुंद। दलदली रोड लालदाढ़ी पारा में गुरूवार शाम साढ़े 6 बजे दोपहिया से शराब परिवहन करते एक युवक को पुलिस ने पकड़ा। लभराकला निवासी लिलेश्वर सिन्हा के कब्जे करीब 3 लीटर गोवा शराब बरामद की। जिस पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

फोन पर पूछा ओटीपी, महिलाओं के खाते से निकले 70 हजार

महासमुंद। ओटीपी नंबर पूछकर महिला समूहों के खाते से रुपए कटने का मामला सामने आया है महिलाओं ने इसकी शिकायत बागबाहरा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि दो महिलाओं ने शुक्रवार को इसकी शिकायत दर्ज कराई है। प्रथम दृष्टया यह एटीएम फ्रॉड का मामला लग रहा है। बागबाहरा में इसाफ फाइनेंस बैंक संचालित है। इनके द्वारा 400 महिला समूहों को ब्याज दर पर लोन दिया गया है। लोने देने के बाद कुछ महिलाओं के खाते से तत्काल रुपए गायब हो गए। वार्ड क्रमांक 12 निवासी धनेश्वरी दीप नूतन समिति की सदस्य है। उसने 28 दिसंबर को इसाफ फाइनेंस बैंक से लगभग 60 हजार रुपए लोन लिए थे। इधर, खाते में रुपए जमा होते ही उसके फोन पर अनजान नंबर से फोन आया और खुद को बैंक का अफसर बताते हुए ओटीपी नंबर पूछा, जैसे ही ओटीपी नंबर बताया खाते से 30 हजार रुपए गायब हो गया।

विधायक के प्रयास से नहर लाइनिंग के लिए पौने चार करोड़ स्वीकृत

महासमुंद। विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयास से नहर लाइनिंग कार्य के लिए तीन करोड़ 44 लाख 52 हजार रूपए की स्वीकृति मिली है। उक्त स्वीकृत राशि से कछारडीह जलाशय के नहर लाइनिंग का काम होगा। क्षेत्र के किसानों ने राशि स्वीकृत कराने पर विधायक श्री चंद्राकर का आभार जताया है। विधायक श्री चंद्राकर ने बताया कि क्षेत्र में सिंचाई सुविधा को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कछारडीह जलाशय के नहर लाइनिंग कार्य को लेकर शासन का ध्यानाकर्षित कराया गया। बाद इसके कछारडीह जलाशय नहर लाइनिंग कार्य के लिए तीन करोड़ 44 लाख 52 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रस्तावित कार्यों के उपरांत योजना की रूपांकित सिंचाई 815 हेक्टेयर में 180 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति तथा 70 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में सिंचाई सहित कुल 885 हेक्टेयर में सिंचाई प्रस्तावित है।

कबाड़ के जुगाड़ से बनाए गए आकर्षक विज्ञान मॉडल

■ जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा विभाग द्वारा डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र हायर सेकेण्डरी स्कूल बसंतपुर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अन्तर्गत कबाड़ से जुगाड़ नवाचार के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा क्विज प्रतियोगिता एवं विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किया गया।

प्रतियोगिता में जिले के सभी 9 विकासखण्डों से चयनित शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने नवाचार के तहत अपने आस-पास पाये जाने वाले कबाड़ सामग्रियों की सहायता से बनाए हुए मॉडल प्रदर्शित किए। प्रतिभागियों ने कबाड़ सामग्री जैसे पानी बॉटल, प्लास्टिक से ईंट, आंख के प्रतिबिम्ब, पिस्ता के छिलके से गणित संक्रियाएं और सोलर सिस्टम, खेल-खेल को विज्ञान में दैनिक जीवन से जोड़ना, आओ खेल-खेल में सीखे गणित, सूर्यग्रहण, चंद्रग्रहण, हैण्डपम्प, गणित जोड़ी मिलान, भार मापक धारित मापक जैसे मॉडल बनाए गए थे।

ये विद्यार्थी रहे विजेता: क्विज प्रतियोगिता प्राथमिक स्तर पर प्रथम स्थान विकासखण्ड खैरागढ़ के प्राथमिक शाला कुसियारी कक्षा 5वीं के छात्र हेमन्त कुमार और विकासखंड अंबागढ़ चौकी के प्राथमिक शाला कहाड़कसा कक्षा 5वीं के छात्र दुर्गेश कुमार ने द्वितीय स्थान पर प्राप्त किया। माध्यमिक स्तर पर प्रथम स्थान संयुक्त रूप से माध्यमिक शाला बहेराभाठा, डिलापहरी से कक्षा 8वीं के कु. चेतना वर्मा एवं कु. लक्ष्मी वर्मा विजेता रही।

ये चीजें बनाईं कबाड़ के सामान से

कबाड़ सामान का उपयोग करके वर्षा जल संग्रहण संयंत्र, वाटर पम्प, जल संग्रहण, प्रदूषण मुक्त ऊर्जा, भार मापक धारिता, मापक गणित पहेली, सोलर पम्प, सौर ऊर्जा प्लास्टिक से ईंट, आंख के प्रतिबिम्ब, सिंचाई के तकनीक, नाव मॉडल, जल चक्र, गंदे पानी निकासी का सदुपयोग वाटर फिल्टर, दांत की स्थिति, विद्युत चुम्बकीय प्रभाव आदि विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा आकर्षकविज्ञान मॉडल तैयार किये गये थे।

मिशन समन्वय साहू ने किया शुभारंभ

विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारम्भ जिला मिशन समन्वयक भूपेश कुमार साहू ने किया। उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रतिभावान बच्चे संकुल स्तर से चयनित होकर विकासखण्ड स्तर पर तथा विकासखण्ड स्तर पर चयनित होकर जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। जिला स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा।

चेन स्नैचिंग का एक आरोपी 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार

■ एक अन्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

महासमुंद। 16 जनवरी को दिनदहाड़े शहर में हुई चेन स्नैचिंग मामले में पुलिस ने 48 घंटे के अंदर एक आरोपी को खरियार रोड से गिरफ्तार कर लिया वहीं दूसरा अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। कुछ दिन पूर्व ही दोनों जुए में ढाई लाख रुपए हार गए थे उसी की भरपाई के लिए उन्होंने घटना को अंजाम दिया।

थाना प्रभारी राकेश खुंटेश्वर ने बताया कि 16 जनवरी को क्लबपारा बरगद पेड़ के नीचे और बीटीआई रोड बिजली ऑफिस के पास 2 महिलाओं की अज्ञात ने झपट्टा मारकर चेन लूट ली। घटना के बाद पुलिस ने स्वाध्याय केंद्र और बिजली ऑफिस के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जिससे आरोपियों के विषय में जानकारी मिली। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए उनकी तलाश कर ही रही थी कि विवेचना अधिकारी विनोद शर्मा को मुखबिर से सूचना मिली कि बिना हेलमेट वाला आरोपी सलमान अली है जो खरियार रोड में रहता है। सूचना के आधार पर पुलिस खरियार रोड पुलिस से मदद लेकर सलमान के घर पहुंची लेकिन वह वहां नहीं मिला खोजबीन के दौरान वह लूटी हुई चेन के लिए ग्राहक तलाश रहा था तभी स्टेशन में पकड़ा गया उसके पास से पुलिस ने चेन भी बरामद की। पूछताछ के दौरान उसने अपने दूसरे साथी के बारे में भी बताया जब पुलिस ने दूसरे आरोपी के घर छापा मारा तो वह वहां नहीं मिला।

जुए में हारे ढाई लाख की भरपाई के लिए लूट को दिया अंजाम

पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही उन्होंने जुए में ढाई लाख रुपए हारे थे जिससे वे आर्थिक तंगी से गुजर रहे थे उसकी भरपाई के लिए उन्होंने महासमुंद का रुख किया और वृद्ध महिलाओं को निशाने पर रखा। आरोपी ने बताया कि 15 जनवरी दोपहर एक बजे अपने साथी के साथ लूट और चोरी की नियत से बिना नंबर प्लेट की बाइक से वह महासमुंद आए। दो बजे गुरुद्वारा रेलवे स्टेशन की ओर आ रहे थे तभी एक बुजुर्ग महिला के गले में सोने की चेन देखा स्वाध्याय केंद्र के पास बरगद पेड़ के करीब वृद्धा पहुंची गले से चेन खींचकर रायपुर रोड की ओर भागे। थोड़ी देर बाद खरियार रोड जाने के लिए महासमुंद आए। तीन बजे बीटीआई रोड की ओर गए जहां फिर से एक बुजुर्ग महिला के गले से चेन खींचकर खरियार रोड की ओर फरार हो गए।

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स ऐसोसिएशन ने की मांग

आरटीई के तहत स्कूलों की आरक्षित सीटें न रहें रिक्त

राजनांदगांव। आरटीई के अंतर्गत प्रवेश देने संबंध में हाईकोर्ट के द्वारा कई अहम निर्णय आ चुका है। दिल्ली हाईकोर्ट और छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट दोनों यह कहना है कि शिक्षा का अधिकार के अंतर्गत सीटें रिक्त नहीं रहना चाहिये और ज्यादा से ज्यादा सीटों पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को प्रवेश दिया जाना चाहिये, लेकिन छत्तीसगढ़ में बीते वर्ष 40 हजार तो इस वर्ष 38 हजार सीटें रिक्त रह गई, जिसे भरा नहीं जा सका हैं और विगत सात वर्षो में लगभग 15 हजार बच्चों ने आरटीई के अंतर्गत प्रवेश पाने के पश्चात् स्कूल छोड़ दिया है।

> शिक्षा का अधिकार कानून का लाभ गरीब बच्चों को नहीं मिल पा रहा है। हम राज्य सरकार को आंकड़ों के सहित जानकारी देकर आरटीई पोर्टल की खामियों को सुधारने की मांग कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी गंभीर नहीं है, जिसका नुकसान गरीब बच्चों को हो रहा है।
>
> **-क्रिस्टोफर पॉल,** प्रदेश अध्यक्ष-छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन

वेबपोर्टल में कई खामियां

ऐसोसिएशन की ओर से कहा गया कि आरटीई वेबपोर्टल में अभी कई खामियां है जैसे कि स्कूलों को एक किलोमीटर के परिधि में मैपिंग कर दिया गया है, जब दूसरे स्कूलों में सीटे रिक्त रह जाती है तो बच्चे को उस स्कूल में आवेदन करने की सुविधा नहीं दिया जाता है, क्योंकि एक बच्चा एक ही आवेदन कर सकता है। आरटीई में हिन्दी मिडियम और ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे प्रवेश लेने में रूचि नहीं दिखा रहे है, क्योंकि ज्यादातर रिक्त सीटें हिंदी मिडियम और ग्रामीण क्षेत्रों की ही होती है और जो बच्चें प्रवेश ले भी रहे तो वे स्कूल छोड़ रहे है, क्योंकि ज्यादातर ड्रापआउट भी ग्रामीण क्षेत्रों में ही हो रहा है जो चिंता का विषय है, जिस पर स्कूल शिक्षा विभाग और संचालनालय हो गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है।

दो साल से प्रयास कर रहा एसोसिएशन

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन इस संबंध में विगत दो वर्षो सभी जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यानाकर्षित करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन इस ओर गंभीरता से विचार नहीं किया जा रहा है जिससे आरटीई कानून की मूल उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो पा रहा है। पैरेंट्स एसोसियेशन की मांग है कि गरीब बच्चें को किसी भी स्कूल में आवेदन करने की अनुमति दिया जाना चाहिये।

अचानक पिथौरा थाना पहुंचे डीजीपी, फाइलें देखी

महासमुंद। पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी शुक्रवार को औचक निरीक्षण पर पिथौरा थाना पहुंचे। घंटे भर उन्होंने थाने का निरीक्षण किया, दस्तावेजों की जांच की। थाना प्रभारी से किए जा रहे कार्रवाई की बारिकी से जानकारी ली। थाना प्रभारी कमला पुसाम के कार्यों की तारीफ करते हुए उन्हें पुरस्कृत करने की बात कही। प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को थाना का औचक निरीक्षण करने वे पहुंचे थे। यह रूटीन जांच का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी ड्यूटी पर वर्दी में तैनात मिले एवं कार्य संतोषजनक रहा। फरियादियों की फरियाद सुनी जा रही थी, उन्होंने एक फरियादी महिला से भी बारीकी से जानकारी ली। साथ ही उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि थाना प्रभारी आपका कार्य सरलता से कर देंगी। अचानक पिथौरा थाना पहुंचने की खबर समीप के ग्राम राजा सेवईया निवासी योगेश पटेल पिता हरि कृष्ण पटेल को मिली, जोकि पुलिस विभाग में डीएसपी के पद पर नियुक्त होकर वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उक्त जानकारी पर अवस्थी पटेल परिवार से मिलने पिथौरा से तीन किलोमीटर दूर स्थित ग्राम राजा सेवइया भी गए।

राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए तीन स्वयंसेविकाओं का चयन

महासमुंद। राष्ट्रीय सेवा योजना महासमुंद के तीन स्वयं सेविकाओं का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए हुआ है। स्वयंसेवक विश्वविद्यालय बड़ोदरा, गुजरात में 20 से 26 जनवरी तक होने वाले राष्ट्रीय एकता शिविर में सम्मिलित होंगे। शिविर अवधि में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम सम्मिलित किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ राज्य से 30 स्वयंसेवक सम्मिलित होंगे। जिसमें महासमुंद जिले की स्वयंसेविका वंदना केशरवानी, प्रियंका चौधरी, अनुसुया मांझी तीनों स्वयंसेविका महासमुंद जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। स्वयंसेवक 19 जनवरी को गुजरात के लिये रवाना होंगी।

अंडरआर्म क्रिकेट प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम भाग लेने पहुचीं शिर्डी

भाटापारा। तीसरी राष्ट्रीय अंडरआर्म क्रिकेट प्रतियोगिता शिरडी महाराष्ट्र में दिनांक 18 से 19 जनवरी 2020 तक आयोजित है। अंडरआर्म क्रिकेट एशोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अविचल पांडेय ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बालक टीम भी सम्मिलित हो रही है। छत्तीसगढ़ टीम में खिलाड़ी तेजेश्वर साहू, समर ध्रुव, आदित्य, पीयूष, चंद्रहास सभी भाटापारा से प्रशांत कहरा, रोशन, निष्चय, सभी जांजगीर-चम्पा से करण, विवेक तिवारी राजनांदगांव से कोच शरद पंसारी तथा मैनेजर प्रदीप कर्ष भाटापारा खिलाड़ियों के चयन पर क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र मिश्रा, राजकुमार मल, श्रीमति वंदना तिवारी प्राचार्य गरुकुल स्कूल बलौदाबाजार, प्राचार्य सिरयक सेंट मेरी स्कूल आलोक गुप्ता, निर्मल जांगड़े, विनोद शर्मा,अजय यादव, सोनचंद ध्रुव, फिरोज टंडन आदि ने ने बधाई एवं शुभकामनाये दी।

संस्कारधानी के साहित्यकार रायपुर में सम्मानित

राजनांदगांव। जिला साहू संघ रायपुर द्वारा कृष्णा नगर में 5 जनवरी को छत्तीसगढ़ स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वृहद रुप से सामाजिक साहित्यकार सम्मेलन एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें राज्य भर से आए कवियों ने सामाजिक जागृति फैलाने वाली रचनाओं के साथ ही देश प्रेम एवं हास्य व्यंग्य कविताओं तथा गीतों के माध्यम से लोगों का विशुद्ध मनोरंजन किया।

पुलिस अधीक्षक ने घोर नक्सली क्षेत्र में बेस कैम्प का किया उद्घाटन

राजनांदगांव। राजनांदगांव जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र गातापार थाना क्षेत्र के मौहाढार में पुलिस बेस कैम्प खोला गया है। बेस कैम्प का उद्घाटन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीएस ध्रुव द्वारा किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र मे नक्सलियों पर लगाम लगाने बेस कैम्प खोला जा रहा है। इसी कड़ी में नक्सल प्रभावित क्षेत्र मौहाढार में बेस कैम्प का उद्घाटन किया गया। इस बेस कैम्प के खोलने से नक्सल गतिविधियों पर लगाम लगाने व नक्सलियों के खिलाफ मुहिम छेड़ने में पुलिस को साहायता मिलेगी। बेस कैम्प खुलने से नक्सली मुवमेंट कम होने की संभावना है। बेस कैम्प में पुलिस की एक कंपनी तैनात की गई है एवं जरुरत पड़ने पर कंपनी बढाई जा सकती है।

ब्लॉक मुख्यालय में समूह सदस्यों ने किया व्यापार प्रारंभ

राजनांदगांव। जनपद पंचायत छुरिया मुख्यालय में जनपद पंचायत द्वारा निर्मित काम्पलेक्स में एनआरएलएम (बिहान) अंतर्गत गठित महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने प्रारंभ किया आर्थिक गतिविधि का कार्य, 17 जनवरी को श्रीमती तनुजा सलाम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जनपद पंचायत मुख्यालय छुरिया में निर्मित तीन दुकानों में प्रारंभ किये गये आर्थिक गतिविधि का शुभारंभ किया। महिला जागृति स्वयं सहायता समूह ग्राम पंचायत लाममेटा द्वारा दो लाख रूपयें को बैंक लिकेंज कराकर फोटोकापी मशीन एवं स्टेशनरी, जय बजरंग स्वय सहायता समूह ग्राम दिवानटोला द्वारा एक लाख रूपये का बैंक लिकेंज के माध्यम से रेडीमेड कपडा एवं सिलाई सेंटर एवं प्रेरणा स्वयं सहायता समूह ग्राम बोईरडीह द्वारा बिहान केटिंन दो लाख रूपये का बैंक लिकेंज कराते हुये प्रारंभ किये है। उक्त अवसर पर श्रीमती सलाम ने समूह सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि उक्त कर्ज राशि जो आपने बैंक से लिया है उस ऋण को इस व्यापार के माध्यम से आय प्राप्त करते हुये जल्द से जल्द बैंक को वापस करते हुये पुनः कर्ज लेकर व्यवसाय को बढाते जावे।

विधायक शर्मा ने ली भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

भाटापारा। आगामी दिनों होने वाले पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा ने शहर एवं ग्रामीण कार्यकर्ताओं की बैठक भाजपा कार्यालय में अलग-अलग ली बड़ी तादाद में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि पंचायत चुनाव आप सब कार्यकर्ताओं के लिये एक चुनोती है विधानसभा लोकसभा चुनाव में तो आप लोग विधायक एवं सांसद कड़ी मेहनत कर बनवाते हैं यह चुनाव आप लोगों को ग्रामीण जनता की सेवा के लिए उनका जनप्रतिनिधि उनका सेवक बनना है आप लोग प्रयास करें कि गांवों में अपने समर्थित प्रत्याशी ज्यादा से ज्यादा तादाद में चुनकर आवे। उन्होंने कहा की जिला पंचायत क्रमांक 4 के लिए पार्टी ने कविता कमलेश देवांगन तथा क्रमांक 5 के लिए सुनीति रोहित साहू को अपना प्रत्याशी बनाया है।

अवैध शराब के साथ एक पुराना आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा। पुलिस अधीक्षक नीतू कमल के द्वारा आगामी पंचायत चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब विक्रेताओ, ढाबा संचालक, चखना दुकान संचालको के विरूद्ध कार्यवाही करने के साथ साथ असमाजिक तत्वो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु कडे निर्देश के प्रतिपालन में शहर पुलिस को अवैध रूप से शराब को जब्त कर एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पूर्व में भी आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार हो चूका है। उपरोक्त सम्बन्ध में शहर थानेदार महेश धुव ने बताया की इनके नेतृत्व में धर पकड कार्यवाही भाटापारा शहर मे किया गया जो मुखबीर से सुचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब रखा है एवं बिक्री करने हेतु सिद्ध बाबा शराब भट्ठी से दशहरा मैदान हथनीपारा की ओर पैदल आ रहा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहन के आरोपी कुनुनु वर्मा पिता सीताराम वर्मा उम्र 41 साल साकिन महावीर वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर कि कब्जे से 20 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की शराब, 10 पौवा देशी प्लेन शराब, 05 पौवा बुलेट व्हीस्की अंग्रेजी शराब पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। टी आई ने बताया की पूर्व में भी आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की गई थी।

न्यूज गैलरी

पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान आज से

दंतेवाड़ा। राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत 19 जनवरी से पूरे देश के साथ दन्तेवाड़ा जिले में भी 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जायेगी। जिले में इस सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु समूह के करीब 40 हजार 701 बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी जायेगी। इस हेतु जिले में कुल 163 पोलियो बूथ बनाये गये हैं। वहीं 8 ट्रांजिट टीम सहित 5 मोबाईल टीम और बाजार-मेला के लिये 4 अतिरिक्त टीम गठित किया गया है। जिसके तहत टीकाकरण दलों में 716 मैदानी कार्यकर्ताओं तथा 43 पर्यवेक्षक तैनात किये गए हैं।उक्त सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत पहले दिन 19 जनवरी को पोलियो बूथ में ही बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जायेगी, इसके बाद 20 और 21 जनवरी को घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण दलों द्वारा पोलियो की दवा पिलायी जायेगी।

मतदान अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

दंतेवाड़ा। त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2019-20 के तहत तीन चरणों में होने वाले मतदान के लिये गठित मतदान दलों के अधिकारियों-कर्मचारियों को गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में 18 जनवरी को जिले के दन्तेवाड़ा ब्लॉक सहित गीदम, कटेकल्याण और कुआकोंडा ब्लॉक में मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मतदान दलों में मतदान अधिकारी-4 की जिम्मेदारी स्थानीय महिला कर्मचारियों को सौंपी गयी है, जिसमें मुख्य रूप से शिक्षिकायें, आंगनबाड़ी सुपरवाईजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सम्मिलित हैं। इन महिला कर्मचारियों को मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा मतदान सम्बन्धी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज बंजारे, जिला शिक्षा अधिकारी एवं निर्वाचन प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी राजेश कर्मा सहित सभी प्रखण्ड शिक्षा अधिकारी और निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

कर्तव्य में लापरवाही, अधीक्षिका हेमलता निलम्बित

दंतेवाड़ा। कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने जिले के दन्तेवाड़ा ब्लॉक अंतर्गत संचालित कन्या शिक्षा परिसर पातररास की अधीक्षिका श्रीमती हेमलता नाग को कर्त्तव्यों का सनिष्ठापूर्वक निर्वहन नहीं करने सहित सम्बन्धित के विरुद्ध आवासीय विद्यालय के संचालन में गम्भीर लापरवाही बरतना प्रथम दृष्ट्या प्रमाणित पाये जाने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण-नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के प्रावधानों के विपरीत कृत्य करने के फलस्वरूप सम्बंधित को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। निलम्बन अवधि में श्रीमती हेमलता नाग का मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दन्तेवाड़ा नियत किया गया है। निलम्बन अवधि के दौरान सम्बन्धित को जीवन-निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

सड़क सुरक्षा में योगदान देने वाले नागरिक सम्मानित

दंतेवाड़ा। जिले में 31 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन बीते दिन एसडीएम श्री लिंगराज सिदार सहित डीएसपी हेडक्वार्टर सुश्री शिल्पा साहू, खण्ड चिकित्सा अधिकारी गीदम डॉ सूर्या गुप्ता के आतिथ्य में हुआ। इस दौरान अतिथियों ने मां दन्तेश्वरी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। वहीं सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए यात्रा के दौरान सतर्कता बरतने पर जोर दिया। इस मौके पर सड़क सुरक्षा सप्ताह के प्रति जनजागरूकता निर्मित करने हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले एनसीसी, स्काउट-गाइड और एनएसएस के कैडेटों सहित सड़क सुरक्षा में योगदान देने वाले नागरिकों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जागरूकता के लिए डमी मतपत्रों का प्रदर्शन

मुंगेली। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन हेतु मतदाता जागरूकता अभियान एवं जाबो कार्यक्रम के तहत जिले के सभी मतदाताओं को मतपत्र के माध्यम से मतदान किये जाने के संबंध में डमी मतपत्र तैयार करने एवं तहसील स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने हेतु कार्ययोजना तैयार की गई है। इस संबंध में उन्होने जिले के समस्त रिटर्निंग आफिसर, सहायक रिटर्निंग आफिसर एवं सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, समस्त तहसीलदार, जिले के सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को आवश्यक निर्देश दिये है। उन्होने बताया कि मतदान की तारीख के 2 दिवस पूर्व तक ही डमी मतपत्रों का प्रदर्शन करने की बात कही है।

स्वच्छता मिशन की बैठक कल

मुंगेली। कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 20 जनवरी को समय सीमा की बैठक के बाद जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को घरेलू नल जल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय करने हेतु जिला स्तर पर जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के पुनर्गठन के संबंध में चर्चा की जाएगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मुंगेली के कार्यपालन अभियंता ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वनमण्डलाधिकारी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के उपसंचालक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, मनियारी जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता, कृषि विभाग के उपसंचालक, जिला जनसंपर्क अधिकारी और जिला सूचना अधिकारी को निर्धारित स्थान एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

सोनार समाज का हल्दी कुमकुम कार्यक्रम संपन्न

मुंगेली। सोनार समाज द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर सोनार पारा स्थित अक्षर निकेतन स्कूल में समाज के पदाधिकारी एवं महिला शक्तियों की उपस्थिति में हल्दी कुमकुम तिलक तथा तिल लड्डू का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष मनहरण सोनी, उपाध्यक्ष त्रिलोकी सोनी, दिनेश सोनी, राधेश्याम सोनी, सीताराम सोनी, रामानंद सोनी, प्रकाश सोनी, विजय शंकर सोनी, राजेश सोनी, महिला शक्ति में श्रीमती ललिता सोनी, हेमा सोनी, श्वेता सोनी, लता सोनी, भारती सोनी, प्रीति सोनी, पूर्णिमा सोनी, ममता सोनी, मालती सोनी, अनिता सोनी, करूणा सोनी, सुलोचना सोनी, जमुना सोनी, रजनी सोनी, राधा सोनी, मंजू सोनी आदि ने शामिल होकर समाज संगठन में एकता का परिचय दिया।

इवेंट ऑफ रिपब्लिक नाइट का ऑडिशन 21 को

मुंगेली। डेफोडिल्स युथ वेलफेयर सोसायटी मुंगेली के द्वारा इवेंट ऑफरिपब्लिक नाईट देश भक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन 25 जनवरी की संध्या आयोजित किया गया है इस प्रोग्राम का ऑडिशन दिनांक 21 जनवरी को सरदार वल्लभ-भाई पटेल सामुदायिक भवन,पुराना बस स्टैंड मुंगेली में होगा।

निधन

संजय सिंह ठाकुर

मुंगेली। परमहंस वार्ड निवासी संजय सिंह ठाकुर लल्ला उम्र 37 वर्ष का 16 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में परिजन एवं नागरिक उपस्थित थे।

सुलभ शौचालय में कई दिनों से पानी नहीं, यात्री हो रहे परेशान

- बचेली नगर के बस स्टैंड स्थित सुलभ शौचालय का मामला

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। बचेली नगर के बस स्टैंड में नगरपालिका द्वारा निर्मित सर्व सुविधायुक्त सुपर डीलक्स सुलभ शौचालय पानी की समस्या के चलते बंद पड़ा हुआ है। जिसके चलते बस स्टैंड में यात्रियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर महिला यात्रियों को बेहद परेशानी से गुजरना पड़ रहा है। महिलाओ के लिए इस सुलभ शौचालय में सेनेटरी नेपकिन मशीन भी लगाई गई है। हैंड ड्रायर की मशीन,पेपर नेपकिन जैसी सारी हाईटेक सुविधाओं के होने के बावजूद लाखो की लागत से बना सुलभ शौचालय पानी की किल्लत के चलते बंद पड़ा हुआ है निरीक्षण करने पर साफ -सफाई दुरुस्त दिखाई दी केयर टेकर आर मुगम ने बताया की बीते कई दिनों से पानी नही होने की वजह से सुलभ शौचालय बंद है।

यात्री आ रहे है वापिस चले जा रहे है। आप पास पतासाजी की गई जिसमें ये बाते खुलकर सामने आई की कई दिनों से सुलभ शौचालय में पानी नही है। केयर टेकर सुबह आता है चैनल गेट खोलकर चला जाता है। शाम को आकर बंद कर चला जाता है। किसी जनप्रतिनिधि ने भी इस ओर ध्यान नही दिया।

सीएमओ आईएल पटेल से बातचीत की गई उन्होंने बताया की एनएमडीसी से जो पानी की सप्लाई की जा रही थी उसमें तकनीकी खराबी आ गयी है। जिसकी वजह से सुलभ शौचालय में पानी की किल्लत थी जानकारी के बाद फिलहाल टैंकर के माध्यम से पानी की पूर्ति की जाएगी।

अवैध कब्जों पर पालिका ने चलवाया बुल्डोजर

निर्माण कार्य की सामाग्री जब्त, उदयनगर का मामला

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। उदयनगर वार्ड में अवैध रूप से कब्जा कर मकान निर्माण करने वालों पर पालिका ने कार्यवाही करते हुए पालिका की टीम ने जेसीबी के माध्यम से अतिक्रमण को हटाया गया।

पालिका से मिली जानकारी के अनुसार पालिका की टीम को लगातार अतिक्रमण करने की शिकायत मिल रही थी। जिसके मद्दे नजर सभी 21 वार्डो में नजर रखी जा रही है। इस दौरान उदयनगर स्थित पालिका द्वारा की गई अधिकृत जमीन पर अतिक्रमण करने की जानकारी मिली नपा टीम के पहुँचने के बाद उदयनगर वार्ड के निवासी सिन्हा के द्वारा अपने पट्टे की जमीन के अलावा अन्य पालिका की जमीन पर कब्जा कर अतिक्रमण किया जा रहा था।पालिका द्वारा लगा कर रखे बोर्ड को भी हटाकर निर्माण किया गया। जिसे तत्काल मौके पर पहुंच कर हटाया गया।

आगे हो सकती है एफआईआर

वहीं पवन नगर स्थित पालिका अधिकृत जमीन पर भी पूरन निषाद नामक व्यक्ति के द्वारा अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा था जिसकी जानकारी मिलते ही टीम ने कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटाया है। वहीं सभी निर्माण कार्य में आने वाली सामाग्री को जब्त किया है। अगर फिर से इसी तरह का अतिक्रमण कार्य करते पाये गये तो पालिका द्वारा एफआईआर की कार्यवाही की जायेगी।

सभी वार्डों का करेंगे दौरा

इस सबंध में सौरभ तिवारी सीएमओ नगर पालिका कांकेर ने बताया कि शहर के 21 वार्ड में दो वार्ड घुम चुके हैं। लगभग 15 दिन में सभी वार्डों में घुमघुम कर देखा जायेगा, अगर इसी तरह अतिक्रमण किया जाता है तो कार्यवाही की जायेगी।

94 विद्यार्थियों का हेल्थ चेक अप, 73 को किया रेफर

- कलेक्टर के निर्देश पर अंबिकापुर में आयोजित किया गया था शिविर

नवप्रदेश संवाददाता

अम्बिकापुर। कलेक्टर डॉ सारांश मित्तर के निर्देशानुसार तथा मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ पी.एस. सिसोदिया के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा अभियान अंतर्गत हाई एवं हायर सेकेंड्री स्कूलों में अध्यनरत विशेष आवश्यकता वाले छात्रों के लिए आकलन शिविर का आयोजन शनिवार को शासकीय बहुउद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर में किया गया। शिविर में अस्थि बाधित, श्रवण बाधित, नेत्र रोग जैसे विशेष आवश्यकता वाले 94 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांच किया गया। इनमें से 73 विद्यार्थियों को बेहतर उपचार हेतु उच्च संस्थानों के लिए रेफर किया गया। शेष को प्रमाण पत्र एवं आवश्यकता के अनुसार ट्राई साइकल, श्रवण यंत्र हेतु आंकलन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तम्बाकू उपयोग के रोकथाम,उसके सेवन दुष्परिणाम तथा कोटपा एक्ट की जानकारी श्री संजय नामदेव एवं प्रशांत कश्यप के द्वारा दी गई।

सेक्टर अधिकारियों की हुई नियुक्ति

नवप्रदेश संवाददाता

- सेक्टर सेतगंगा के लिए हुई मधुकर की नियुक्ति

मुंगेली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए 53 सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की है। जनपद पंचायत मुंगेली के सेक्टर सेतगंगा के लिए जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय मुंगेली के उपसंचालक जेआर मधुकर, सेक्टर पौनी के लिए प्रधानमंत्री सड़क अभिकरण के कार्यपालन अभियंता जेएस पाण्डेय, सेक्टर टेढ़ाधौरा के लिए कार्यालय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के आरके उरांव, सेक्टर सिल्ली के लिए जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक एम.एल. कुशरे, सेक्टर फंदवानी के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एच अहिरवार, सेक्टर कंतेली के लिए मनियारी जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एनएस राज, को नियुक्त किया गया है।

सेक्टर देवरी संभालेंगे मरकाम : वहीं सेक्टर देवरी के लिए पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक एके मरकाम, सेक्टर चकरभठा के लिए जिला आबकारी अधिकारी बेदराम लहरे, सेक्टर टेमरी के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के सहायक अभियंता बीएल सिंह, सेक्टर चिरहुला के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र कश्यप, सेक्टर पंडरभठा के लिए जिला आयुर्वेद अधिकारी प्रशांत ठाकुर, सेक्टर रामगढ़ के लिए उद्यान विभाग के सहायक संचालक चंद्रदेव सिंह को जिम्मेदारी दी गई है।

सेक्टर गीधा के लिए एमके नेमा को जिम्मा : जबकि सेक्टर गीधा के लिए सर्वे उपसंभाग मुंगेली के अनुविभागीय अधिकारी एमके नेमा, सेक्टर कोदवाबानी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज, सेक्टर धरमपुरा के लिए मनियारी उपसंभाग मुंगेली के सहायक अभियंता आरएस शर्मा, सेक्टर धनगांव गो. के लिए जिला रोजगार अधिकारी व्हीके केडिया, सेक्टर जरहागांव के लिए जल संसाधन उपसंभाग मुंगेली के अनुविभागीय अधिकारी आरके मिश्रा, सेक्टर पदमपुर के लिए सहायक आबकारी अधिकारी आरएस राठौर और सेक्टर बरेला के लिए कृषि विभाग के उपसंचालक दिनेश कुमार ब्यौहार को सेक्टर आफिसर नियुक्त किया गया है।

नियमों की अनदेखी से नगर के कई स्थानों पर लगता है जाम

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली में कुछ ऑटो चालकों की ओर नहीं किया जा रहा नियमों का पालन

मुंगेली। जिला मुख्यालय में कुछ ऑटो चालाकों द्वारा यातायात नियमों का पालन होता नहीं दिख रहा। ऐसे चालकों द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड का पालन भी नहीं किया जा रहा है। शहरवासियों का कहना है कि ऑटो चालकों की तेज गति से ऑटो चलाना मुख्य मार्गों पर अकस्मात सवारी बैठाने के चक्कर में रोकना तथा कहीं पर भी पार्किंग करना आदत सी बन गयी है। जिसे अगर नियंत्रित नहीं किया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। शहर में करीब आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति नियमों को न मानने वाले ऑटो चालकों के कारण हमेशा बनी रहती है जिससे राहगीरों को सबसे अधिक परेशानी तिराहे पर होती है। लेकिन यातायात पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है।

मनमाना किराया वसूलने का आरोप : शहरवासियों का कहना है कि कुछ ऑटो रिक्शा चालकों द्वारा सवारियों से मनमाना किराया वसूला जाता है, जिसके कारण आये दिन सवारियों में विवाद होता है जो अक्सर ही शहर में देखा जाता है। वहीं विवाद का कारण किराया निर्धारित नहीं होना तथा ऑटो रिक्शाओं में मीटर का ना होना भी है। वहीं कुछ मामलों में तो निर्धाति 4 सवारी की जगह 14 सवारी बैठाई जाती है।

नहीं है ऑटो चालकों की पहचान – शहर की सड़कों पर चल रहे ऑटो चालकों की कोई पहचान नहीं है। ऑटो चालकों रंग-बिरंगे कपड़े पहने नजर आते है। इन्हे देखकर ऐसा लगता ही नहीं है ऑटो चालक है। बताया जा रहा है कि शहर में अनरजिस्टर्ड ऑटो रिक्शा की भी भरमार हो गई है।

परमेश्वरी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव

नवप्रदेश संवाददाता

सक्ती। परमेश्वरी पब्लिक स्कूल शक्ति में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष सिंह राज, विशिष्ट अतिथि शोभराज अग्रवाल, मीता मुखर्जी, नेहा श्याम सुंदर अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, पी.एल. देवांगन, एल. आर. जायसवाल, समारू देवांगन, धनंजय नामदेव एवं कृष्ण कुमार देवांगन के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मीता मुखर्जी के द्वारा अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए समय-समय पर बच्चों के द्वारा इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए, जिससे कि बच्चे का बहुमुखी विकास होता है और वह सफलता की ओर अग्रसर होते जाता है। इनके पश्चात श्री श्याम सुंदर अग्रवाल जी के द्वारा सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप सभी अच्छे से पढ़ाई कर किसी अच्छे पोस्ट पर जाकर अपना और अपने स्कूल का और अपने परिवार का नाम रोशन करे।

विशेष घटक गतिविधियों के लिए मिलेगा अनुदान

मुंगेली। जिले में उद्यानिक गतिविधियों के एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत विशेष घटक, गतिविधियों के लिए कृषकों को अनुदान मिलेगा। इस हेतु इच्छुक कृषकों एवं निजी उद्यमियों से 25 जनवरी तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। आवेदन पत्र उद्यान विभाग के सहायक संचालक कार्यालय में कार्यालयीन समय में जमा किये जा सकते है। प्राप्त प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति दी जायेगी।

सियासत | बीजापुर में घर-घर जाकर प्रचार कर रहे स्थानीय भाजपा नेता, सभाएं भी शुरू

पंचायत चुनावः नीतियों को लेकर सरकार पर आक्रामक हुई भाजपा

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। छग में हो रहे त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव का प्रचार प्रसार जोरो पर है। चुनावी मैदान में खड़े प्रत्याशी घर-घर जा कर मतदाताओं से अपने जीत के लिए वोट मांग रहे है वंही भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देश पर भाजपा जिला प्रतिनिधि भी चुनावी सभा लेने गांव -गांव दस्तक दे रहे है। जिले में पंचायत चुनाव को गंभीरता से लेते हुए भाजपा घर-घर जाकर प्रचार-प्रसार कर रही है। इस दौरान भाजपा के स्थानीय नेताओं द्वारा सरकार की रीति-नीति व वादों पर सवाल उठाए जा रहे हैं।भाजपा नेता जगह-जगह सभाएं आयोजित कर वोट मांग रहे हैं। शुक्रवार को कुटरू में भाजपा समर्थित जिला पंचायत सदस्य और जनपद पंचायत सदस्य और पंचायत सरपंचो के लिए भाजपा नेताओं ने प्रचार किया यहां भाजपा नेताओं ने अपने सभा आयोजित की जिसमें क्षेत्र के ग्रामीण शामिल हुए ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदालियर अपने धान को मुद्दा बनाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने किसानों से 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदने का वादा किया लेकिन राज्य सरकार 1815 में धान खरीद रही है। किसानों को पुराने और नए वादा को पूरा करना छोड़ किसानों को नए और पुराने बारदाना में उलझा दिया गया है।

वोट के लिए गुणवत्ताहीन विकास कार्य : श्रीनिवास

भाजपा जिलाध्यक्ष मुदलियार ने आगे कहा कि सरकार किसानों को गुमराह करना बंद करें और किसानों के लिए वादे के मुताबिक धान खरीदी करें। भाजपा ने सभा में किसानों के विभिन्न मुद्दों को प्रभावी ढंग से बताया वही जिलाध्यक्ष ने जिले के विकास को लेकर सरकार व क्षेत्रीय विधायक को आड़े हाथ लिया। पंचायत चुनाव को लेकर आनन फानन में वोट के लिए विकास कार्य किए जा रहे हैं, जो पूरी तरह से गुणवत्ताहीन हैं। कुटरू से फरसेगढ़ में कुछ दिन पहले डामरीकरण किया गया जो एक माह भी नहीं हुआ और उखड़ने लगा। ऐसी गुणवत्ता हीन सरकार पर कैसे भरोसा करोगे। आने वाले समय में चुनावी वादे को पूरा करने में कितना गुणवत्ता होगा।

ये रहे उपस्थित

चुनावी सभा में जिला संगठन से पार्षद नंदकिशोर राणा, पूर्व पार्षद महेश्वरी दुर्गम, गोपाल पवार, पार्षद संजय गुप्ता, पूर्व पार्षद लक्ष्मी कुटरू क्षेत्र से सोनासिंह मंडावी, सुबभैया, राज बाबू, चिन्नोर नरसय्या,उदय, लक्ष्मीनारायण गोंटा सहित महेश गोटा,सोनी व सुशीला उपस्थित रहे।

आश्रम स्कूल में 11वीं की छात्रा का गर्भपात

इलाज के लिए जिला अस्पताल में दी झूठी जानकारी, छात्रा को बता दिया शादीशुदा, महिला वार्डन सस्पेंड

इनका कहना है

बच्चा पूरे 9 महीने बाद हुआ है। यह भी पता चला है कि बच्चा आश्रम स्कूल में ही हुआ है। छात्रा के प्रेम प्रसंग की बात भी सामने आ रही है। पूरे मामले की जांच हो रही है। जो भी मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं उन पर कार्रवाई होगी।

–प्रीति दुर्गम, डिप्टी कलेक्टर व जांच अधिकारी

अस्पताल में छात्रा को भर्ती करते वक्त पति का नाम भी फर्जी लिखवा दिया गया। साथ ही दन्तेवाड़ा बैंक चौक पता लिखवाकर इलाज शुरू करवाया गया। छात्रा की हालत नार्मल थी। इलाज के दूसरे दिन अचानक अस्पताल से बिना बताए वह चली गयी। अस्पताल में भी गलत जानकारी देकर आश्रम स्कूल प्रबंधन इलाज करवा था। आज जब जांच टीम पहुंची तब पता चला।

–डॉ. अंब्रेश, जिला अस्पताल, दंतेवाड़ा

नवप्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। जिला मुख्यालय दन्तेवाड़ा में संचालित एक आश्रम स्कूल में अध्ययनरत 11वीं की छात्रा का गर्भपात का मामला सामने आया है। आरोप है कि संस्थान की अधीक्षिका ही छात्रा को डॉक्टर के पास लेकर गई, लेकिन यहां छात्रा की हालत बिगड़ गई। जिसके बाद उसे आनन फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यहां उसके इलाज के लिए झूठी जानकारी दी गई। छात्रा को शादीशुदा तक बता दिया गया।

यहीं नहीं छात्रा को जिला अस्पताल से उसके परिजन के साथ उसके घर भी भिजवा दिया गया, ताकि मामला उजागर न हो सके। खबर मीडिया में लीक होते ही दंतेवाड़ा प्रशासन में हड़कंप मच गया। मामले में आश्रम स्कूल की वार्डन पर कार्रवाई करते हुये उसे सस्पेंड कर दिया गया है। महिला डिप्टी कलेक्टर प्रीति दुर्गम और दन्तेवाड़ा तहसीलदार यशोदा जी सारे मामले की जांच कर दन्तेवाड़ा कलेक्टर को जांच रिपोर्ट सौंपेंगी। इधर आश्रम स्कूल की अधीक्षिका घटना के बाद से फरार बताई जा रही है।

स्कूल कर्मियों ने यह दी जानकारी

दरअसल जिस आश्रम में यह घटना हुई, वहां 306 बच्चे आवासीय रहकर पढ़ते है। यहां 14 कर्मचारियों का स्टाफ है। कर्मियों का कहना है कि छात्रा का प्रसव बाथरूम में ही हो गया और बच्चा भी मृत हुआ। घटना के बाद जिला अस्पताल भी बच्ची को ले जाया गया। जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने ही परिजन को बुलाकर बच्ची को उसके घर भिजवा दिया गया।

बम की चपेट में आने से गाय के उड़ गए चिथड़े

- बासागुड़ा से तररेम तक निर्माणाधीन सडक के सुरक्षा में लगे थे सीआरपीएफ168 बटालियन के जवान
- सीआरपीएफके रोड ओपनिंग पार्टी से कुछ दूर हुआ ब्लास्ट

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। नक्सलियों के लगाए बम के चपेट में आने से गाय की हुई मौत। नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पंहुचाने के लगाया था बम। सीआरपीएफ के रोड ओपनिंग पार्टी से कुछ दूर हुआ ब्लास्ट। बासागुड़ा से तररेम तक निर्माणाधीन सडक के सुरक्षा में लगे थे सीआरपीएफ 168 बटालियन के जवान। इससे पहले भी कई बार नक्सलियों द्वारा बिछाए बम मैं कई मवेशियों की जा चुकि है जान।बासागुड़ा थाना क्षेत्र का मामला।

बिलासपुर। राजीव विहार बिकाश परिषद द्वारा आयोजित 108 कलश यात्रा का आयोजन किया गया एवॉम कल 19/1/20 को पंच कुण्डीय गायत्री महा यज्ञ का आयोजन किया जायेगा।

वन विभाग सीएफ ने वाट्सएप में की अश्लील वीडियो पोस्ट

- ग्रुप में जुड़े महिला व पुरूष अफसरो ने छोड़ी ग्रुप
- ज़िम्मेदार अधिकारी की लापरवाही की ज़मकर हो रही चर्चा

नवपप्रदेश संवाददाता

कांकेर। बीते 24 घँटा के पहले बीती रात वाट्सएप कांकेर मीडिया ग्ग्रुप में वन विभाग के सबसे बड़े अधिकारी द्वारा जानवरों से संबंधित 15 से 20 अश्लील वीडियो डाले जाने के बाद कॉंकेर जिला मुख्यालय में इस प्रकार की घटना की चर्चा ज़ोरो पर चल रहा है। इस ग्रुप में मीडिया साथियों के अलावा जिले व जिले के बाहर पदस्थ आईएएस,आईपीएस सहित तमाम जिला अधिकारी एवं प्रबुद्धजन लोग जुड़े हुए है। वन विभाग के जवाबदार अधिकारी के इस करतूत से ग्रुप की मर्यादा भंग करते हुए गरिमा को गिराई है। जिससे एडमिन दुखी है।विदित हो कि जिला मीडिया ग्रुप वाट्सएप ग्रुप अनुराग उपाध्याय द्वारा चलाया जा रहा है। अनुराग ने बताया कि मीडिया एवं अन्य माध्यमों से दैनिक खबर सहित जनहित व रोचक जानकारी के उद्देश्य से ही यह वाट्सएप ग्रुप बनाई गई है। जिनमें पत्रकार, अधिकारी, कर्मचारी, नेता एवं कई लोग ग्रुप में शामिल है। इस ग्रुप में वन विभाग कांकेर वन वृत के सबसे बड़े अधिकारी मुख्य वन संरक्षक साहब भी जुड़े हुए है। जिन्होंने कल आधी रात को इस ग्रुप में 15 से 20 अश्लील वीडियो पोस्ट कर दिया। ग्रुप में इस तरह का वीडियो पोस्ट किए जाने को लेकर पूरी रात मामला चर्चाओ रहा। गरिमामय पद में रहते हुए भी वन अधिकारी को इस तरह वीडियो पोस्ट करना गलत व अशोभनीय है। वहीं उनके द्वारा गलती पर खेद भी नहीं जता रहे है और न ही इस पर सामने आकर बात करना उचित समझ रहे है। आज इस वीडियो के चलते ग्रुप की गरिमा के साथ ही मेरा व्यक्तित्व पर भी प्रभाव पड़ा है। इस सबंध में जे आर नायक मुख्य वन संरक्षक वनवृत जिला कांकेर से भी दूरभाष के माध्यम से जानकारी चाही गई पर उनका मोबाइल बंद होने के कारण उनका पक्ष नहीं रखा गया।

लंबित वेतन की मांग को लेकर बैंक कर्मचारी हड़ताल की तैयारी में

कोरबा । यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर देश भर के 10 लाख बैंक कर्मचारी-अधिकारी 26 माह से लंबित वेतन पुनरीक्षण समझौता एवं संबधित मुद्दों के शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर एक बार फिर हड़ताल की तैयारी में हैं। 20 जनवरी को नियमानुसार कार्य करते हुए बैंकर असहयोग के जरिए सांकेतिक विरोध दर्शाते हुए बैंक के अतिरिक्त कार्य करने से इनकार किया जाएगा। इसके बाद बैंककर्मियों की ओर से 31 जनवरी से सीधे तौर पर हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। जानकारी के अनुसार 31 जनवरी व एक फरवरी को दो दिवसीय, 11, 12 व 13 मार्च को तीन दिवसीय, एक अप्रैल से अनिश्चतकालीन हड़ताल करते हुए बैंक कर्मियों का राष्ट्रव्यापी बैंक आंदोलन शुरू हो जाएगा। इन बैंक यूनियंस में एआइबीईए, ए आइबीओसी, एनसीबीई, एआइबीओए, बीईएफआइ, आइएनबीईएफ, आइएनबीओसी, एनओबीडब्ल्यू, एनओबीओ समर्थन देते हुए मौजूदगी दर्ज कराएंगे। हड़ताल से पूर्व के कार्यक्रमों के तारतम्य में फोरम की स्थानीय इकाई से कार्यक्रम की रूपरेखा भी तय की गई है। सबसे पहले 20 जनवरी से सभी साथी बैंक में नियमानुसार कार्य करेंगे एवं बैंक प्रबंधन को अतिरिक्त सहयोग देना बंद करेंगे। 20 जनवरी को सभी साथी शाम 5.45 बजे एकत्रित होकर प्रदर्शन एवं सभा का आयोजन करेंगे। समस्त घटक व संगठनों एवं बैंक वाइज अधिकारी-कर्मचारी संगठनों से कहा गया है कि वे अपने संगठन के ज्यादा से ज्यादा साथियों के साथ कार्यक्रमों में शामिल होकर इन्हें सफल बनाएं।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

स्ट्रेचर, व्हीलचेयर से

अव्यवस्थाएं कब दूर होंगी। गौरतलब है कि सिम्स में रोजाना ओपीडी में मरीजों काफी संख्या में होती है। कुछ ऐसे मरीज भी होते हैं जो चलने में भी असमर्थ होते हैं। ऐसे मरीज डॉक्टर कक्ष और वार्ड तक अपने परिजन के कंधों के सहारे जोन को बेबस हैं। खास बात यह भी है कि अस्पताल को पिछले सत्र में ही दर्जन भर से अधिक स्ट्रेचर शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए थे। इन्हें अस्पताल प्रबंधन मरीजों के लिए नहीं बल्कि अस्पताल की फाइलों तथा दवाइयों को ढोने के लिए स्तेमाल कर रहा है।

इन्हें नसीब नहीं हुआ स्ट्रेचर-व्हील चेयर

इन दो मामलों के अलावा भी चल पाने में अक्षम मरीजों को उनके परिजन द्वारा कंधों के सहारे ले जाते पाया गया।

सावरकर के विरोधियों...

बता दें कि कांग्रेस के सीनियर नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने एक दिन पहले ही यह बयान दिया था कि नरेंद्र मोदी सरकार अगर सावरकर को भारत रत्न देती है तो इसका विरोध किया जाएगा।

कांग्रेस ने किया था विरोध

वहीं, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने शुक्रवार को कहा कि सावरकर के अंग्रेजों से माफी मांगने की बात मिटाई नहीं जा सकती और अगर नरेंद्र मोदी सरकार उन्हें 'भारत रत्न' देती है तो पार्टी उसका विरोध करेगी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि 'जटिल और विवादित व्यक्तित्व' सावरकर के बारे में कुछ अच्छी और कुछ खराब बातें दोनों थीं, लेकिन कांग्रेस के लोगों को जो बात खराब लगती है, वह उसी के बारे में बात करेंगे।

सोनिया जितना हमारा...

मानसिकता ही रेप की बढ़ती घटनाओं के लिए जिम्मेदार है।'इससे पहले निर्भया की मां ने कहा था कि अगर भगवान भी आकर कहें- आशा दोषियों को माफ कर दो, तो मैं माफ नहीं करूंगी। उन्होंने पूर्व अडिशनल अटॉर्नी सॉलिसिटर जनरल इंदिरा जयसिंह के बयान पर तीखा हमला बोला, 'विश्वास नहीं होता कि आखिर इंदिरा जयसिंह मुझे ऐसा सुझाव देने की हिम्मत कैसे कर सकती हैं। बीते सालों में सुप्रीम कोर्ट में उनसे कई बार मुलाकात हुई। उन्होंने एक बार भी हालचाल नहीं पूछा और आज वह दोषियों के लिए बोल रही हैं। आपको बता दें कि दिल्ली की एक अदालत ने निर्भया गैंगरेप और मर्डर केस के मामले में शुक्रवार को 1 फरवरी के लिए चारों दोषियों - विनय शर्मा (26), मुकेश कुमार (32), अक्षय कुमार सिंह (31), और पवन (25) का डेथ वॉरंट जारी किया। इससे पहले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मुकेश की दया याचिका खारिज कर दी थी।

शबाना आजमी और...

कभी 60 किलोमीटर दूर खालापुर के पास दोपहर करीब साढ़े तीन बजे हुई। उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई। एएनआई के मुताबिक, दुर्घटना में एक अन्य अज्ञात महिला के गंभीर रूप से घायल होने की खबर है।

घायल शबाना आजमी

ऐक्ट्रेस की कार का एक्सिडेंट इतना भयंकर था कि कार के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। यहां तक कि ट्रक भी डैमेज हुआ है। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि ऐसा लग रहा है कि कार का ड्राइवर एक दूसरी गाड़ी को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था जब ट्रक से जा टकराया। कार में बैठे एक अन्य शख्स को चोट लगी है। आजमी के प्रवक्ता ने बताया कि अभिनेत्री का इलाज चल रहा है। वह ठीक हैं, चिंता करने की कोई बात नहीं है।

ट्रक से टकराई थी कार

अपने घर पर बॉलिवुड थीम पार्टी रखने के बाद बांद्रा में जावेद अख्तर के बर्थडे की शानदार पार्टी दी गई थी। बॉलिवुड के मशहूर गीतकार और शायर जावेद अख्तर के जन्मदिन को 3 दिनों तक सेलिब्रेट करने का प्लान बनाया गया था।

राहुल गांधी ने की...

सुविधाओं की कमी के कारण लोगों को इसका सही लाभ नहीं मिल पाता है। इन सुविधाओं के आभाव के कारण ऐसे उत्पादों का मूल्य संवर्धन भी नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं की व्यवस्था होने से इस क्षेत्र के लोगों की कृषि आय में वृद्धि हो सकती है। उन्होंने श्री विजयन से वायनाड जिले में एक ग्रीन फिल्ड मेगा फूड पार्क की स्थापना का प्रस्ताव भेजने का भी अनुरोध किया है। केरल में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की भारी संभावना है जिससे यहां के लोगों को रोजगार भी मिलेगा और निर्यात को भी बढावा दिया जा सकेगा। श्री गांधी ने इन पत्रों की प्रति वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल को भी भेजा है।

निर्भया: दोषी पवन

खारिज कर चुकी हैं। यह याचिका तब दायर की गई है जब निचली अदालत ने दोषियों को फांसी देने के लिए नई तारीख 1 फरवरी तय की है।

नया डेथ वारंट जारी

दिल्ली की एक अदालत ने चारों दोषियों मुकेश सिंह (32), विनय शर्मा (26), अक्षय कुमार सिंह (31) और पवन गुप्ता (25) को सुनाई गई मौत की सजा पर अमल का आदेश 'डेथ वॉरंट'07 जनवरी को जारी किया था। पहले 22 जनवरी की तारीख फांसी के लिए मुकर्रर की गई थी। दिल्ली सरकार ने उच्च न्यायालय को बताया कि दोषियों को 22 जनवरी को फांसी नहीं हो पाएगी, क्योंकि मुकेश सिंह ने दया याचिका दायर की है। अब राष्ट्रपति द्वारा दया याचिका खारिज किए जाने के बाद फांसी की नई तारीख तय की गई है। अब चारों दोषियों को एक फरवरी को सुबह छह बजे फांसी की सजा दी जाएगी।

केंद्रीय मंत्रियों का...

श्रीनगर भेज दिया गया है। मौसम के ठीक होते ही सभी मंत्री जम्मू जाएंगे। रविवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी कटरा और पंथल का दौरा करेंगी जबकि कौशल विकास मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय जम्मू के दनसाल और रेल मंत्री पीयूष गोयल अखनूर जाएंगे। जनरल वीके सिंह उधमपुर जाएंगे और 21 जनवरी को खेल राज्य मंत्री किरेन रिजिजू जम्मू के पास सीमांत इलाके सुचेतगढ़ की यात्रा करेंगे। इन सभी के अलावा केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, रमेश पोखरियाल निशंक और कई अन्य नेता भी राज्य के दौरे पर जाएंगे।

बांगो में फिर हुआ भीषण हादसा ट्रक की ठोकर से दो की मौत

कोरबा। कटघोरा अंबिकापुर मुख्य मार्ग में हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है हर दूसरे व तीसरे दिन इस मार्ग में बड़े-बड़े भीषण हादसे हो रहे हैं जिससे लोगों की मौत हो रही है देर शाम को फिर से बांगो थाना क्षेत्र के मुर्गा के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई हादसे की सूचना मिलते ही बांगो थाना प्रभारी एसएस पटेल दलबल सहित मौके पर पहुंच गए हैं और राहत एवं बचाव कार्य पर जुटे हुए हैं ज्ञात रहे कि जब से इस मार्ग का नया निर्माण हुआ है तब से इस मार्ग में भीषण हादसे हो रहे हैं और एक साथ दो तीन लोगों की मौत ही हो रही है पुलिस द्वारा सतत इस मार्ग में सड़क हादसों को रोकने की प्रयास किया जा रहा है लेकिन नतीजा सिफर ही नजर आ रहा है।

पल्स पोलियो अभियान कल

कोरबा। विश्व पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो का आयोजन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश में 19 जनवरी 2020 से तीन दिवसीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है।

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम ..., तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा राजापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गंगा प्रसाद पिता/पति भगत प्रसाद जाति हल्बा निवासी कांकेर द्वारा मोहल्ला राजापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 8 सी प्लाट नं./रकबा में से 17 रकबा 226 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 20 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 19/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील
नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम श्रीराम नगर, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा श्रीराम नगर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेश्वरी मंडावी पिता/पति रहिमन मंडावी जाति गोंड़ निवासी कांकेर द्वारा मोहल्ला राजापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 5 प्लाट नं./रकबा में से 16.86 रकबा 110.5 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 19/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील
नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

क्रमांक क/वा/नजूल/2020/604
मुंगेली, दिनांक 10.01.2020

छ.ग. शासन - आवेदक

बनाम

जितेन्द्र यादव पिता मोहनलाल यादव, निवासी जवाहर वार्ड मुंगेली छत्तीसगढ़ - अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में जितेन्द्र यादव पिता मोहनलाल यादव निवासी जवाहर वार्ड, मुंगेली तहसील मुंगेली, जिला-मुंगेली द्वारा मोहल्ला जवाहर वार्ड मुंगेली स्थित भूमि नजूल भूमि शीट नंबर 28-डी प्लाट नंबर 10 क्षेत्रफल 460 वर्गमीटर में से क्षेत्रफल 187 वर्गफीट शासकीय नजूल भूमि पर आवासीय पक्का मकान बनाकर अतिक्रमण करते हुए निवासरत है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर के पत्र क्रमांक एफ-4-07/सात-1/2019 दिनांक 26.10.2019 के अनुसार उपरोक्त अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन कराने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अनावेदक संस्था को उक्त भूमि व्यवस्थापन के संबंध में प्रकरण विचारधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 24.1.2020 को 02.00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 10.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील
(आर. के. तम्बोली)
नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स
(भारत सरकार का उपक्रम)
मंडल कार्यालय : जीत टावर, द्वितीय तल, राजकुमार कालेज के सामने, रायपुर - 492001
टेलीफोन - 0771-4700830, ई-मेल:recovery.rpr@obc.co.in

अचल सम्पत्ति हेतु कब्जा सूचना (परिशिष्ट-IV)
सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत

सेक्यूरीटाइज़ेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेन्शियल असेट्स एंड एनफोर्समेंट आफ सेक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत नियम-3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत् प्रदत्त अधिकारी के प्रयोग के तहत ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित [illegible]

क्र. सं.	ऋणी/गारण्टर का नाम एवं पता	बंधक संपत्ति का विवरण	मांग सूचना की तिथि / कब्जा की तिथि / शाखा का नाम	बकाया धनराशि
1.	मेसर्स एकता कृषि केन्द्र (प्रोप. श्री राम दास गंगबेर पिता हरख राम), वार्ड नं. 1, ग्राम- सनोद, पोस्ट- पलारी, तहसील- गुरुर, जिला-बालोद (छ.ग.) पिन-491222. श्री संतोष कुमार गंगबेर (गारंटर) पिता हरख राम, वार्ड नं. 1, ग्राम- सनोद, पोस्ट- पलारी, तहसील- गुरुर, जिला-बालोद (छ.ग.) पिन-491222.	श्री रामदास गंगबेर पिता- श्री हरख राम के नाम पर खसरा नं. 50/4, ग्राम- सनोद, पीसी नं. 5, आरआईसी- गुरुर, जिला-दुर्ग (छ.ग.) क्षेत्रफल 0.040 हेक्टेयर (466 वर्गमीटर) में स्थित संपत्ति की भाग व अंश। चौहद्दी : उत्तर-सड़क, दक्षिण- कन्हैया की भूमि, पूर्व- संतोष की भूमि, पश्चिम- परमेश्वर की भूमि।	दि. 09.10.2019 / दि. 13.01.2020 / ओरियंटल बैंक ऑफ कामर्स धमतरी शाखा	₹ 8,99,029.71 (रुपये आठ लाख निन्यानबे हजार उन्तीस और इकहत्तर पैसे मात्र)+ 01.10.2019 से ब्याज एवं अन्य खर्चे अतिरिक्त
2.	श्री पूरन लाल सिन्हा पिता- माखन लाल सिन्हा, ग्राम- रनवा, पोस्ट- तरसिनवा, वार्ड नं. 17, जिला-धमतरी-493773. श्री पूरन लाल सिन्हा पिता- माखन लाल सिन्हा, मार्फत- फौजी धाबा, अर्जुनी, जिला-धमतरी-493773. श्री पूरन लाल सिन्हा पिता- माखन लाल सिन्हा, ग्राम- अर्जुनी, खसरा नं. 230, प.ह.नं. 46/13, आरएनएम- भोथली, जिला-धमतरी-493773.	संपत्ति 1- श्री पूरन लाल सिन्हा, पिता- माखन लाल सिन्हा के नाम पर परिवर्तित संपत्ति ग्राम- अर्जुनी, आरएनएम- भोथली, तहसील व जिला- धमतरी में स्थित खसरा नं. 230 का भाग (क्षेत्रफल 980 वर्गफुट) बी.नं.34। चौहद्दी : उत्तर-इमरान इकबाल की भूमि, दक्षिण- नीरज कुमार की भूमि, पूर्व- नीरज कुमार लुंकड़ की भूमि, पश्चिम- भाखरा रोड धमतरी। संपत्ति 2- श्री पूरन लाल सिन्हा, पिता- माखन लाल सिन्हा के नाम पर परिवर्तित संपत्ति ग्राम- अर्जुनी, आरएनएम- भोथली, तहसील व जिला- धमतरी में स्थित खसरा नं. 230/1 का भाग (क्षेत्रफल 858 वर्गफुट) बी.नं.34। चौहद्दी : उत्तर-पूरन लाल सिन्हा की भूमि, दक्षिण- विभु कुमार गुप्ता की भूमि, पूर्व- राजेन्द्र कुमार की भूमि, पश्चिम- सड़क।	दि. 09.10.2019 / दि. 13.01.2020 / ओरियंटल बैंक ऑफ कामर्स धमतरी शाखा	₹ 4,59,017.05 (रुपये चार लाख उनसठ हजार सत्रह और पांच पैसे मात्र) + 01.10.2019 से ब्याज एवं अन्य खर्च अतिरिक्त
3.	ऋणी - सुधा संतरा पिता- चिन्मय संतरा बी-101, वृन्दावन कालोनी, जिंदल रोड, कोटक महिन्द्रा बैंक के सामने, गोरखा, रायगढ़ (छ.ग.) 496001.	बी-101, खसरा नं. (26/1/24 सहित 26/2/24, 27/24, 28/24, 30/24) वृन्दावन रेसिडेंसी ग्राम- भगवानपुर, प.ह.नं. 24, आर.एन.एम.- रायगढ़-1, वार्ड नं. 45 (कंडिका 8), जिंदल रोड, ब्लॉक, तहसील व जिला- रायगढ़, छ.ग. पिन- 496001। प्लॉट का कुल क्षेत्रफल- 0.022 हेक्टेयर,/ 2400 वर्गफिट/ 223.048 वर्गमीटर भूमि और निर्मित क्षेत्रफल, भूतल- 1650 वर्गफिट एवं प्रथम तल- 1650 वर्गफिट। चौहद्दी- पूर्व- सड़क, पश्चिम- प्लॉट नं. बी-98, उत्तर-गणपति बिल्डर्स का प्लॉट, दक्षिण- प्लॉट नं. बी-102.	दि. 01.11.2019 / दि. 15.01.2020 / ओरियंटल बैंक ऑफ कामर्स रायगढ़ शाखा	₹ 49,22,211.88 (रुपये उन्चास लाख बाइस हजार दो सौ ग्यारह और अठासी पैसे मात्र)+ 01.01.2020 से ब्याज एवं अन्य खर्च अतिरिक्त

दिनांक: 18.01.2020 स्थान- रायपुर प्राधिकृत अधिकारी / ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

सारा से मिलाने के लिए रणवीर के अहसानमंद हैं कार्तिक आर्यन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन का कहना है कि सारा अली खान से उन्हें मिलाने के लिये वह रणवीर सिंह के अहसानमंद हैं। रणवीर सिंह ने एक इवेंट के दौरान सारा और कार्तिक को मिलवाया था और दोस्ती करवाई थी। कार्तिक इसके लिए रणवीर का एहसान मानते हैं। सारा ने करण जौहर के चैट शो 'कॉफी विद करण' में कहा था कि उन्हें कार्तिक आर्यन पर क्रश है, तभी से उनका नाम कार्तिक के साथ जोड़ा जाने लगा था और वह लाइमलाइट में आ गई थीं। कार्तिक से जब उनकी सारा के साथ पहली मुलाकात और उसमें रणवीर के रोल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'रणवीर ने बहुत अच्छे से दोस्ती करवाई थी। वह खुद भी काफी जिंदादिल हैं तो इसलिए जिस तरीके से उन्होंने हम दोनों को मिलवाया था उसकी वजह से काफी मीम्स भी बने थे। मैं बहुत खुश हूं कि रणवीर ने हमें मिलवाया और हमारे रिश्ते के लिए एक मीडिएटर बने। कार्तिक और सारा इम्तियाज अली की आने वाली फिल्म 'लव आज कल' में नजर आएंगे।

कंगना रनौत से रिचा चड्ढा ने नहीं की कभी ऐसी बात

ऐक्ट्रेस कंगना रनौत और रिचा चड्ढा दोनों ही देश के महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी राय खुलकर रखती हैं। अगर मौजूदा हालातों को देखें, तो दोनों अलग-अलग विचारधारा का समर्थन करती नजर आती हैं। हाल ही में दोनों ने फिल्म 'पंगा' में साथ काम किया है।

ऐक्ट्रेस कंगना रनौत और रिचा चड्ढा दोनों ही देश के महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी राय खुलकर रखती हैं। अगर मौजूदा हालातों को देखें, तो दोनों अलग-अलग विचारधारा का समर्थन करती नजर आती हैं। हाल ही में दोनों ने फिल्म 'पंगा' में साथ काम किया है। हैरानी की बात यह लंबे समय तक शूटिंग सेट पर साथ समय बिताने के बावजूद दोनों कलाकारों ने कभी एक-दूसरे से राजनीतिक मुद्दों पर बात नहीं की।

अलग विचारधारा लेकिन नहीं की राजनीति पर बात: रिचा ने बताया, 'हमने फिल्म के सेट पर कभी राजनीतिक मुद्दों पर बात नहीं की और एक इंसान के तौर पर यह वाकई में मायने नहीं रखता है कि हम किस राजनीतिक विचारधारा का समर्थन करते हैं। मैं यहां किसी के विश्वास और किसी की राजनीतिक विचारधारा को बदलने के लिए नहीं हूं।

QUIZ TIME

1) भूमि तथा भवन पर लगने वाला कर भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची में दी गई............ सूची में सूचीबद्ध है। (क) केन्द्रीय (ख) राज्य (ग) विश्व (घ) समवर्ती
2) .... अन्तर्भेदी आग्नेय शैल का उदाहरण है। (बलुआ पत्थर / ग्रेनाइट)
3) सुल्तान महमूद कहाँ का शासक था?
4) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अन्तर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा........ योजना प्रारम्भ की गई।
5) जुलाई, 2019 में कौन भारत का 64वाँ शतरंज ग्रैण्डमास्टर बना?

Ramaquiz

उत्तरमाला: (1) राज्य (2) ग्रेनाइट (3) गजनी (4) सुकन्या समृद्धि योजना (5) प्रीतु गुप्ता

ममी-पापा का तलाक हुआ, नाना की 4 शादियां लेकिन फर्क नहीं पड़ता: अलाया फर्नीचरवाला

पूजा बेदी की बेटी अलाया फर्नीचरवाला जल्द ही जवानी जानेमन से बॉलिवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। फिल्म में उनके साथ सैफ अली खान और तब्बू जैसे बड़े कलाकार हैं। अलाया ने अपनी निजी जिंदगी और फिल्म के बारे में खुलकर बात की।

बॉलिवुड में दस्तक देने वाले स्टार किड्स की लिस्ट में अब ऐक्ट्रेस पूजा बेदी की बेटी अलाया फर्नीचरवाला भी शामिल होने जा रही हैं। अलाया ऐक्टर सैफ अली खान और तब्बू के साथ फिल्म 'जवानी जानेमन' से अपना ऐक्टिंग डेब्यू कर रही हैं। पेश है उनसे यह खास बातचीतः

आपके नाना कबीर बेदी और मां पूजा बेदी ऐक्टर रहे हैं, तो क्या फिल्मी फैमिली से होने की वजह से ही आपने भी ऐक्टिंग को करियर चुना?

नहीं, मुझे तो ऐक्टर नहीं बनना था, क्योंकि सब यही कहते थे कि मैं ऐक्टर बनूंगी, तो मैंने सोचा कि मैं ऐक्टर नहीं डायरेक्टर बनूंगी। इसलिए, मैं न्यू यॉर्क यूनिवर्सिटी जाकर डायरेक्शन का कोर्स कर रही थी। उसमें ऐक्टर्स को डायरेक्ट करने की एक क्लास थी, जो मुझे बहुत पसंद आई, तब मैंने तय किया कि मैं ऐक्टर बनूंगी। मम्मा को बताया, तो उन्होंने सीरियसली नहीं लिया तो मुझे लगा कि अगर ऐक्टर बनना है, तो चीजें अपने हाथ में लेनी होंगी, तब मैंने ऐक्टिंग कोर्स के लिए दूसरी यूनिवर्सिटी में अप्लाई किया। मैंने ढाई साल न्यू यॉर्क में ट्रेनिंग की। फिर, मुंबई में दो साल ऐक्टिंग क्लासेज कीं। बहुत सारे डांस क्लासेस किए। मैंने कथक, कंटेपरेरी, हिप हॉप, बॉलिवुड, सब सीखा। उसके अलावा, जिमनास्टिक्स, हिंदी डिक्शन क्लासेस भी किए।

शाहरुख, रणबीर को लेकर फिल्म बनायेंगे करण जौहर



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर किंग खान शाहरुख खान और रॉकस्टार रणबीर कपूर को लेकर फिल्म बना सकते हैं। शाहरुख खान जल्द ही अपनी नयी फिल्म का ऐलान कर सकते हैं। शाहरुख अभी फिल्म चयन में कोई एक्सपेरिमेंट नहीं करना चाहते हैं। चर्चा है कि करण जौहर एक फिल्म बनाने जा रहे हैं जिसमें उनके साथ रणवीर कपूर की भी अहम भूमिका होगी। फिल्म को लेकर हालांकि कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। शाहरुख खान लंबे समय से फिल्मों से दूर हैं और उनके फैंस लगातार उन्हें फिल्म की घोषणा करने को बोल रहे हैं। फिल्म 'जीरो' के सफल ना होने के बाद वह अब वो ही फिल्म चयन करना चाहते हैं, जो वाकई वो करना चाहते हैं और वो अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट में ज्यादा एक्सपेरिमेंट नहीं करेंगे। शाहरुख ने खुद अपने जन्मदिन पर अपने फैंस से बातचीत में कहा था कि वर्ष 2020 में उनकी एक फिल्म जरूर आने वाली है।

नव प्रदेश — व्यापार

निवेश के बाद बेजोस का रोजगार वादा, 10 लाख नौकरियां देंगे

भारत आए ऐमजॉन प्रमुख जेफबेजोस ने कहा कि वह 2025 तक 10 लाख भारतीयों को नौकरी देंगे। इससे पहले वह घोषणा कर चुके हैं कि स्ल्धह्य को ऑनलाइन जोड़ने के लिए उनकी कंपनी 7000 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

नई दिल्ली। ऐमजॉन के सीईओ जेफ बेजोस ने शुक्रवार को वादा किया कि 2025 तक वह भारत में 10 लाख नौकरियां देंगे। जेफ बेजोस का यह बयान उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के उस बयान के बाद आया है, जिसमें पीयूष गोयल ने कहा था ऐमजॉन के 1 अरब डॉलर के निवेश से देश को बड़ा फायदा नहीं होने वाला है। हालांकि शुक्रवार को फिर पीयूष ने कहा कि नियमों के तहत ही देश में निवेश हो।

कई सेक्टरों में जॉब देंगे

ऐमजॉन ने कहा है कि वह टेक्नॉलजी, बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक नेटवर्क में निवेश करेगी। उसकी योजना भारत में अगले पांच साल में देश में दस लाख नए रोजगार पैदा करने की है। कंपनी ने कहा कि यह रोजगार पिछले छह साल में उसके निवेश से सृजित हुए सात लाख से अधिक रोजगार से अलग होगा। कंपनी ने एक बयान में कहा, जिन 10 लाख नए जॉब्स की बात हो रही है, उसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार दोनों शामिल है।

> उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अपने बयान को लेकर कहा कि उनके कहने का मतलब था कि कोई भी ऐसा निवेश हमें स्वीकार्य नहीं होगा, जिसमें तय नियमों का उल्लंघन हो। मैंने जो बात कही है, उसको इसी परिपेक्ष्य में लिया जाना चाहिए। हम निवेश का स्वागत करते हैं।
>
> -पीयूष गोयल, उद्योग मंत्री

उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश होगी कि मनोरंजन सामग्री निर्माण, रीटेल, लॉजिस्टिक और मैन्युफैक्चरिंग आदि सभी क्षेत्रों में भी नई नौकरियां आ सकें। गौरतलब है कि बेजोस ने बुधवार को कहा था कि वह भारत में 7,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेंगे ताकि स्ल्धह्य को ऑनलाइन लाने में मदद की जा सके।

मानसरोवर यात्रा हुई महंगी, आयु सीमा 70 से बढ़ा दी गई है

रायपुर। मानसरोवर यात्रा पर जाने के लिए इस वर्ष श्रद्धालुओं को 250 यूएसडी लगभग 18000 से 20000 रूपए अतिरिक्त देना होगा।

छत्तीसगढ़ से नमन ऐवियेशन विगत 13 वर्षों से मानसरोवर की यात्रा संचालित करती आ रही है, इसके संचालक सरनजीत सिंह ने बताया कि- चाईना सरकार ने इस वर्ष मानसरोवर यात्रियों के लिए 250 यूएसडी प्रति व्यक्ति का इजाफा किया है। लगभग 18000 से 20000 रूपए। वहीं आयु सीमा 70 वर्ष हटा दी गई है। अब 70 वर्ष से अधिक व्यक्ति मेडिकल परीक्षण, सुरक्षा जमा राशि 1000 यूएसडी लगभग 75000 रुपए तथा परिवार के एक सदस्य के साथ यात्रा कर सकते है। यात्रा से वापसी होने पर सुरक्षित जमा राशि वापस कर दी जायेगी।

वर्ष 2020 में कठमांडू से केरूंग बॉर्डर से बस द्वारा 14 दिनों का कुल खर्च लगभग 1,45,000 एवं लखनऊ से नेपाल गंज के रास्ते हेलीकाफ्टर मार्ग से 10 दिनों में कुल रुपए 1,85,000 खर्च आएगा।

मान सरोवर यात्रियों को यात्रा में जाने के लिए सावधानियां

यात्रा में जाने से पहले कम से कम एक माह पहले प्रतिदिन 1 घंटे योगाभ्यास, 10 से 15 किमी पैदल चलना चाही। शुगर एवं बीपी के मरीज अपलनी नियमित दवाईयों के साथ यात्रा कर सकते है। दिल की बीमारी एवं अस्थमा से ग्रसित व्यक्तियों को इस यात्रा में नहीं जाना चाहिए। दिल की बीमारी का बाईपास सर्जरी के एक वर्ष के बाद डॉक्टर की अनुमति से यह यात्रा कर सकते है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़वासियों के लिए यात्रा के उपरांत 50,000 की अनुदान राशि का प्रावधान है।

देश के 33% घरों में रेफ्रिजरेट, वाशिंग मशीन सिर्फ 12 प्रतिशत के पास

■ **बजट में हो इलेक्ट्रानिक उत्पादों की मांग बढ़ाने वाले उपाय**

नई दिल्ली। वाशिंग मशीन (लिंडसे मैकाइवर की फेसबुक पोस्ट) टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुयें जैसे टेलीविजन, फ्रिज , वाशिंग मशीन और एयरकंडिशनर आदि की मांग में तेजी लाकर विनिर्माण के माध्यम से देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को तीव्र वृद्धि के मार्ग पर ले जाने के लिए शोध और विकास को बढ़ावा देते हुए स्थानीय विनिमार्ण को प्रोत्साहित करने के उपाय करने की अपील की गयी है। टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं बनाने वाली कंपनियों के शीर्ष संगठन कंज्यूमर इलेक्ट्रानिक्स एंड अप्लायसेंस मैन्युफैक्चरर्स एसोसियेशन (सीईएएमए) ने आम बजट के मद्देनजर सरकार से ये अपील की है।

संगठन ने कहा कि सरकार को सरकार को आरएंडडी व्यय पर छूट को बढ़ाकर 200 प्रतिशत तक करनी चाहिए। घरेलू विनिर्माण और मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने के लिए सरकार को एक ऐसी स्कीम लॉन्च करनी चाहिए, जहां स्थानीय रूप से निर्मित सामान को आयातित वस्तुओं की तुलना में वरीयता दी जानी चाहिए।

वाशिंग मशीन सिर्फ 12 प्रतिशत के पास

सीईएएमए के अध्यक्ष कमल नंदी ने इस संबंध में कहा कि भारत की नीतियां और देश का आर्थिक माहौल बड़े बदलावों के दौर से गुजर रहा है। कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और अप्लायंस उद्योग भी अलग-अलग मोर्चे पर चुनौतियों का सामना कर रहा है। देश में पारंपरिक रूप से टिकाऊ वस्तुओं की पहुंच का स्तर कम रहा है। वर्तमान में देश में 33 प्रतिशत घरों तक रेफ्रिजरेटर की पहुंच है जबकि वाशिंग मशीन सिर्फ12 प्रतिशत के पास है। एयर कंडीशनर मात्र 5 प्रतिशत लोगों के पास है। भारत में 65 फीसदी लोगों के पास टेलीविजन है जबकि चीन में यह 95 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि कम पहुंच का अर्थ है कि इस क्षेत्र में मांग की व्यापक संभावना है और इनकी मांग बढ़ाने के उपाय किए जाने की जरूरत है।

चालू वित्त वर्ष में इस उद्योग की वृद्धि लगभग सपाट

उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में इस उद्योग की वृद्धि लगभग सपाट रही है। सीमा शुल्क में वृद्धि, कमजोर वैश्विक आर्थिक परिदृश्य और मुद्रा एवं कमोडिटी में उतार-चढ़ाव के साथ बना हुआ है। इसके मद्देनजर अगले साल के लिए मांग के स्तर का अनुमान लगाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि अब तक नियामक परिवर्तन भी हुए हैं। जीएसटी के साथ ही एसी, क्यूसीओ से संबंधित एनर्जी गाइडलाइन, प्लास्टिक पर प्रतिबंध और अन्य पयार्वरण नियम भी आए हैं, जिससे अंततः देश को लाभ होगा लेकिन यह भी नहीं भूलना चाहिए कि इस तरह के नियमों का निवेश, कार्य संचालन और कभी-कभी कीमतों पर भी प्रभाव पड़ता है।

SBI ने दिया एक और झटका, FD के बाद अब RD पर कम किया ब्याज

नई दिल्ली। एक हफ्ते के भीतर देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई ने ग्राहकों को दोहरा झटका दिया है। कुछ दिन पहले एसबीआई ने फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी की ब्याज दरों में कटौती की थी, अब आरडी यानी रिकरिंग डिपॉजिट के ब्याज पर भी बैंक ने कैंची चला दी है। अब एसबीआई के ग्राहकों को पहले के मुकाबले 0.15 प्रतिशत कम ब्याज मिलेगा। अब 1 से 10 साल की अवधि वाले आरडी खाते पर ब्याज दरें 6.25 फीसदी से घटकर 6.10 फीसदी पर आ गई हैं. ये नई दरें 10 जनवरी से प्रभावी भी हो चुकी हैं.

क्या होता है रिकरिंग डिपॉजिट

यह आम लोगों के लिए उपलब्ध निवेश का सबसे बेहतर विकल्प माना जाता है. इसमें आपको एक निश्चित अवधि के लिए लगातार एक निश्चित रकम देनी होती है।जैसे ही अवधि खत्म होती है आपको आपका सारा पैसा मुनाफे के साथ वापस मिल जाता है। एसबीआई की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के मुताबिक डिपॉजिट रकम 100 रुपये से शुरू होती है, वहीं निवेश की अधिकतम लिमिट फिक्स नहीं है।

रुपया 15 पैसे लुढ़का

मुंबई (वार्ता)। विदेशों में अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल में रही मजबूती के दबाव में अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया आज लगातार दूसरे दिन टूटता हुआ एक सप्ताह के अधिक के निचले स्तर पर आ गया। गत दिवस 11 पैसे की गिरावट में 70.93 रुपये प्रति डॉलर पर बंद होने वाला रुपया आज 15 पैसे और लुढ़ककर 71.08 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया जो 09 जनवरी के बाद का इसका निचला स्तर है। रुपये पर आज आरंभ से ही दबाव रहा। यह पाँच पैसे की गिरावट में 70.98 रुपये प्रति डॉलर पर खुला।

सुंदर पिचाई के नेतृत्व में सात सप्ताह में 7 लाख करोड़ बढ़ा अल्फाबेट का मार्केट कैप, ट्रिल्यन डॉलर पार

नई दिल्ली। गूगल की पैरंट कंपनी अल्फाबेट का मार्केट कैप पहली बार 1 ट्रिल्यन डॉलर (71 लाख करोड़ रुपये) पहुंच गया। भारतीय मूल के सुंदर पिचाई (47) के सीईओ बनने के डेढ़ महीने में अल्फाबेट के मार्केट कैप में 12त इजाफा हो चुका है। पिचाई 4 दिसंबर को सीईओ बने थे, उस दिन अल्फाबेट 893 बिलियन डॉलर (64 लाख करोड़ रुपए) पर थी।

3 साल में 1,722 करोड़ रुपये का पैकेज: अल्फाबेट के बॉस बनाए जाने के बाद पिचाई को अगले तीन साल के लिए कुल 1,722 करोड़ रुपये (24.6 करोड़ डॉलर) का पैकेज मिलेगा। किसी भी सर्च इंजन कंपनी के अधिकारी के लिए यह अब तक का सबसे भारी-भरकम पैकेज है। इस पैकेज में 1,680 करोड़ रुपये (24 करोड़ डॉलर) के कंपनी के शेयर तथा 42 करोड़ रुपये (60 लाख डॉलर) की टेक होम सैलरी शामिल है।

नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और आवास होगी हमारी प्राथमिकता

■ वार्डवासियों के मांग के अनुरूप होगा वार्ड का कार्य

■ ज़मीनी स्तर पर कार्यो का सही क्रियान्वयन हेतु सभी वार्डो में बनाये जाएंगे पार्षद कार्यालय

नवप्रदेश संवाददाता

किरंदुल। पहली बार लौह नगरी किरंदुल में कांग्रेस की सरकार बनी है और जिसकी कमान मृणाल राय को सौंपी गई। किरंदुल को अपना नगरपालिका अध्यक्ष मिलने की खुशी चारो तरफ नज़र आ रही थी । मौका था किरंदुल नगरपालिका के समस्त नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगण के कार्यभार ग्रहण समारोह का। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा, बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी एवं प्रदेश महासचिव दीपक कर्मा की उपस्थित थे। कार्यभार ग्रहण समारोह में मृणाल राय जी ने अपने अध्यक्ष पद और गरिमा की शपथ ली और नगर के विकास एवं खुशहाली का वादा किया । उनके साथ ही बालसिंह कश्यप ने भी उपाध्यक्ष पद की शपथ ली । नगर की जनता के सामने मंत्री लखमा जी ने नगरपालिका की चाबियाँ सौंप कर मृणाल राय को अध्यक्ष का कार्यभार दिया । मृणाल राय ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि मेरे कार्यकाल की सबसे पहली प्राथमिकता होगी आमजनता के लिए परियोजना अस्पताल में मुफ्त चिकित्सा उपलब्ध करवाना। भूपेश बघेल के प्रति अपनी आस्था जताते हुए कहा कि हम नगर के आखिरी नागरिक तक विकास पहुचायेंगे । पेयजल, सड़क और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे कर कार्य करेंगे । मंत्री लखमा जी ने भी सभा संबोधन में कहा कि ये मुख्यमंत्री भूपेश जी नीतियों का ही कमाल है जो जनता हम पे विश्वास कर रही है और हमे नगरी निकायों में जनादेश दिया । मंत्री जी ने आज पट्टा वितरण के तहत जनता में पट्टा वितरण भी किया । बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी जी ने भी जनता का आभार व्यक्त करते हुए किरंदुल की जनता का धन्यवाद किया और कहा की यह कांग्रेस की नही बल्कि जनता की जीत है जो किरंदुल वासियो ने भूपेश सरकार के प्रति अपनी आस्था बनाये रखा। कार्यक्रम में मुख्यरूप से जिलाध्यक्ष विमल सुराना, सत्तार अली, अवधेश गौतम, वीरेंद्र गुप्ता जी, उड़कुड़े, सलीम उस्मान, पूजा साव जी, तपन दास, आर. राजू, राहुल महाजन, एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

सीईओ ने महिला स्व-सहायता समूहों की आर्थिक गतिविधियों का किया अवलोकन

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.संजय कन्नौजे के द्वारा गत दिवस नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम श्रीगुहान, चारभट्ठी, उमरादाह एवं किशनपुरी पंचायतों में मनरेगा के तहत निर्माणाधीन विभिन्न विकास कार्यो जैसे- गौठान और प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण तथा महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित विभिन आर्थिक गतिविधियों का अवलोकन किया गया।

डॉ. संजय कन्नौजे ने श्रीगुहान में निर्माणाधीन गौठान का निरीक्षण कर ग्रामवासियों तथा ग्राम गौठान समिति से चर्चा की और गौठान के लिए पैरादान करने तथा गौठान से लगे तालाब में महिला स्व-सहायता समूह को मछलीपालन करने के निर्देश दिये। उन्होंने श्रीगुहान में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास की प्रगति को स्वयं घूम-घुमकर जायजा लेकर हितग्राहियों से चर्चा करते हुए निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण करने की समझाईश दी। मां बम्लेश्वरी स्व सहायता समूह द्वारा चलाये जा रहे मिनी राईस मिल तथा आटा चक्की का भी अवलोकन कर स्व-सहायता समूह के महिलाओं से जानकारी लिया, समूह द्वारा बताया गया कि महीने में लगभग 8 से 10 हजार की आमदनी हो रही है।

श्रीगुहान के पश्चात उन्होंने उमरादाह में क्लस्टर संगठन के समूह को आजिविका गतिविधियों से जोड़ने के सम्बंध में चर्चा किया। किशनपुरी पंचायत में श्रीराम स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा 550 किलो ग्राम सीताफल का पल्प एकत्रित कर रखा है, उनका अवलोकन किया। स्व-सहायता समूह द्वारा सीईओ डॉ. कन्नौजे को 150 से 170 रूपये प्रति किलो बेचने की जानकारी दी। उन्होंने किशनपुरी में हितग्राही श्री बद्रीनारायाण के बाड़ी में जाकर निर्माणाधीन डबरी का भी अवलोकन कर उनके द्वारा डबरी में मछली पालन एवं सब्जी उत्पादन कार्य को बढ़ावा देने का उन्हें प्रोत्साहित किया।

11 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म

बीजापुर। सोमवार को नैमेड हाट बाज़ार से सायकल में बैठकर गदमली निवासी,मंगू कलमू के पुत्र बबलू कलमू के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया। मृत बच्ची निवासी ग्राम तुमनार की है उसके पिता स्वर्गीय सुधरू तेलम के मृत्यु के बाद इस बच्ची के मां ने दोबारा विवाह की इस कारण इस बच्ची को कोई सहारा नहीं मिल पाया जिसके करण गदमली में उसके नानी घर मे रह करती थी, नानी के कहे अनुसार उस दिन बाज़ार नैमेड गयी हुई थी वही से मंगू कलमू के पुत्र बबलू कलमू ने गदमली घर लेकर जाने के नाम से उसे सायकल में बैठकर उसे कहीं और जगह ले जाकर उसके साथ बलात्कर किया। आपको बता दे सोमवार से लापता होने की खबर मिलते ही उसके परिजनों ने जगह जगह खोजने में लगे थे पंचावे दिन के बात शव मिला जिसे पोस्टमार्टम के लिए जिला हॉस्पिटल भेजा गया।

एनआरसी-सीएए को लेकर अल्पसंख्यक महासचिव ने कहा

गंगा जमुना की तहजीब वाले राज्य में एनआरसी-सीएए को लेकर ना हो गंदी राजनीतिः आवेश मेमन

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। एनआरसी व सीएए जैसे कानून को लेकर प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक विभाग आवेश मेमन ने केंद्र सरकार के इस फैसले का विरोध करते केंद्र सरकार के प्रधानमंत्री व गृहमंत्री पर कटाक्ष करते कहा की छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल जी ने केंद्र सरकार द्वारा घोषित एनआरसी व सीएए को छत्तीसगढ़ जैसे शांत प्रदेश में इस तरह की केंद्र सरकार द्वारा थोपी गई कानून को बिल्कुल ही लागू नही करने की बात कही गई है। उसके बावजूद केंद्र सरकार अपने मंत्रियों को छत्तीसगढ़ भेज कर शांत प्रदेश को उकसाने का काम कर रही है।शनिवार को केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते छत्तीसगढ़ के दौरे पर कॉंकेर पहुचकर एनआरसी व सीएए को लेकर विभिन्न सामाजिक संघठन से मुलाकात कर एनआरसी व सीएए के खिलाफ तिरँगा यात्रा निकालकर शांत प्रदेश में ज़हर घोलने का काम किया जा रहा है।जिसका अल्पसंख्यक विभाग पुरजोर विरोध करते तिरँगा यात्रा को लेकर भी विरोध प्रदर्शन किया जाने का संकेत दिया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल का छत्तीसगढ़ के करोड़ों जनता का मान सम्मान को ध्यान में रखते साफ एनआरसी व सीएए का विरोध करते छत्तीसगढ़ में कतई इस कानून को लागू नही करने का एलान कर चुके है।छत्तीसगढ़ राज्य हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई दलित आदिवासी समाज सभी एक दूसरे के लिए एकता अखंडता का प्रतीक माना जाता है ।गंग जमुना की तहजीब वाली छत्तीसगढ़ में केंद्र व भाजपा मिलकर एनआरसी व सीएए कानून को लेकर घटिया राजनीति करने से बाज़ नही आती दिखाई दे रही है।इस प्रकार शांत प्रदेश में माहौल खराब करने की नाकाम कोशिश के खिलाफ अल्पसंख्यक विभाग के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन किया जाएगा ।

बोर्ड ऑफ डायरेक्टर ने किया कम्प्यूटर ऑपरेटरों को भारमुक्त

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति नाथियानवागांव के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की आवश्यक बैठक लैम्पस कार्यालय नाथियानवागांव में आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष अविनाश ठाकुर ने की बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने शासन के आदेश के परिपालन में संस्था में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटरों को भारमुक्त कर लम्बे समय तक चल रहे विवाद का पक्षाक्षेप किया ।

पूर्व में शासन के आदेश के तहत छत्तीसगढ़ में कार्यरत सभी प्राथमिक सहकारी साख समितियों एवं लैम्पस के प्रबंधकों तथा कम्प्यूटर ऑपरेटरों को स्थानांतरण किया गया था, नाथियानवागांव के तीन कर्मचारियों का स्थानांतरण पखांजूर किया गया था जिन्हें भारमुक्त करने पर पखांजूर के लैम्पस अध्यक्ष द्वारा ज्वाईनिंग नहीं लिये जाने से पुनः तीनों कर्मचारी नाथियानवागांव लैम्पस में ज्वाईनिंग दिये थे । इसी परिप्रेक्ष्य में कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाये कांकेर द्वारा पुनः धान उपार्जन केन्द्रों में कार्यरत डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों को नवीन उपार्जन केन्द्रों में कार्य करने हेतु भारमुक्त किये जाने का पत्र संस्था के अध्यक्ष को दिया गया था बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के उपाध्यक्ष राजेश दुबे, संचालक एवं प्रदेश प्रतिनिधि विपणन संघ नितिन पोटाई, मत्स्य बोर्ड कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा, संचालक राजेश शर्मा, उमाशंकर जैन, द्वारिका साहू, रंभा बाई जैन की उपस्थिति में अध्यक्ष अविनाश ठाकुर ने सर्व सम्मति से तीनों कम्प्यूटर ऑपरेटरों को पखांजूर के लिए भारमुक्त कर दिया । इधर सहायक पंजीयक कांकेर द्वारा संस्था के प्रबंधक को भारमुक्त किये जाने संबंधी बोर्ड ऑफडायरेक्टर के सदस्यों को कारण बताओं सूचना एवं संचालक मण्डल को अतिष्ठिता करने तथा नियम अधिनियम उपविधि के तहत कार्यवाही करने संबंधी पत्र मिलने पर नाराज संचालक मण्डल के सदस्यों ने त्रीव प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पत्र में लिखे शब्दों पर घोर आपत्ति व्यक्त की है ।

22 हजार लोगों की हुई मलेरिया जांच

नारायणपुर। जिले में मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के तहत् मलेरिया, एनीमिया और कुपोषण से मुक्त करने बीते 15 जनवरी से जिले के दोनों विकासखण्ड नारायणपुर और ओरछा में अभियान शुरू हो गया है। मलेरिया सर्वेक्षण दल प्रत्येक घरों में दस्तक देकर मलेरिया की जांच कर रही है। इन दलों के द्वारा घरों के साथ-साथ स्कूलों, आश्रम-छात्रावासों और पैरा-मिलेट्री कैंपों में जाकर मलेरिया की जांच की जा रही है। जिले करीब डेढ़ लाख लोगों के खून की जांच करेगी और मलेरिया पाए जाने पर त्वरित ईलाज एवं निःशुल्क दवाईयां भी उपलब्ध कराएगी। ईलाज शुरू करने के बाद मरीजों का फालो-अप भी किया जाएगा। प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में अब तक 21735 लोगों के खून की जांच की गयी है। जिसमें नारायणपुर विकासखंड के 17465 लोगों एवं ओरछा विकासखंड के 4270 लोगों की खून की जांच की गयी है।

भानुप्रतापपुर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

■ विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज मण्डावी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। भानुप्रतापपुर में आगामी 07, 08 एवं 09 फरवरी को जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले के युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा के प्रदर्शन का अवसर प्राप्त होगा। छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री मनोज मण्डावी की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय कांकेर में बैठक आयोजित की गई। कांकेर के विधायक श्री शिशुपाल शोरी, बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य श्री बिरेश ठाकुर, कलेक्टर श्री के.एल. चैहान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में, जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के व्यवस्थित एवं वृहद आयोजन के संबंध में विचार विमर्श किया गया।

स्वयं सहायता समूह लिडरशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम नाबार्ड

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। ग्राम ठेल्काबोड़ में स्वयं सहायता समूह लिडरशिप ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें 10 समूह के महिलाओं ने भाग लिया । ट्रेनिंग में समूह के खातों का रखरखाव, पंजीयों का संधारण, लघु उद्योगों का चयन व रोजगार मूलक प्रशिक्षण समूह के द्वारा रखे जाने वाले कैश बुक, व्हील व्हाउचर के रख रखाव, लघु उद्योग हेतु कच्चे माल उत्पादन पश्चात विक्रय हेतु बाजार उपलब्ध कराना आदि जानकारी दी गयी। लघु उद्योग खोलने हेतु नाबार्ड द्वारा विभिन्न प्रकार के घरेलु उद्योग जैसे मछली पालन, जैविक खाद का निर्माण, फलदार पौधों का रोपण, दूध, डेयरी, मोमबत्ती निर्माण, सॉफ्ट टॉयज का निर्माण, आचार, पापड़ आदि घरेलु उद्योगों के माध्यम से आर्थिक स्वलंबी बन सकते है समूह अपनी आय बढ़ा सकते है तथा स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर बैंक लिकेंज करा कर लघु व्यवसाय हेतु बैंक से ऋष्ण प्राप्त कर सकते है । योजना का इम्पलीमेंटेशन पार्टनर एजेंसी बुलबुल प्रशिक्षण संस्था कांकेर द्वारा प्रशिक्षण प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर रीतु शर्मा, लक्ष्मी सहारे, प्रज्ञा साहू, भूपेन्द्र मिश्रा द्वारा किया गया । साथ ही डी.के. मल्लिक जिला प्रबंधक नाबार्ड द्वारा उपस्थित समूह की महिलाओं को विभिन्न घरेलु उद्योगों से समूह के माध्यम से आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते है जिससे महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक विकास हो सके तथा इस कार्य हेतु बैंकों से कैस वित्तीय मदद मिलेगी तथा घरेलु उद्योगों से महिलाएं आय उपार्जन कर सकती है इसकी जानकारी दी । बुलबुल वैद्य सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा प्रशिक्षण के पश्चात बैंक से ऋष्ण लेने बैंक खातों का संचालन, उत्पादित मालों का विक्रय कर आय बढ़ाने महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक विकास हेतु प्रशिक्षित महिलाओं को संस्था द्वारा हरसंभव मदद करने की बात कही ।

मैराथन दौड़ 25 को

नारायणपुर। जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के के तत्वावधान में जिला स्तरीय मैराथन दौड़ का आयोजन इस महीने की 25 तारीख को प्रातः 8.30 बजे किया जायेगा। मैराथन दौड़ जिला मुख्यालय स्थित बालक क्रीड़ा परिसर मैदान से शुरू होगी। जिसमें से 40 पुरूष एवं 40 महिला धावकों का चयन राज्य स्तरीय मैराथन दौड़ हेतु किया जायेगा। विभागीय अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक धावक अपना पंजीयन कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग बालक क्रीड़ा परिसर में उपस्थित होकर पंजीयन करवा सकते हैं।

रंगोली प्रतियोगिता 1 फरवरी को

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा विज्ञान एवं गणित की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी कड़ी में भारत के महान गणितज्ञ श्री श्रीनिवास रामानुजन एवं भौतिक शास्त्री सर चंद्रशेखर वेंकट रमन की जीवनी पर आधारित गणित एवं विज्ञान विषय पर पहेली, भाषण, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तर पर 1 फरवरी 2020 को रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ नारायणपुर में आयोजित होगी।

विस्तार

30 करोड़ की लागत से 37 किलोमीटर सड़क का होगा निर्माण, सतरेंगा पर्यटन स्थल का भ्रमण होगा आसान

कोरबा के पर्यटन विकास में अहम साबित होगी टू लेन रोड

■ पीएमजीएसवाई के तहत केंद्र सरकार ने स्वीकृत की राशि

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। जिले भर की सड़कों की खस्ताहाल स्थिति के बीच अब एक नई दशा सतरेंगा सड़क मार्ग को मिलने वाली है। इसके लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत बाल्को से गढ़उपरोड़ा तक जिले का पहला टू लेन मार्ग का निर्माण किया जाएगा। 37 किलोमीटर लंबे और 5.5 मीटर चौड़े सड़क के लिए केंद्र सरकार ने 29.80 करोड़ की स्वीकृति पर मुहर लगा दी है। सड़क निर्माण कार्य मार्च महीने से शुरू हो जाएगा। बता दें कि हाल ही में प्रदेश के मुख्य सचिव आरपी मंडल बांगो डैम और निकटवर्ती वन क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं का जायजा लेने आए थे। केंद्र सरकार की ओर से सड़क निर्माण की स्वीकृति ऐसे समय में मिली है जब राज्य सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने की तैयारी कर रही है। सरकारी पहल से न केवल पर्यटन को विस्तार मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को स्वरोजगार से जुड़ने का अवसर मिलेगा। आने वाले समय में लेमरू में हाथी अभयारण्य को विस्तार दिया जाना है।

कोरबा के लिए इसलिए भी अच्छी खबर

आमतौर पर प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़कों की चौड़ाई 3.75 मीटर होती है। लेकिन कोरबा ब्लॉक के वनांचल रहवासियों के लिए अच्छी खबर है कि बाल्को रूमगरा से गढ़उपरोड़ा तक 37 किलोमीटर सड़क को टू लेन मार्ग के तौर पर विकसित किया जाएगा। जिले की एकमात्र ऐसी सड़क है जो 100 से अधिक छोटे-बड़े गांवों को शहर से जोड़ती है। पूर्व निर्मित पीएमजीएसवाई सड़क में यात्री बसों का संचालन होता है।

इन जगहों के लिए आवागमन होगा सुगम

अब जबकि शासन ने सड़क निर्माण का निर्णय ले लिया है, ऐसे में गढ़उपरोड़ा ही नहीं बल्कि अजगरबहार से होते हुए कछार, पांथा, बांगो मार्ग में आवागमन सुगम होगा है। इसी तरह सतरेंगा, देवपहरी मार्ग में आवागमन सुलभ होगा। वर्तमान सड़क की दशा पर गौर किया जाए तो यह जर्जर हो चुकी है। सड़क किनारे कई स्थानों में जल प्रवाह के लिए नाला का निर्माण नहीं किए जाने से डामर उखड़ चुका है। टू लेन सड़क निर्माण से न केवल आवागमन में सहूलियत होगी, बल्कि वनपरिक्षेत्र भी संरक्षित होगा।

बाजार भी होंगे गुलजार

आवागमन के संसाधनों में वृद्धि होने से लोगों को सुविधा होगी। बारिश के दौरान क्षेत्र में लगने वाले हाट बाजार बंद हो जाते हैं। नए सड़क के अस्तित्व में आने साप्ताहिक बाजारों का संचालन जारी रहेगा। लंबे समय बाद पीएमजीएसवाई से सड़क सुदृढ़ीकरण की स्वीकृति मिली है। स्वीकृति मिलने से विभागीय स्तर पर निविदा की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

हाथी प्रभावित क्षेत्र की दशा पर भी देना होगा ध्यान

एक ओर शहरी क्षेत्र से जुड़े पीएमजीएसवाई सड़कों से भारी वाहनों का आवागमन जारी है, वहीं दूसरी ओर हाथी प्रभावित मार्गों पर सुधार नहीं होने से ग्रामीण समस्याग्रस्त है। करतला और कोरबा विकासखंड के 44 ग्राम पंचायत हाथी प्रभावित क्षेत्र में आते हैं। इनमे 38 ऐसी पीएमजीएसवाई सड़के हैं, जो शहर से जुड़ती है। सड़क का वर्षो से रिन्यूअल नहीं होने के कारण वाहन चालकों की मौत हाथियों के कारण हो चुकी है।

मार्च से शुरू होने की संभावना

पीएमजीसएवाई के तहत बाल्को से गढ़उपरोड़ा मार्ग निर्माण की स्वीकृति मिली है। निर्माण के लिए निविदा की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। मार्च माह से कार्य शुरू होने की संभावना है।

-केआर साहू
ईई, पीएमजीएसवाई

कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत प्रारंभिक कक्षाओं के लिए कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम अंतर्गत विज्ञान एवं गणित में बेहतर कार्य कर रहे शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विकासखंड स्तर पर शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । आयोजन में विकासखंड के समस्त प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया। सभी शिक्षकों ने अध्यापन में आवश्यक विभिन्न गतिविधियों को बेकार की वस्तुओं से निर्मित टीएलएम का निर्माण कर प्रस्तुत किया गया। पू.मा.शाला चेरपल्ली से योगेश वासम के द्वारा प्रस्तुत विज्ञान का मॉडल एवं ओड़दल लक्ष्मीनारायण द्वारा प्रस्तुत विज्ञान का मॉडल आकर्षण के केन्द्र रहे। बीआरसी मिर्जा खान हाई स्कूल भोपालपटनम के व्याख्याता एट्टी राजन्ना एवं श्रीनिवास एटला सीएसी चन्दूर के द्वारा मॉडलों का अवलोकन कर चयन किया गया।

न्यूज गैलरी

लाहिड़ी संयुक्त 84वें स्थान पर खिसके

ला क्विंटा। भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी यहां द अमेरिकन एक्सप्रेस गोल्फ चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में दो डबल बोगी कर बैठे जिससे उन्होंने दो अंडर 70 का कार्ड खेला। लाहिड़ी कल तक संयुक्त 74वें स्थान पर थे लेकिन स्टेडियम कोर्स पर डबल बोगी से संयुक्त 84वें स्थान पर खिसक गये। वह अभी चार अंडर पर हैं और यहां कट तीसरे दौर के बाद होगा। इस भारतीय ने महज 20 फीट से पांचवें होल में पार-5 पर बर्डी की। उन्होंने सातवें, 12वें, 13वें, 16वें और 17वें होल में बर्डी की जबकि वह छठे और 18वें होल में डबल बोगी कर बैठे।

महाराष्ट्र का खेलो इंडिया युवा खेलों में दबदबा कायम

गुवाहाटी। असम की शिवांगी शर्मा और कर्नाटक की खुशी दिनेश ने खेलो इंडिया युवा खेलों के आठवें दिन तैराकी स्पर्धा में दो-दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। हालांकि महाराष्ट्र ने शीर्ष पर कब्जा बरकरार रखा है। तेरह साल के भारोत्तोलक गोलोम टिंकू ने अरुणाचल प्रदेश को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। वहीं महाराष्ट्र ने हरियाणा पर पांच स्वर्ण की बढ़त बनाए रखी है। महाराष्ट्र के अब 41 स्वर्ण, 43 रजत से कुल 149 पदक हो गये हैं। निशानेबाजी और कुश्ती से काफी स्वर्ण पदक मिले। हरियाणा ने इसका फायदा उठाकर अपने स्वर्ण पदकों की संख्या 36 कर ली और उसके कुल पदक 111 हैं। हरियाणा के पिस्टल निशानेबाज विभूति भूटिया और एशियाई युवा रजत पदक विजेता शिखा नरवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में पहला स्थान हासिल किया।

सानिया की कोर्ट पर शानदार वापसी, बनीं चैंपियन

होबार्ट, (वार्ता)। अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने मां बनने के बाद टेनिस कोर्ट पर शानदार वापसी करते हुये शनिवार को होबार्ट इंटरनेशनल महिला युगल का खिताब अपने नाम कर लिया।

सानिया ने अपनी जोड़ीदार यूक्रेन की नादिया किचेनोक के साथ महिला युगल फाइनल मुकाबले में दूसरी वरीय शुआई पेंग तथा शुआई झांग की जोड़ी को एक घंटे 21 मिनट में 6-4, 6-4 से लगातार सेटों में हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

भारतीय टेनिस खिलाड़ी ने लगभग दो वर्ष के ब्रेक के बाद कोर्ट पर वापसी की है और अपने करियर के दूसरे चरण की शानदार शुरूआत करते हुये उन्होंने होबार्ट में खिताब जीत लिया। अपने बेटे इजहान के जन्म के बाद यह सानिया का पहला खिताब भी है।

33 वर्षीय सानिया का यह 42वां डब्ल्यूटीए युगल खिताब भी है। उन्होंने आखिरी बार 2017 में ब्रिसबेन इंटरनेशनल में अमेरिकी जोड़ीदार बेथानी माटेक सैंड्स के साथ खिताब जीता था।

वह वर्ष 2018 और 2019 के डब्ल्यूटीए सत्र में खेलने नहीं उतरीं थीं।

सानिया-नादिया ने फाइनल में बढ़िया शुरूआत करते हुये चीनी जोड़ी की पहले ही गेम में सर्विस ब्रेक कर दी, लेकिन अगले गेम में दूसरा सर्व गंवाया। दोनों टीमों ने फिर 4-4 की बराबरी के बाद 40 ऑल तक एक बराबरी संघर्ष किया। भारतीय-यूक्रेनियनाई जोड़ी को फिर जल्द ब्रेक मिला और 10वें गेम में आराम से उन्होंने सेट जीत लिया। दूसरे सेट में सानिया-नादिया ने चीनी जोड़ी की सर्विस ब्रेक कर दी और शुरूआती बढ़त कायम की। वहीं चीनी जोड़ी ने कई भूलें कीं और विपक्षी जोड़ी की सर्विस ब्रेक की। आठवें गेम में विपक्षियों ने फिर भारतीय-यूक्रेनियाई टीम की सर्विस ब्रेक की लेकिन सानिया-नादिया नौवें गेम में पेंग-झांग की सर्विस ब्रेक की और अगले गेम में सर्विस का मौका हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया।

बार्टी ने घरेलू सरजमीं पर पहला खिताब जीता

एडिलेड ए.। ऑस्ट्रेलिया की एशले बार्टी ने एटीपी-डब्ल्यूटीए एडिलेड इंटरनैशनल के फाइनल में 19 साल की डायना यास्त्रेमस्का को से हराकर शनिवार को करियर में पहली बार घरेलू सरजमीं पर खिताब अपने नाम किया। वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-1 पायदान पर काबिज बार्टी ने यूक्रेन की 24वीं रैंकिंग वाली खिलाड़ी को 87 मिनट तक चले मुकाबले को 6-2, 7-5 से जीता। बार्टी ने इसके साथ ही सोमवार से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन के खिताब के लिए अपनी दावेदारी मजबूत की। 23 साल की बार्टी ने जीत के बाद कहा, 'मुझे ऑस्ट्रेलिया में खेलना पसंद है। अगले सप्ताह मेलबर्न में खेलने के लिए काफी उत्साहित हूं।' उनसे पहले घरेलू सरजमीं पर ऑस्ट्रेलिया की जैमी वॉल्फे ने 2011 में होबार्ट में खिताब जीता था।

ऑकलैंड क्लासिक टेनिस: हम्बर्ट ने जीता पहला एटीपी खिताब

ऑकलैंड ए.। फ्रांस के उभरते हुए खिलाड़ी उगो हम्बर्ट ने ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नमेंट में तीन सेट तक चले रोमांचक फाइनल में हमवतन बेनो पेयरे को हराकर पहला एटीपी खिताब अपने नाम किया। फाइनल फ्रांसिसी खिलाड़ियों के बीच था। गैर वरीयता प्राप्त हम्बर्ट ने फाइनल में पांचवें वरीय और विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज पेयरे को 7-6, 3-6, 7-6 से शिकस्त दी। खिताबी मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। हम्बर्ट ने पहला सेट 7-6 से जीता, लेकिन वह दूसरा सेट 3-6 से हार गए। इसके बाद तीसरे और निर्णायक सेट में दोनों खिलाड़ियों ने 1-1 अंक के लिए मशक्कत की लेकिन अंत में हम्बर्ट ने 7-6 से इसे जीत ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रा में प्रजनेश

दूसरे दौर में जोकोविच से हो सकता है मुकाबला

मेलबर्न ए.। भारतीय टेनिस खिलाड़ी प्रजनेश गुणेश्वरन ने 'लकी लूजर' के तौर पर आस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष एकल के मुख्य ड्रा में जगह बनायी और अगर वह पहली बाधा पार करने में सफल रहते हैं तो दूसरे दौर में उनका मुकाबला विश्व के नंबर दो नोवाक जोकोविच से हो सकता है। प्रजनेश क्वालीफाईंग दौर के अपने अंतिम मैच में लाटविया के अर्नेस्ट गुलबिस से सीधे सेटों में हार गये थे लेकिन भाग्य के सहारे वह मुख्य ड्रा में जगह बनाने में सफल रहे क्योंकि सीधा प्रवेश पाने वाले एक खिलाड़ी ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। बायें हाथ से खेलने वाले प्रजनेश लगातार पांचवीं बार किसी ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रा में खेलेंगे। चेन्नई के इस खिलाड़ी ने पिछले साल क्वालीफायर के जरिये आस्ट्रेलियाई ओपन में जगह बनायी थी लेकिन विंबलडन, फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन में बेहतर रैकिंग के आधार पर उन्होंने मुख्य ड्रा में स्थान पाया था।

धुएं का कहर, फेडरर ने संवादहीनता पर आयोजकों को कोसा

मेलबर्न ए.। दिग्गज रोजर फेडरर ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में वायु गुणवत्ता को लेकर बेहतर संवाद की मांग की क्योंकि जंगलों में लगी आग के कारण फैले धुंए से इस टूर्नमेंट की तैयारियों पर असर पड़ा और आयोजकों को प्रदूषण को लेकर नए दिशानिर्देश जारी करने पड़े। बीस बार के ग्रैंडस्लैम विजेता फेडरर ने कहा कि संवादहीनता के कारण खिलाड़ियों के लिए स्थिति और बुरी बन गई है जिन्हें शनिवार और बुधवार को मजबूर होकर कोर्ट पर उतरना पड़ा। इन दिनों मेलबर्न की वायु गुणवत्ता दुनिया में सबसे खराब में से एक आंकी गई थी। स्लोवेनिया की डालिला जाकुपोविच को लगातार खांसी के कारण मैच से हटना पड़ा जबकि ब्रिटेन के लियाम ब्राडी ने दावा किया कि कई खिलाड़ियों को अस्थमा का उपचार करवाना पड़ा।

बेंगलुरू में खिताबी जंग आज

भारत-आस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का तीसरा मुकाबला आज दोपहर 1:30 बजे से

बेंगलुरू, (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट टीम ने राजकोट में सीरीज़ बराबरी के बाद वापिस अपना आत्मविश्वास हासिल कर लिया है, लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी असली परीक्षा बेंगलुरू में रविवार को फाइनल वनडे में होगी जहां दोनों दिग्गज टीमें खिताब हासिल करने उतरेंगी।

भारत ने मुंबई में पहला वनडे 10 विकेट से गंवाने के बाद राजकोट में दूसरा मैच 36 रन से जीता था और अब तीन मैचों की सीरीज़ 1-1 से बराबरी पर आने के बाद निगाहें बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में रविवार को होने वाले आखिरी वनडे पर लगी हैं जहां दांव पर खिताब है।

विराट कोहली की अगुवाई वाली टीम इंडिया अपनी ज़मीन पर खतरनाक मानी जाती है लेकिन जिस तरह से पहले मैच में उसे आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ों और गेंदबाज़ों ने चौतरफा विभाग में पीटकर मैच 10 विकेट से जीता था, उसके बाद उसकी कमजोरियां भी सामने आ गयीं। हालांकि राजकोट में टीम ने गलतियां सुधारीं और उसे इसका फायदा भी मिला। टीम के बल्लेबाज़ी संयोजन में ओपनिंग और मध्यक्रम की परेशानी भी सुलझती नज़र आ रही है। नियमित ओपनर लोकेश राहुल की पांचवें नंबर पर 80 रन की पारी के बाद माना जा रहा है कि टीम को मध्यक्रम में एक मजबूत खिलाड़ी मिल गया है जो उसकी सबसे बड़ी समस्या थी। वहीं कप्तान विराट कोहली अपने तीसरे नंबर पर लौट आये जहां वह सबसे सफल खिलाड़ी हैं। रोहित (42 रन), शिखर धवन (96 रन) और विराट (78 रन) ने बढ़िया बल्लेबाज़ी की और ओपनिंग क्रम में ये तीनों टीम के स्थायी और सबसे सफल रन स्कोरर भी हैं। पंत की जगह टीम में मनीष पांडे को रखा गया था जो दो रन बनाकर निराश कर गये।

गेंदबाज़ी में भी खिलाड़ियों ने पहले से बेहतर खेल दिखाया और शमी तीन विकेट लेकर सबसे सफल रहे। शमी ने मैच में 7.70 के महंगे इकोनोमी रेट से गेंदबाजी की थी जबकि तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह ने 9.1 ओवर में 32 रन पर एक विकेट लिया और उनका इकोनोमी रेट सबसे किफायती भी रहा। कप्तान विराट बेंगलुरू में अपने गेंदबाज़ी विभाग में बहुत बदलाव संभवतः न करें, लेकिन टीम चिन्नास्वामी में तीन तेज़ गेंदबाज़ और दो स्पिनरों को उतारने पर विचार कर सकती है। चाइनामैन गेंदबाज़ कुलदीप यादव ने भी दूसरा सबसे महंगा प्रदर्शन किया लेकिन साथ ही स्मिथ और एलेक्स कारी के विकेट लिये। टीम में अन्य विशेषज्ञ स्पिनर के तौर पर युजवेंद्र चहल को मौका मिल सकता है।

आईएसएल: मुंबई ने बेंगलुरू को 2-0 से हराया

मुंबई, (वार्ता)। लगातार दो हार के बाद मुंबई सिटी एफसी ने जीत की पटरी पर लौटते हुये इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन के अपने 13वें दौर के मुकाबले में मौजूदा चैम्पियन बेंगलुरू एफसी को 2-0 से हरा दिया है। मोदू सोगू (13वें मिनट) और एमीन चेरमीती (55वें मिनट) द्वारा किए गए गोलों की मदद से मिली इस जीत से मुम्बई को तीन अंक मिले लेकिन इसके बावजूद वह 19 अंकों के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर ही बना हुआ है। हालांकि उसने अपने तथा चौथे स्थान पर काबिज ओडिशा एफसी (21) के बीच अंकों के फासले को कम किया है।

मुम्बई को लगातार दो मैचों में हार के बाद जीत मिली है जबकि बेंगलुरू की टीम जीत की हैट्रिक के साथ टॉपर पर पहुंचने से चूक गई। बेंगलुरू एफसी 22 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि एफसी गोवा 24 अंकों के साथ शीर्ष पर विराजमान है।

बेहतर खेल के लिये देखे स्मिथ, केन के वीडियो

राजकोट, (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ओपनर लोकेश राहुल ने मध्यक्रम में अपनी कमाल की 80 रन की पारी से भारत को आस्ट्रेलिया के खिलाफकरो या मरो के मुकाबले में जीत दिलाने के साथ टीम के बल्लेबाज़ी संयोजन की अहम समस्या हल कर दी है। टीम के नियमित ओपनर राहुल ने पांचवें नंबर पर बल्लेबाज़ी करते हुये 52 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 80 रन की अर्धशतकीय पारी खेली और मैन ऑफद मैच बने। भारत ने यह मैच 36 रन से जीतने के साथ सीरीज़ में 1-1 से बराबरी हासिल कर ली है।

राहुल ने मैच के बाद अपने मध्यक्रम में इस शानदार प्रदर्शन के लिये कई दिग्गज बल्लेबाज़ों को श्रेय देते हुये कहा, मैंने मध्यक्रम में बल्लेबाजी के लिये स्टीवन स्मिथ, केन विलियम्सन और ए बी डीविलियर्स के वीडियो देखे थे जिससे मुझे पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने मे काफी मदद मिली। उन्होंने कहा, मैंने तकनीकी रूप से मध्यक्रम पर खेलने के लिये कुछ अलग से तैयारी की है लेकिन मैंने कई मध्यक्रम के बल्लेबाज़ों से बात की और उनके कई सारे वीडियो देखे। मैंने विराट कोहली से भी बहुत बात की और डीविलियर्स, स्मिथ और केन के कई सारे वीडियो देखे कि वे कैसे अपनी पारी को संभालते हैं। 27 वर्षीय बल्लेबाज़ ने कहा, विलियम्सन ऐसे हैं जिनके वीडियो मैंने कई बार देखे कि वह कैसे अपनी पारी को संभालते हैं और कुछ खास परिस्थितियों में कैसे खेलते हैं।

अजब-गजब | **ईरानी रेफरी ने कहा सुरक्षा मिलने की गारंटी पर ही लौटूंगी**

हिजाब न पहनने पर हुआ विवाद

चेन्नै ए.। चीन की जीएम जू वेनजुन और रूस की एलेक्सजेंड्रा गोरिआचकिना ने बीच खेली जा रही वुमेन वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप पर सारी दुनिया के शतरंज प्रेमियों की नजर है। इसके पीछे न सिर्फ इस प्रतियोगिता का स्तर बल्कि ईरानी रेफरी शोहराह बयात, जो इस मुकाबले में मुख्य मध्यस्थ की भूमिका निभा रही हैं, भी एक अहम वजह बन गई हैं।

32 वर्षीय शोहराह पहली बार किसी सीनियर मुकाबले में अधिकारी की भूमिका में है। शंघाई में पहले चरण के मुकाबले के दौरान एक तस्वीर में शोहराह बिना हिजाब के नजर आ रही हैं। और यही विवाद की असली वजह है। ईरानी कानून के मुताबिक सभी

महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर अपने सिर को हिजाब से ढंकना अनिवार्य है।

तस्वीर में दिखाई दे रहा है कि बयात का स्कार्फ उनके कंधे पर ही था न कि सिर के ऊपर। बयात ने रूस के व्लादीवोस्तोक, जहां इस मुकाबले का दूसरा चरण आयोजित हो रहा है, से हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, 'ऐसा लग रहा है कि जैसे सिर को ढंका ही नहीं गया था, जबकि ऐसी कोई बात नहीं हैं। ईरान में मीडिया गलतबयानी कर रहा है कि मैंने महिलाओं के हिजाब पहनने के कानून के विरोध के रूप में ऐसा किया है। ईरानी चेस फाउंडेशन ने उन पर माफी मांगने का दबाव डाला है, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया। हैरानी की बात यह है कि इस पूरे प्रकरण के बाद बयात ने हिजाब पहनना छोड़ दिया है। उन्होंने कहा, 'मैंने कभी इसे अपनी मर्जी से नहीं पहना। मैं जो हूं वही रहना चाहती हूं और मैंने इसे नहीं पहनने का फैसला किया है। लोगों को वही पहनना चाहिए जो वे चाहते हैं।'

ईरान में महिलाओं का हिजाब न पहनना अपराध माना जाता है, इसमें गिरफ्तारी और पासपोर्ट को अवैध तक घोषित किया जा सकता है। बयान ने कहा कि अगर उन्हें सुरक्षा का आश्वासन नहीं मिलता है तो वह ईरान नहीं जाएंगी। उन्होंने कहा, 'ईरान में मेरा परिवार है और मैं वहां जरूर लौटना चाहूंगी। लेकिन अगर मुझे सुरक्षा का आश्वासन नहीं मिलता है तो मैं वापस नहीं जाऊंगी। बयात ने कहा कि उन्होंने अभी अपने अगले कदम के बारे में विचार नहीं किया है। एशिया की इकलौती महिला ग्रेड ए की अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थ बयात इस विवाद के चलते काफी तनाव में हैं। उन्होंने कहा, 'यह मैच मेरे करियर का सबसे बड़ा पल है। पिछले कुछ दिन काफी मुश्किलों वाले रहे हैं लेकिन मैं इस बारे में ज्यादा नहीं सोच रही।

विनेश फोगाट ने रोम रैंकिंग सीरीज में जीता स्वर्ण

नयी दिल्ली, (वार्ता)। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट (53 किग्रा) ने रोम रैंकिंग सीरीज कुश्ती चैंपियनशिप के फाइनल में इक्वाडोर की लुईसा एलिजाबेथ वालवरडे मेलेमड्रेस को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया है। इसी के साथ विनेश ने साल 2020 का पहला स्वर्ण पदक भी जीत लिया है। विनेश सेमीफाइनल में चीन की कियानयु पांग को 4-2 से हराकर फाइनल में पहुंची थीं। भारतीय पहलवान इस टूर्नामेंट में अब तक दो रजत जीत चुके हैं। सुनील कुमार और अंशु मलिक (57 किग्रा) ने यह पदक जीते हैं।

विनेश ने पहले दौर में यूक्रेन की क्रिस्टिना बेरेजा को एकतरफा मुकाबले में 10-0 और क्वार्टर फाइनल में चीन की लैनुआन लुओ को 15-5 से पराजित किया। बेरेजा के खिलाफ विनेश ने 'डबल लेग' आक्रमण से जीत हासिल की। वहीं लुओ पर जीत काफी मुश्किल रही।

लुओ मजबूत प्रतिद्वंद्वी थीं जो पहले पीरियड के बाद 5-2 से बढ़त बनाए थीं लेकिन विनेश ने कुछ चतुर प्रयासों से दूसरे पीरियड में अंक जुटाए। दो बार उन्होंने लुओ को पैर से गिराया।

■ न्यूज गैलरी

धमतरी जिले की भामेश्वरी राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार लेने दिल्ली रवाना

रायपुर। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले की रहने वाली बहादुर बालिका भामेश्वरी शनिवार को राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार लेने के लिए अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दिल्ली रवाना हुई। भामेश्वरी निर्मलकर धमतरी जिले के कानीड़बरी गांव की रहने वाली है। भामेश्वरी ने अपनी बहादुरी और सूझबूझ से गांव के 2 बच्चों को तालाब में डूबने से बचाया था। भामेश्वरी को भारतीय बाल कल्याण परिषद नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। पुरस्कार ग्रहण करने भामेश्वरी अपने पिता जगदीश निर्मलकर के साथ आज सुबह गोंडवाना एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली जाने के लिए रायपुर से रवाना हुई। रेलवे स्टेशन पर छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के कार्यकारिणी सदस्य एवं वीरता पुरस्कार के प्रभारी राजेन्द्र निगम एवं परिषद के संयुक्त सचिव प्रकाश अग्रवाल में पुष्प माला पहना कर स्वागत किया।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण

प्रदेश में 9.39 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित

रायपुर। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्थायी प्रतीक्षा सूची में कुल पात्र परिवार 18 लाख 74 हजार 334 है। इनमें से 9 लाख 39 हजार 335 परिवारों को लाभान्वित किया जा चुका है। मुख्य सचिव श्री आर.पी. मण्डल ने योजना के तहत गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक में विभागीय अधिकारियों को प्रदेश के सभी पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण ने बताया कि वर्ष 2022 तक सभी पात्र परिवारों को आवास प्रदाय किया जाना है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2020-21 में 4 लाख 67 हजार और वित्तीय वर्ष 2021-22 में 4 लाख 67 हजार आवास प्रस्तावित है। इन आवासों के लिए 11 हजार 657 करोड़ रूपए की आवश्यकता होगी। इस राशि में लगभग 7 हजार करोड़ केन्द्र का और 4 हजार 600 करोड़ राज्य का अंश है।

राज्योत्सव में ग्रामोद्योग उत्पादो को उपभोक्ताओं का अच्छा प्रतिसाद

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस पर दिनांक 01 से 05 नवम्बर 2019 की अवधि में शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्योत्सव समारोह का आयोजन साईस कॉलेज मैदान रायपुर में किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों मे ग्रामोद्योग क्षेत्र में कार्यरत बुनकर कारीगरों, हस्तशिल्पियों, माटी शिल्पियों, खादी बुनकरों तथा विभिन्न कुटीर उद्योग में संलग्न हितग्राहियों को प्रोत्साहन प्रदान करने तथा उनके उत्पादों की उपभोक्ताओं में लोकप्रिय बनाकर तथा उन्हें विपणन सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से राज्योत्सव स्थल पर शिल्पग्राम का निर्माण किया गया था। शिल्पग्राम में हाथकरघा क्षेत्र में कार्यरत 38 बुनकर सहकारी समितियां विभिन्न शिल्पों के लगभग 42 हस्तशिल्पियों, 23 माटीशिल्पकारों तथा खादी ग्रामोद्योग के 08 इकाईयों द्वारा अपने उत्पादो का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया।

तालाबों, शालाओं के साथ उद्यानों का होगा कायाकल्प

महापौर एजाज ढेबर ने की स्मार्ट सिटी मिशन की कार्यों की समीक्षा

जन सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता से पूरा करने के दिए निर्देश

महादेव घाट और जयस्तंभ चौक को आकर्षक स्वरूप देने के निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। महापौर एजाज ढेबर ने रायपुर में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि लोक कल्याण की कार्य योजनाओं पर फोकस करते हुए सभी योजनाओं का निर्धारण करें। उन्होंने तालाबों के सौंदर्यीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शहर में रिक्त भू-खण्ड की पहचान कर उसमें जन उपयोगी कार्य योजनाओं के लिए प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा है। उन्होंने यह भी कहा है कि शहर को 24 घंटे शुद्ध पेयजल मिले और पर्यावरण संरक्षण हेतु सघन वृक्षारोपण किए जाने की दिशा में ठोस कदम उठाएं जाएं। उन्होंने उद्यानों में लगे झूले के नियमित रखरखाव की जिम्मेदारी तय करने सहित हर जगह प्रसाधन की समुचित व्यवस्था करने के लिए कहा है। बैठक में महाप्रबंधक तकनीकी एस.के. सुंदरानी के साथ सभी प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी और कार्य एजेंसी के सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में श्री ढेबर ने शहर के ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण स्थल जयस्तंभ चौक के सौंदर्यीकरण के के लिए प्लान तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए कहा है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण चौराहे में किसी भी तरह के बैनर, पोस्टर ना लगे यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होंने स्मार्ट रोड के तहत मार्गों के चिन्हांकन, भूमिगत केबल वायरिंग जैसे कार्यों के अलावा खूबसूरत रौशनी से विभिन्न मार्गों के सौंदर्यीकरण के लिए भी अधिकारियों से कहा है।

बैठक में उन्होंने नगर के ऐतिहासिक व पौराणिक स्थल के रूप में चिन्हित महादेव घाट को आकर्षक स्वरूप देकर विकसित करने का निर्देश दिया है, जिससे कि लोग एक सुविधाजनक व आकर्षक स्थल के रूप में इस पौराणिक महत्व के स्थल पर परिवार के साथ समय व्यतीत कर सके। उन्होंने शहर के स्कूलों का कायाकल्प कर उस स्थल का समुचित उपयोग हो सके उसके लिए कोचिंग, जिम सेंटर्स जैसी संस्थाओं को जोड़ने का सुझाव दिया है।

बैठक में जीएम (तकनीकी) श्री सुंदरानी ने रायपुर स्मार्ट सिटी मिशन के तहत पूर्ण किए गए सभी प्रोजेक्ट की जानकारी दी एवं वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्यों व प्रस्तावित कार्यों से महापौर श्री ढेबर को अवगत कराया। श्री ढेबर अब इन सभी प्रोजेक्ट का भ्रमण कर दिशा निर्देश भी अधिकारियों को देंगे। श्री ढेबर ने अधिकारियों से कहा है कि नगर विकास से संबंधित प्रोजेक्ट में इस बात का ध्यान रखा जाए कि उसका पूरा लाभ आम नागरिकों विशेषकर गरीब तबके को अवश्य मिले। उन्होंने सौंदर्यीकरण के साथ ही जन सुविधाओं की उपलब्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

सड़क निर्माण में लगे 6 वाहनों पर नक्सलियों ने किया आगजनी

नवप्रदेश संवाददाता

सुकमा। जिले के तोंगपाल थाने से 15 किलोमीटर दूर सड़क निर्माण में लगी 06 वाहनों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तोंगपाल से चिड़पाल के मध्य सड़क निर्माण का कार्य चल रहा था। आज दोपहर में मौके पर नक्सली आ धमके और सड़क निर्माण में लगे 06 वाहनों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है।

ज्ञात हो कि विगत कुछ दिनों से नक्सली वारदातों में अचानक बढ़ोतरी देखी जा रही है नक्सलियों के द्वारा लगातार आगजनी और हत्या जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम देते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। बस्तर के सबसे बड़े नक्सलियों नेता माने जाने वाले रमन्ना की मौत के बाद नक्सली संगठन कमजोर पढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा था, जिसे लेकर नक्सली संगठन यह दर्शाना चाहते हैं, कि रमन्ना के मौत के बाद भी नक्सली संगठन की मजबूती में कोई कमी नहीं आई है।

सुकमा एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि तोंगपाल थाने से 15 किलोमीटर दूर नक्सलियों ने आगजनी की वारदात को आंजाम दिया है। उन्होने बताया कि ठेकेदार को बगैर सुरक्षा के कार्य करने के लिए मना किया गया था, मनाही के बावजूद ठेकेदार अपनी जिम्मेदारी पर सड़क निर्माण का काम करा रहा था। आगजनी की वारदात के बाद सुरक्षाबल मौके के लिए रवाना हो चुके हैं।

पल्स पोलियो अभियान : करीब 36 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

19 जनवरी को निर्धारित बूथों में एवं 20-21 जनवरी को मोबाइल टीमों द्वारा पिलाई जाएगी पोलियो ड्रॉप

अभियान के लिए बनाए गए हैं 14396 बूथ, 28792 टीमें गठित

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो कार्यक्रम के तहत 19 जनवरी को शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए प्रदेश भर में 14 हजार 396 बूथ बनाए गए हैं। 19 जनवरी को पोलियो ड्रॉप पीने से छूट गए बच्चों को पल्स पोलियो अभियान के लिए गठित मोबाइल टीमें 20 और 21 जनवरी को घर-घर जाकर दवा पिलाएंगी। तीन दिवसीय इस व्यापक अभियान के लिए 28 हजार 792 टीमें गठित की गई हैं। अभियान के दौरान प्रदेश के करीब 36 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य है।

पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों, सिविल सर्जन तथा सह अधीक्षक जिला अस्पताल और जिला टीकाकरण अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उच्च जोखिम वाले, कठिन व पहुंचविहीन, नियमित टीकाकरण व पिछले अभियानों में कम उपलब्धि वाले तथा सर्वाधिक पलायन वाले श्रमिक क्षेत्रों के लिए विशेष सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार कर लक्षित सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

19 से 21 जनवरी तक तीन दिवसीय सघन पल्स पोलियो अभियान के दौरान मेलों, सामूहिक उत्सवों और प्रमुख रेलवे स्टेशनों में भी बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने की व्यवस्था रहेगी। नवजात तथा पांच वर्ष तक की आयु का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से छूट न जाए, इसके लिए टीकाकरण दलों द्वारा घर-घर भ्रमण किया जाएगा।

‘अरपा पैरी के धार, महानदी हे अपार’ से उकेरित वस्त्रों का कलेक्शन शुरू

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के राज्य गीत ‘अरपा पैरी के धार, महानदी हे अपार‘ से उकेरित वस्त्रों का कलेक्शन आज से शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की धर्मपत्नी श्रीमती मुक्तेश्वरी बघेल ने विभिन्न प्रकार के वस्त्रों में बुनाई के माध्यम से राज्य गीत पर आधारित वस्त्रों के कलेक्शन का शुभारंभ कर दिया है।

छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ द्वारा राज्य के बुनकरों से विभिन्न प्रकार की बुनाई के माध्यम से कोसा, सूती वस्त्रों का उत्पादन कराया जाता है। इसमें कोसा शिल्क साड़ी, रेडिमेंड जैकेट, ब्लाऊज, कुर्ती आदि की नवीन श्रृंखला जो कि राज्य गीत पर आधारित है, शुरू की गई है।

दे दो हमारा हक...

रायपुर(नवप्रदेश)। बूढ़ातालाब धरना स्थल में मध्यान भोजन रसोईया संघ द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन।

इस वर्ष राजपथ पर छत्तीसगढ़ की झांकी करेगी नेतृत्व

गणतंत्र दिवस पर झांकी के साथ सांस्कृतिक दल करेंगे ककसार नृत्य का प्रदर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर विभिन्न राज्यों व विभागों की ओर से निकलने वाली झांकियों में इस बार छत्तीसगढ़ की झांकी नेतृत्व करेगी। शनिवार को राष्ट्रीय रंगशाला कैम्प में जनसंपर्क विभाग के आयुक्त श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने झांकी निर्माण का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सांस्कृतिक दलों से भी मुलाकात की और उनका उत्साह वर्धन किया छत्तीसगढ़ के दूरस्थ आदिवासी अंचल नारायणपुर से आए आदिवासी कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है ।

गौरतलब है कि नई दिल्ली के राजपथ पर इस बार छत्तीसगढ़ की झांकी भी निकलेगी, राजपथ पर निकलने वाली विभिन्न राज्यों की झाँकियों के क्रम में में छत्तीसगढ़ राज्य की झाँकी का क्रम सबसे पहले होगा। छत्तीसगढ़ की झाँकी जिसमें प्रदेश की कला और आभूषण का प्रदर्शन किया जाएगा। झांकी का निर्माण राष्ट्रीय रंगशाला कैम्प नई दिल्ली में किया जा रहा, जिसके निरीक्षण के लिए आज छत्तीसगढ़ से जनसंपर्क विभाग के आयुक्त श्री तारन प्रकाश सिन्हा भी पहुँचे। झांकी के अवलोकन के साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ से झांकी में शामिल होने पहुँचे सांस्कृतिक दल के कलाकारों से मुलाकात कर उनका उत्साह वर्धन किया। राजपथ पर झांकी के साथ छत्तीसगढ़ के नृतक दल ककसार नृत्य का प्रदर्शन करेंगे।